सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 26.4
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-165 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025
13 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करके खुश हूं

■ पीएम मोदी ने एक्स पर किया पोस्ट

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने खुद पुतिन को पालम हवाई अड्डे पर रिसीव किया। इस दौरान पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति चार साल के अंतराल के बाद भारत पहुंचेंगे। वे आखिरी बार भारत 2021 में भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने आए थे। हालांकि पुतिन का इस बार का भारत दौरा पिछली यात्रा के मुकाबलेअहम माना जा रहा है।

भारत और रूस के बीच हर साल शिखर वार्ता होती है। अब तक दोनों देशों के बीच 22 वार्ताएं हो चुकी हैं। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी मॉस्को गए थे, जबकि पुतिन आखिरी बार 2021 में भारत आए थे। दिसंबर 2021 में हुआ पुतिन का दौरा मात्र कुछ ही घंटों का था। लेकिन इस बार पुतिन भारत के दो दिन रहने वाले हैं।




चार और पांच दिसंबर को पुतिन के कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल जारी किया गया है।

राष्ट्रपति पुतिन नई दिल्ली पहुंचने के बाद वह पीएम मोदी के साथ मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसके बाद पीएम मोदी के न्योते पर पुतिन निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद वे हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में शामिल होंगे। बता दें कि प्रतिनिधिमंडलों की बैठक में कुछ प्रमुख उद्योगपति शामिल हो सकते हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन भारत-रूस बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के न्योते पर पुतिन राष्ट्रपति भवन में भोज में शामिल होंगे। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को के लिए रवाना होंगे।

अमेरिका दवाब के चलते भले ही भारत और रूस के बीच के ऊर्जा संबंध कमजोर पड़ रहे हों, लेकिन रक्षा क्षेत्र में भारत अब भी रूस पर काफी निर्भर है। रूस ने भारत को अपना उन्नत लड़ाकू विमान एसयू-57 भी भारत को ऑफर किया है, जो इस यात्रा की बातचीत में शामिल होने की उम्मीद है। भारत एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की अतिरिक्त इकाइयां खरीदने पर भी विचार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए अमेरिका-रूस की हालिया बातचीत ने भारत के लिए रूस के साथ खुलकर वार्ता करना आसान बनाया है।

राष्ट्रपति पुतिन के कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भारतीय पत्रकारों से बातचीत में कहा, एस-400 लंबी दूरी की एयर डिफेंस सिस्टम की अतिरिक्त बिक्री एजेंडे में शामिल है। पेस्कोव ने ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच केवल खरीद-फरोख्त नहीं, बल्कि उच्च तकनीक का आदान-प्रदान भी होता है, जो भविष्य के सहयोग की मजबूत नींव है। दोनों देशों के बीच परमाणु ऊर्जा को लेकर समझौता संभव है।

### भारत और रूस के बीच होंगे कई अहम समझौते

अब चार साल बाद हो रही राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को रूसी तेल, मिसाइल सिस्टम और लड़ाकू विमानों की अधिक बिक्री के लिए तैयार करना है। खासतौर पर ऐसे समय में जब अमेरिका के दबाव के कारण ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते प्रभावित हुए हैं। इस बार पुतिन के साथ रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसॉव समेत उद्योग और कारोबारी जगत का बड़ा प्रतिनिधिमंडल होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत-रूस के विशेष संबंधों को फिर से मजबूत करने का अवसर है और कुछ नए रक्षा सौदों की उम्मीद भी है।

**ऊर्जा रक्षा क्षेत्र में बड़े सौदे की उम्मीद :** दोनों देशों के अधिकारी पुतिन की यात्रा से पहले रक्षा, कृषि, शिपिंग और मक्त व्यापार जैसे मुद्दों पर बातचीत कर चुके हैं। रूस भारत के साथ नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग भी बढ़ाना चाहता है। पुतिन के साथ भारत आ रहे रूसी प्रतिनिधिमंडल में देश के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और हथियार निर्यातक रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के प्रमुख भी शामिल हैं।

## फिर एक ही कार में बैठे राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी



■ तीन महीने में दूसरी बार दोनों के बीच दिखी गर्मजोशी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी और राष्ट,पति पुतिन एक ही टोयोटा कार में साथ सफर करते नजर आए। तीन महीने में यह दूसरी बात है जब पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने कार साझा की है।

इससे पहले सितंबर में तियानजिन शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जब एक ही कार में सवार होकर शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। उस समय वैश्विक कूटनीति की सभी औपचारिकताओं को काफी पीछे छोड़ दिया था। एक बार फिर से दोनों नेता एक साथ कार में नजर आए।

### इस गर्मजोशी पर क्रेमलिन ने दी प्रतिक्रिया

इसी बीच पीएम मोदी की अगवानी को लेकर क्रेमलिन की ओर से बयान जारी किया गया है। क्रेमलिन ने कहा कि पीएम मोदी का विमान के पास पर जाकर पुतिन से मिलने का निर्णय अप्रत्याशित था और रूसी अधिकारियों को इसकी पहले से सूचना नहीं दी गई थी।

## भाजपा ने राहुल गांधी के बयान को बताया गैर-जिम्मेदाराना

■ भारत की छवि को खराब करता कांग्रेस नेता का बयान

**नई दिल्ली।** पुतिन के भारत दौरे से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर विदेशी मेहमानों को विपक्षी नेता से न मिलने देने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के इस आरोप पर अब भाजपा ने निशाना साधा है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा है कि राहुल ने नेता विपक्ष के तौर पर जो बयान दिए हैं। वह गैर-जिम्मेदाराना हैं। उनका दावा तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। मामले पर प्रियंका गांधी ने सरकार से पूछा है कि विपक्ष के नेता को मिलने क्यों नहीं दे रहे हैं।

गुरुवार को ससंद सत्र के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि




लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल का बयान गैर-जिम्मेदाराना हैं और तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। मेरा मानना है कि आज नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने जो कहा, वह न सिर्फ गलत है, बल्कि यह भारत की छवि को भी खराब करता है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत सरकार विदेशी मेहमानों को नेता प्रतिपक्ष से इसलिए मिलने नहीं देती क्योंकि सरकार में असुरक्षा की भावना है।

### कोडीन सिरप पर सियासत अखिलेश बोले-एक जिला एक माफिया का राज

**लखनऊ।** कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि नशीले सिरप का सिंडिकेट न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि कई राज्यों से होता हुआ नेपाल और बांग्लादेश तक अपना नेटवर्क चला रहा था। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित सिरप की वजह से कई मासूमों की जानें गईं, लेकिन शासन-प्रशासन में बैठे प्रभावशाली लोगों की भूमिकाओं की अनदेखी होती रही।अखिलेश ने दावा किया कि इस अवैध धंधे में मुख्यमंत्री के करीबियों और कई अधिकारियों के नाम भी चर्चा में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में एक जिला, एक माफिया का काला कारोबार खुलकर फल-फूल रहा है।

## व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देगा तो काया निरोगी होगी

■ हर बच्चा खेलेगा तभी खिलेगा, हमने खिलाड़ियों को नौकरी दी : सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौजवानों का आह्वान किया और कहा कि पीएम मोदी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े, क्योंकि खेलोगे तो खिलोगे। सीएम ने कबड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि इस खेल में स्फूर्ति और व्यक्ति के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी है।

हर खेल व खेल संस्कृति टीम वर्क के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देती है। भारत के अंदर प्राचीन काल से ही खेल व खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। सीएम ने रीजनल स्टेडियम में



ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज सप्तम् अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

सीएम योगी ने कहा कि धर्म के जितने भी साधन हैं, उन सभी की पूर्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर, निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है, जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में सभी ने बदलते हुए भारत और पीएम मोदी की प्रेरणा से खेल व खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीयों के मन में जो भाव पैदा हुए हैं, उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है। इसके कारण भारत की प्रतिभाएं ओलंपियन, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में अच्छा पुरस्कार ले रही हैं। खेल व प्रतियोगिताओं के प्रति नई जागरूकता पैदा हुई है। सांसद-विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर स्तर पर केंद्र स्थापित हो रहे हैं।

सीएम ने कहा कि यूपी के अंदर पहले से तीन स्पोट्र्स कॉलेज हैं। हमारी सरकार ने तय किया है कि हर कमिश्नरी मुख्यालय पर स्पोट्र्स कॉलेज होना चाहिए। हर जिला मुख्यालय पर स्टेडियम और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए। इन सुविधाओं को सरकार बढ़ा रही है। गांव-गांव में खेल मैदान, ओपन जिम का निर्माण हो। सरकार का जो पैसा वित्त आयोग के माध्यम से पंचायतों को जाता है, उसकी प्राथमिकता में खेलकूद की गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में खेलकूद की गतिविधियां प्रत्येक स्तर पर बढ़ती दिखाई दी हैं।

### सीएम ने विजेता उप्र की टीम को दी बधाई

सीएम ने विजेता उत्तर प्रदेश व उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपी की टीम इसलिए विजयी हुई, क्योंकि हमने गारंटी दे दी है कि जो भी खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियन में मेडल लेकर आएगा, उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध कराएंगे।

## विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन

■ सोनिया गांधी बोलीं कैसे लें सांस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक के टी आर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आये थे और 'मौसम का मजा लें' का बैनर हाथों में था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था 'मौसम का मजा लीजिए।'




सांसद नारे लगाते हुए सरकार से संसद में प्रदूषण की समस्या पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। सदस्यों ने कई बार सदन में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया और इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव भी लगातार लोकसभा अध्यक्ष को दे रहे हैं। बाद में सोनिया गांधी ने कहा, बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उनके जैसे बुजुर्गों को साँस लेने में तकलीफ़ हो रही है। प्रियंका वाड्रा ने कहा 'किस मौसम का आनंद लें। बाहर का हाल देखिए। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ़ बयानबाज़ी होती है, सरकार को ठोस कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं।

### इंडिगो की कई फ्लाइटें रद्द, लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

**लखनऊ।** मौसम और तकनीक कारणों से गुरुवार को 14 उड़ानें निरस्त हुई। इनमें 12 उड़ाने इंडिगो एयरलाइंस की हैं। उड़ान निरस्त होने से परेशान यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा और नारेबाजी भी की। जो उड़ान निरस्त हुई हैं उनमें अहमदाबाद, बंगलुरू, कोलकाता, पुणे, हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और दुबई उड़ान शामिल हैं। पुणे से लखनऊ आने वाली एक उड़ान का यात्री करीब 14 घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसा रहा।

पिछले कई दिनों से विमानों का संचालन पटरी से उतरा हुआ है। जिससे यात्री परेशान हो रहे हैं। गुरुवार को फिर संचालन में कोई सुधार नहीं हुआ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों के निरस्त होने से हंगामे का माहौल रहा।

## बीएलओ की मौतों के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार नहीं

■ सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली।** एसआईआर के दौरान के बीएलओ की हुई मौतों पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता जताई है। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने बूथ स्तर के अधिकारियों की हाल में तनाव और काम के दबाव के लिए से संबंधित मौतों व कथित आत्महत्याओं के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराने से इनकार कर दिया है। साथ ही राज्य सरकारों को स्टाफ सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया है।

सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान कहा कि चुनाव से संबंधित कार्यों के लिए पर्याप्त स्टाफ सुनिश्चित करना पूरी तरह राज्य सरकारों जिम्मेदारी है। न्यायालय ने बीएलओ की मौत और आत्महत्याओं को स्वीकारते हुए कहा कि चुनावी रोल व संबंधित कार्यों के लिए तैनाती एक कानूनी प्रक्रिया है। राज्यों को मौजूदा कर्मचारियों पर बोझ कम करने के लिए पर्याप्त जनशक्ति प्रदान करनी चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकारों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य की सरकारों को चुनाव आयोग को



अतिरिक्त स्टाफ प्रदान करना चाहिए ताकि मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ और काम के घंटे अनुपातिक रूप से कम हो सकें।

सीजेआई सूर्यकांत ने अदालत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य एक पर्याप्त कार्यबल प्रदान करने के लिए बाध्य है। यदि अब आप 10,000 व्यक्ति दे रहे हैं, तो 20,000 या 30,000 व्यक्ति चुनाव आयोग को दें। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी अधिकारी के पास ड्यूटी से छूट मांगने की पर्याप्त वजह है, तो इससे संबंधित अधिकारी विचार कर सकते हैं। साथ ही यदि कोई बीमार या फिर अन्य गंभीर समस्या है तो उसे छुट्टी प्रदान करनी चाहिए।

### न्याय व्यवस्था का कैसा मजाक : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सभी हाई कोर्ट्स को निर्देश दिया कि वे देश भर में तेजाब हमले के मामलों से संबंधित लंबित मुकदमों का ब्योरा चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। न्यायालय ने दिल्ली की एक अदालत में तेजाब हमले का एक मामला 16 वर्षों से लंबित रहने को शर्मनाक करार दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने तेजाब हमले की पीड़िता शाहीन मलिक द्वारा दायर जनहित याचिका पर केंद्र और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को नोटिस जारी किए। पीठ ने मलिक के मुकदमे में लंबे समय से हो रही देरी को राष्ट्रीय स्तर पर शर्म की बात कहा। यह मुकदमा रोहिणी की एक अदालत में 2009 से लंबित है।

**साझेदारी** रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसॉव के साथ बैठक में बोले राजनाथ सिंह

## तकनीक और रक्षा में रूस भारत का रणनीतिक साझेदार

**नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग को और गहराई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि रूस अब भी भारत का रणनीतिक और भरोसेमंद साझेदार है, खासकर रक्षा और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में। रक्षा मंत्री यह बात नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 22वें भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की मंत्रिस्तरीय बैठक में बोल रहे थे, जहां उनके रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोउसॉव भी मौजूद थे।

राजनाथ सिंह ने कहा, रूस तकनीक और रक्षा के क्षेत्र में भारत का रणनीतिक सहयोगी है। भूराजनैतिक बदलावों के बावजूद दोनों देशों के संबंध मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लगातार संवाद में रहे हैं, और यह



राजनीतिक स्तर पर विश्वास को और मजबूत करता है।

22वें आयोग की बैठक में सैन्य उत्पादन, संयुक्त विकास, लाइसेंस प्राप्त मैन्युफैक्चरिंग और तकनीक हस्तांतरण सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से बातचीत हुई। रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसॉव ने त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर स्वीकार किया और दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। रूस और भारत आने वाले वर्षों में व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की तैयारी में हैं। रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने कहा है कि दोनों देश 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक व्यापार लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने यह भरोसा एक साक्षात्कार में रूसी मीडिया से बातचीत के दौरान जताया। सिलुआनोव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में व्यापार की रफ्तार ने उम्मीदों को पीछे छोड़ दिया है और ऊर्जा, रक्षा, वित्तीय सेवाओं, मशीनरी और यात्रा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग तेज़ी से बढ़ रहा है।

रूसी वित्त मंत्री ने भारत में रूसी सरकारी बैंक वीटीबी के नए फ्लैगशिप कार्यालय के उद्घाटन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, जितनी सुविधाएं भुगतान और वित्तीय लेन-देन के लिए उपलब्ध होंगी, व्यापार उतना सरल और तेज होगा। आज की पहल लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सिलुआनोव ने याद दिलाया कि 2018 में राष्ट्रपति पुतिन ने दोनों देशों के लिए 30 अरब डॉलर का लक्ष्य तय किया था, लेकिन आज व्यापार 68 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। हमने यह लक्ष्य उम्मीद से कहीं तेज हासिल किया। रक्षा सहयोग, ऊर्जा व्यापार और उद्योगों के बीच बढ़ती साझेदारी ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में कदम

राजनाथ सिंह ने बताया कि पिछले महीने मॉस्को में हुई 26वीं भारत-रूस कार्य समूह बैठक सफल रही और यूरोएशियन इकनॉमिक यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर औपचारिक बातचीत शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा यह पहल आने वाले वर्षों में व्यापार और रक्षा, दोनों क्षेत्रों में नए अवसर खोलेगी। दोनों नेता इससे पहले इस साल सितंबर में तियानजिन, चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। भारत और रूस के बीच दशकों पुरानी रक्षा साझेदारी में सुखोई, ब्रह्मोस, टी-90 टैंक, और नौसैनिक सहयोग जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं।

## लखनऊ की मेनका सोनी बनीं वॉशिंगटन के रेडमंड शहर की पहली महिला काउंसलर

■ गीता हाथ में लेकर ली शपथ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मेनका सोनी को वाशिंगटन के रेडमंड शहर का सिटी कार्उसिल चुना गया है। वह इस पद पर चुनी जाने वाली पहली प्रवासी भारतीय-अमेरिकी महिला बनी हैं। वह क्षण भारत के लिए और गर्व का समय बन गया जब मेनका ने श्रीमदभगवद गीता हाथ में लेकर शपथ ली। यही नहीं इस दौरान उन्होंने भारतीय हैंड-एम्ब्रॉयडरी वाली पैंट-सूट पहन रखा था। इससे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि, विरासत को सम्मान मिला। जज रसेल ने उन्हें शपथ दिलाई।

रेडमंड शहर माइक्रोसाफ्ट के वैश्विक मुख्यालय और अमेरिका के सबसे प्रभावशाली टेक हब के रूप में जाना जाता है। यह जीत भारतीय-अमेरिकियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। शपथ ग्रहण में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग शामिल हुए। इस दौरान मेयर एंजेला बिर्नी, सिटी काउंसिल के सदस्य और अनेक स्थानीय एवं भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता उपस्थित रहे।



### आठ वर्ष से सत्ता में जमे प्रतिद्वंदी को हराया

भारतीय मूल की मेनका की यह जीत चंहुओर चर्चा का विषय रही। क्योंकि, उन्होंने आठ वर्ष से सत्ता में जमे प्रतिद्वंदी को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। सिटी काउंसिल बनने के बाद सिएटल में भारत के कांसुल जनरल प्रकाश गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया। आगरा में जन्मीं मेनका सोनी की पढ़ाई-लिखाई लखनऊ में हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय से उन्होंने ग्रेजुएट पूरा किया। वह करीब 20 वर्षों तक लखनऊ में रहीं।

# 100 जोड़ों ने लिए सात फेरे, सामूहिक विवाह योजना में जिला बना अव्वल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में गुरुवार का दिन खुशियों से सराबोर रहा। रामापुर स्थित मंच पर उस समय भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जब 100 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नई जिंदगी की शुरुआत की। जिला प्रशासन की सतत कोशिशों का परिणाम रहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में जिले ने लक्ष्य पूरा कर मिसाल पेश की सीडीओ अभिषेक कुमार की निगरानी और पहल पर पूर्व कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे जोड़ों के स्थान पर नए पात्र जोड़ों को शामिल किया गया। इस प्रकार 11 विकास खंडों के 99 जोड़े और नगर पंचायत धौरहरा का एक जोड़ा आज वैवाहिक मंडप तक पहुंचे और परिणय सूत्र में बंध गए। झिलमिलाती सजावट, मधुर संगीत और उत्साहपूर्ण माहौल ने कार्यक्रम को भव्यता की नई पहचान दी सीडीओ अभिषेक कुमार जब मंच से उतरकर दूल्हा-दुल्हन से मिलने पहुंचे, तो माहौल में एक अपनापन घुल गया। उन्होंने हर जोड़े से परिचय पूछा, आशीर्वाद दिया और कहा आज की यह खुशी केवल इन परिवारों की नहीं, पूरे जिले की है। साथ में मौजूद पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह सबने मिलकर उपहार-शगुन किट और प्रमाण पत्र दिए फूलों की बारिश में कई दुल्हनें भावुक हो उठीं, और कुछ ने मुस्कुराते हुए अपने दूल्हे की ओर देखा-मानो कह रही हों, हमारा सफर अब शुरू हुआ है सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए सचमुच वरदान साबित हो रही है। उन्होंने इसे आनंद और खुशियों का अद्भुत अवसर बताते हुए कहा कि योजना के तहत दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए 60 हजार रुपये की राशि सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। कहा कि एक शादी में समय निकालना कठिन होता है, लेकिन आज का यह भव्य आयोजन ऐसा अवसर है, जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी मिलकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद दे रहे हैं।

## क्रॉस-कंट्री दौड़ में प्रथम आने वाले 20 प्रशिक्षुओं को किया सम्मानित

**सहारनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार 10 किलोमीटर क्रॉस-कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिक पुलिस के 494 रिक्रूट आरक्षियों ने प्रतिभाग किया गया।

पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से क्रॉस-कंट्री दौड़ का शुभारंभ प्रतिसार निरीक्षक बीरेन्द्र बहादुर ने हरी झंडी दिखाकर किया। क्रॉस-कंट्री दौड़ पुलिस लाइन ग्राउंड से शुरू होकर मल्हीपुर रोड स्थित निदान सेवाग्राम हॉस्पिटल के मध्यांतर प्वाइंट तक पहुंची, जहां से प्रतिभागियों ने वापस उसी मार्ग से लौटकर पुनः परेड ग्राउंड पर दौड़ समाप्त की। इस आयोजन में आरटीसी प्रशिक्षुओं के साथ उनके प्रशिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दौड़ में प्रथम आने वाले 20 प्रशिक्षुओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह, प्रभारी आरटीसी, गौरव कुमार, मेजर आरटीसी सहित समस्त आरटीसी स्टाफ उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने की जनसुनवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार (जनसुनवाई) कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना मजूमदार अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी अमित राय, डीपीओ लवकुश भार्गव, भारत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना मजूमदार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की 94 शिकायतों का अनुश्रवण किया गया। संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं सदस्य श्रीमती अर्चना मजूमदार ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग का लक्ष्य देश की प्रत्येक महिला को न्याय, सम्मान और समान अवसर दिलाना है। राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से आयोग सीधे उन महिलाओं तक पहुँच रहा है, जो किसी कारणवश अपनी शिकायत उच्च स्तर तक नहीं पहुँचा पातीं। यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी करता है इस जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, विवाह संबंधी प्रकरण, भरण-पोषण और साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की। शिकायत निवारण के साथ-साथ, कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।



## अपहरण कर दुष्कर्म की घटना कारित करने पर07 वर्ष के कठोर कारावास व 30,000 रू0/- के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**लखीमपुर खीरी।** वर्ष 2012 में थाना हैदराबाद पर अभि0गण राहुल पुत्र सुधाकर सुत्तन पुत्र सुधाकर निवासीगण ग्राम कुण्डली आश्रम थाना परौर जिला पीलीभीत के द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म की घटना कारित करने पर मु0अ0सं0 510/2012 धारा 363/366/376 भादवि थाना हैदराबाद खीरी पर पंजीकृत हुआ था। उक्त मुकदमे का विचारण मा0 जिला एंव सत्र न्यायालय खीरी द्वारा करते हुए दिनांक 04.12.2025 को अभि0गण उपरोक्त को *श07-07 वर्ष के कठोर कारावास व 30,000 रू0/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2009 में थाना नीमगांव खीरी पर अभि0 प्रमोद पुत्र गजराज निवासी लाल्हनपुर थाना नीमगांव खीरी के कब्जे से अवैध शस्त्र व कारतूस बरामद होने पर मु0अ0सं0 1619/2009 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नीमगांव जनपद खीरी पर पंजीकृत हुआ था। उक्त मुकदमे का विचारण मा0 न्यायालय ACJM-4 खीरी द्वारा करते हुए दिनांक 04.12.2025 को अभि0 उपरोक्त को जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास व 1,500 रू/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## नौरंगाबाद चौराहे से मीरपुर रोड तक भीषण जाम के चलते फंसी रही एम्बुलेंस

### मौके पर कोई यातायात पुलिसकर्मी नहीं मौजूद

**लखीमपुर खीरी।** नौरंगाबाद चौराहे से मीरपुर रोड तक भीषण जाम लग गया, जाम के बीच एंबुलेंस लगातार हॉर्न बजाते हुए फंसी रही, मौके पर कोई यातायात पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहा जिससे हालात और बिगड़ गए।

## लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश तेजी से बन रहा देश का नया इको-टूरिज्म हब

**लखीमपुर खीरी।** विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस विशेष लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश तेजी से बन रहा देश का नया इको-टूरिज्म हब तीन साल में 161 करोड़ का निवेश, जंगलों में वन्यजीव संख्या रिकॉर्ड स्तर पर दुधवा-कतर्नियाघाट में बढ़ा बाघ, गैंडा, बारहसिंघा व घड़ियाल का संरक्षण इको-फ्रेंडली सुविधाओं ने बदली यूपी के जंगलों की तस्वीर स्थानीय समुदाय को आजीविका से जोड़ने पर सरकार का फोकस।

## नौरंगाबाद स्थित कब्रिस्तान के पास तालाब से बरामद हुआ 30 नवंबर से लापता युवक का शव

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है। 30 नवंबर से लापता युवक का शव आज मोहल्ला नौरंगाबाद स्थित कब्रिस्तान के पास तालाब से बरामद हुआ है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दुधवा में दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न, 06 दिसंबर तक चलेगा हाथियों का स्वास्थ्य कैंप



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दुधवा में बाघ आंकलन अभ्यास व पालतू हाथियों के प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न 06 दिसंबर तक चलेगा हाथियों का स्वास्थ्य कैंप, महावतों व चाराकटरों को विशेषज्ञों ने दी विशेष ट्रेनिंग।

## तीन महिलाओं सहित पुलिस ने छह गौ तस्करों को किया गिरफ्तार

## कब्जे से पुलिस को मिले 64 गौवंशीय पशु



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के थाना सहसवान पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को पांच दर्जन से अधिक गोवंशीय पशुओं सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन महिलाएं शामिल है यह सभी लोग राजस्थान प्रदेश के निवासी हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना सहसवान पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तगण को 64 गौवशींय पशुओं सहित गिरफ्तार कर लिया गया जबकि मौके से फरार इनके तीन साथियों को बाद में गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया गया है कि हम सभी लोग भीलवाडा राजस्थान से करीब दो माह पहले अपने निजी गौवंशीय पशुओं को लेकर चराने के लिये चले थे। प्रत्येक वर्ष हम अपने गौवंशीय पशुओं को लेकर यू0पी0 के गंगा किनारे बसे हुए शहरो में चराने के लिये आते है,तथा रास्ते में पडने गाँव के व्यक्तियों के कहने पर उनके गौवंशीय पशुओं को व घुमते हुए गौवंशीय पशुओ को भी अपने साथ ले लेते है, तथा हम लोग उनको मुरादाबाद के राजवीर भल्ला नाम के व्यक्ति को विक्रय कर देते है। इन्होंने पुलिस को बताया है कि 2 दिसंबर को हम लोगो द्वारा उझानी क्षेत्र में खडे एक ट्रक में मुरादाबाद के राजवीर भल्ला नाम के व्यक्ति को गोवंशीय पशु जंगल से गाडी में लदवा दिये थे। बाद में पता चला कि लोग हमारा पीछा कर रहे है, तो हम लोग वहाँ से जंगल के रास्ते से शेष गोवंशीय पशुओं को लेकर आ रहे थे,तभी थाना सहसवान पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों की पहचान

मंगल सिंह उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र हजारी,

दीवान सिंह उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र हीरा,

मंजू उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी मंगल सिंह,

रेखा उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी हीरा सिंह निवासीगण ग्राम भगवानपुर थाना पारोली जनपद भीलवाडा राजस्थान,लक्षमण उर्फ लच्छो उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र नक्कू निवासी ग्राम पलासेड थाना पारोली जनपद भीलवाडा राजस्थान तथा बादाम उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी केशव उर्फ केशू निवासी ग्राम माता जी का झोपडा थाना डिबलाना जनपद कोटा बुंदी राजस्थान के रूप में की है। गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर इनको जेल भेजा गया है।

## ओपन ऑडिटोरियम में मेले की रौनक, 55 राजकीय विद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में गुरुवार को आयोजित जनपदीय



कैरियर मेला युवा उम्मीदों का केंद्र बन गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में जिले के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंचे, जो अपने भविष्य को लेकर दिशा और विकल्प जानने को उत्सुक दिखाई दिए कार्यक्रम की सबसे खास बात रही मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार का प्रेरक और प्रभावी मार्गदर्शन, जिसे सुनने के बाद न सिर्फ छात्रों की शंकाएं दूर हुईं, बल्कि उनमें नए आत्मविश्वास का संचार भी हुआ।छात्रों को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि आज का दौर अवसरों का युग है। तकनीकी शिक्षा हो, आईटी सेक्टर, प्रतियोगी परीक्षाएं, कृषि आधारित रोजगार या स्टार्टअप हर क्षेत्र में सफल होने के अपार मौके मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि डर या दबाव में लिया गया करियर निर्णय गलत साबित होता है। लक्ष्य स्पष्ट रखें और तैयारी उसी दिशा में करें, यही सफलता की पहली सीढ़ी है। उनके इन शब्दों ने छात्रों पर गहरा असर छोड़ा और वातावरण में ऊर्जा का संचार कर दिया कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्किल कोर्स की उपयोगिता, रोजगार अवसर और सरकारी योजनाओं को लेकर सवाल पूछे।

सीडीओ ने सभी प्रश्नों के सरल और व्यवहारिक उत्तर दिए, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा। कई छात्रों ने कहा कि पहली बार करियर की चिंता कम और दिशा ज्यादा साफ महसूस हुई इस कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार रावत, आईटीआई प्रधानाचार्य, जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें जिले के सभी 55 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी, नोडल शिक्षक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## डॉ.डी के गुप्ता बने नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष

**सहारनपुर।** यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच के वर्ष 2027 के चुनाव आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण शर्मा और यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी डॉ. मोहन पांडे की देखरेख में संपन्न हुए। एसोसिएशन के सदस्यों ने डॉक्टर सुभाष सहगल को वर्ष 2027 के लिए प्रेसिडेंट इलेक्ट नियुक्त किया। वर्ष 2026 के लिए डॉक्टर डीके गुप्ता नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपनी नई टीम का गठन किया। जिसमें डॉक्टर राहुल सिंह को सचिव, डॉक्टर अमित पांडे को कोषाध्यक्ष एवं डॉ.प्रशांत खन्ना व डॉ.वंदना आर्य उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। नर्सिंग होम एसोसिएशन एवं आईएमए के सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉक्टर, डॉ.नरेश नौसरान, डॉ.रिक्की चौधरी, डॉ.सी एम कमाल, डॉ.नीरज आर्या, डॉ.आर एन बंसल, डॉ.रवि ठक्कर, डॉ.अनुपम मलिक, डॉ. पूनम मखीजा, डॉ.कलीम अहमद, डॉ.विजय अग्रवाल, डॉ.विजय अग्रवाल, डॉ.गुनिता जैन, डॉ.रेबी गुप्ता, डॉ.गायत्री सहगल आदि उपस्थित रहे।

## जनपद का नाम रौशन करने वाली बिटिया को किया गया सम्मानित

### केजीएमयू परीक्षा में द्वितीय तथा एम्स में किया सातवां स्थान प्राप्त



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की तकनीकी अधिकारी(नेत्र विज्ञान)परीक्षा में द्वितीय तथा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज नई दिल्ली में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली जनपद निवासी बिटिया को बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। गौरतलब है कि जनपद के कस्बा उसहैत के रहने वाले शिक्षक जहीर अहमद की पुत्री राबिया अंसारी द्वारा केजीएमयू लखनऊ की तकनीकी अधिकारी÷नेत्र विज्ञान÷परीक्षा में उत्तर प्रदेश में द्वितीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर एम्स दिल्ली में सातवाँ स्थान प्राप्त किया है।राबिया की इस उपलब्धि पर बृहस्पतिवार को युवा मंच संगठन की मार्गदर्शिका वरिष्ठ समाजसेविका आशा गुप्ता,कस्बा उसहैत स्थित राबिया के आवास पर पहुंची,जहां उनके द्वारा जनपद के साथ-साथ कस्बा,परिवार तथा समाज का नाम रोशन करने वाली राबिया को बधाइयां देते हुए सम्मानित किया गया।राबिया को सम्मानित किए जाने के दौरान युवा मंच संगठन के संस्थापक ध्रुव देव गुप्ता और मोटिवेशनल स्पीकर/शिक्षाविद कामरान रोशन ने सयुक्त रूप से गर्व जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल राबिया की मेहनत ईमानदारी और दृढ़ संकल्प का परिणाम है,बल्कि यह हमारे जिले की बालिकाओं व युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। राबिया को सम्मान पत्र सौपते हुए समाजसेविका श्रीमती गुप्ता ने कहा कि उसहैत की बिटिया ने आज इतिहास लिखा है। उन्होंने कहा कि इससे अन्य बालक बालिकाओं,छात्र छात्राओं के मनोबल में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हम होनहार बेटी राबिया की उज्जवल भविष्य की कामना करते है। इस अवसर पर राबिया के पारिवारिजन सहित पुष्पेंद्र श्रीवास्तव श्यामू गुप्ता अखलाक अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# वाहन चोरी में लिप्त तीन बाल अपचारी गिरफ्तार, नौ बाइके बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया है। जिनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की नौ बाईके बरामद हुयी है।

थाना नकुड़ प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 26 अक्टूबर को वादी अंकुर कुमार पुत्र छोटा सिंह निवासी ग्राम नठौड़ी थाना नकुड़ ने बाईक चोरी होने, विगत् 30 नवम्बर को वादी आशीष कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी भुरनी खतीरपुर थाना लक्सर जिला हरिद्वार ने बाईक चोरी होने तथा विगत् 3 दिसम्बर को वादी अमीर अहमद पुत्र श्री नजीर अहमद निवासी ग्राम इस्लाम नगर थाना रामपुर मनिहारान ने अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना नकुड़ पर अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत किए गए थे। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक शिवम चौधरी व संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सीडीएम हाई स्कूल के पास से गश्त व चैकिंग के दौरान 03 बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया। जिनके कब्जे से चोरी की 02 बाईक बरामद हुई तथा उनकी निशानदेही पर नया गांव रोड पर बन्द पड़े पैट्रोल पम्प से 07 अन्य चोरी की बाईके बरामद की गयी। श्री कुमार ने बताया कि बरामद बाईको में से 03 बाईक थाना नकुड पर पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित हैं। उन्होंने बताया कि शेष बरामद 06 बाईके भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी की गयी थी, जिनकी ट्रेसिंग की जा रही है। बाल अपचारियों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मांगों के निस्तारण को लेकर लोको रनिंग स्टाफएसोसिएशन ने दिया धरना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आज ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी जायज मांगों के समर्थन में उपवास रख धरना दिया। केंद्रीय कार्यकारिणी के आवाहन पर आज ऑल इंडिया लोको लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने 48 घंटे का उपवास रखा। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने किलोमीटर भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि करने, आउट ऑफ़ हेडक्वार्टर 36 घंटे में वापसी करने, एएलपी को रिस्क अलाउंस देने की मांग की। कार्यक्रम में एनआरएमयू के शाखा सचिव परमजीत सिंह, यूआरएमयू के शाखा सचिव रामप्रीत, ओबीसी के सचिव सुधीर कुमार, एससीएसटी के शाखा सचिव नलकेश ने जूस पिलाकर साथियों का हंगर फास्ट पूर्ण कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अंकित कुमार, शाखा सचिव मनीष जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित सैनी व विश्वनाथ गुप्ता ने की। इस दौरान अरुण कुमार, महेंद्र, शाकिर रजा, सीएल श्रीवास्तव, दीपक मौर्य, भरत, रिजवान, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र यादव, विनीत वर्मा, अंकित कुमार, अंकित शर्मा, फूल कुमार, जितेंद्र कुमार, बिलाल, पुलकित पल, आनंद यादव, शारिब, सलीम आदि मौजूद रहे।

# अपीलः मतदाता पुनरीक्षण कार्य में करें सहयोग प्रदान

सहारनपुर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के डी-नोवो पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 सितम्बर से 06 नवम्बर तक प्राप्त स्वीकृत दावों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन जन-सामान्य के निरीक्षणार्थ 02 दिसम्बर को निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत जनपद के सभी मतदान केन्द्रों पर किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि ऐसे अर्ह नागरिक जिनके नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में उपलब्ध नहीं है, के द्वारा आलेख्य प्रकाशन की अवधि 02 दिसम्बर 2025 से 16 दिसम्बर 2025 के अन्तर्गत अपने से संबंधित मतदान केन्द्र पर तैनात पदनामित अधिकारी एवं अतिरिक्त पदनामित अधिकारियों को कार्यालय समय के दौरान समुचित फार्म, प्ररूप के दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत किये जायेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जन-सामान्य से अपील करते हुए कहा कि विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन अवधि 02 दिसम्बर से 16 दिसम्बर के दौरान अर्ह सभी नागरिक अपने-अपने नाम नामावलियों में पंजीकरण हेतु समुचित फार्म में आवेदन वांछित अभिलेखों सहित अपने से सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदनामित अधिकारी एवं अतिरिक्त पदनामित अधिकारी को उपलब्ध करा दें। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, बाईक व पार्ट्स बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचकर उनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की एक बाईक व पार्टस बरामद किए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना गंगोह प्रभारी पीयूष दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 अक्टूबर को वादी मनोज कुमार पुत्र मुनिराम निवासी ग्राम जन्धेड़ा थाना गंगोह ने बाईक चोरी होने व विगत् 3 दिसम्बर को वादी अमित कुमार पुत्र राम सिंह निवासी मौ.मौहम्मद गौरी कस्बा व थाना गंगोह की तहरीर पर बाईक चोरी होने के संबंध में थाना गंगोह पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। श्री दीक्षित ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अतुल कुमार तथा महिला उपनिरीक्षक वर्षा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान विद्यार्थी तिराहे के पास से 02 वाहन चोरों पंकज पुत्र महिपाल निवासी यूनिवर्सिटी रोड मौहल्ला टांकान कस्बा गंगोह व सोनू उर्फ खडकू पुत्र कमालू निवासी ग्राम दीनारपुर थाना गागलहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे व निशानदेही पर एक बाईक व पार्टस बरामद किए है। श्री दीक्षित ने बताया कि सोनू उर्फ खडकू पुत्र कमालू थाना गागलहेडी क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई सम्पन्न

- 102, 108 एवं एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने ले जाने में विलंब न हो अन्यथा उक्त के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण सम्बंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष एवं महिला को जिला अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल में बेड़ो की संख्या बढ़ाये जाने के लिए नए वार्ड के निर्माण का प्रस्ताव अभिलंब प्रस्तुत कराए जाने के निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के 102, 108 एवं एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने ले जाने में विलंब न हो अन्यथा उक्त के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का यथा संभव इलाज अपनी इकाई पर करें, यदि उस समय का डॉक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर किया जाएग। उन्होंने महिला चिकित्सालय के चिकित्साधीक्षकों को निर्देशित किया कि आपके यहां लॉन्ड्री और क्लीनिंग के लिए कौन सी एजेंसी कार्य कर रही है और मानक के अनुसार कार्य हो रहा है कि नहीं इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि गांव स्तर पर आयोजित होने वाली आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम की बैठक की मॉनिटरिंग सभी उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी स्तर से करवाई जाए। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि एसएनसीयू के कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि स्टेट रैंक से जिले की रैंक कम नहीं होनी चाहिए, स्वास्थ्य सेवाओं की सभी व्यक्तियों तक पहुंच सुनिश्चित कराये एवं मातृ मृत्यु संबंधित ऑडिट समय से किया जाए साथ ही जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. वीके चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेंशनरों की समस्याओं का समयबद्ध किया जाए निस्तारण : एडीएम

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** पेंशनरों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत कर निस्तारण कराए जाने की मांग उठाई। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशनरों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए के निर्देश दिए।

बैठक में संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि पेंशन के विवरण को अभिलेखों में सही ढंग से दर्ज कराया जाए, वर्ष 2016 के पूर्व के पेंशन प्रकरणों का पुनरीक्षण कराया जाए साथ ही पेंशन धारक की मृत्यु पर भाग-3 प्रपत्र की प्रक्रिया में अनावश्यक बाधा समाप्त किया जाना चाहिए। ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र प्रदर्शित न होने पर मोबाइल अलर्ट सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए। बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशन भवन का मरम्मत कराने और फिजियोथैरेपी केंद्र के लिए उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

# देह व्यापार से पहले फ्लैट में नकली सैनिटाइजर पकड़ा गया था -क्या है मामला ?

- भाजपा नेत्री शालिनी यादव ने पत्रकार वार्ता में दिया जवाब, कहां फ्लैट से मेरा कोई लेना-देना नहीं है



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** शहर के रिहायशी इलाका सिगरा क्षेत्र के आवासीय शक्ति शिखा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 112 में बीते सोमवार को एसओजी द्वारा छापेमारी कर एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जहां से 9 महिलाओं सहित 4 पुरुष पकड़े गए थे। यहा से नकदी और आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ था। इसके बाद सीसीटीवी सहित सभी साक्ष्य जुटाए हैं और कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जिस रिहायशी फ्लैट में ये स्पा सेंटर चल रहा था, वो फ्लैट शहर के एक बड़े समृद्ध राजनीतिक परिवार से संबंधित है। यह फ्लैट चर्चा का विषय बना क्योंकि इससे पहले कोरोना काल में इसी फ्लैट पर नकली सैनिटाइजर बनता पकड़ा गया था। बता दे की मई 2021 में कोरोना काल में सिगरा थाना क्षेत्र में इंदौर की कंपनी के नाम पर नकली सैनिटाइजर बनाने का भंडाफोड़ हुआ था। उसे समय सिगरा थाना के ही 3 जगहों पर प्रशासन द्वारा छापेमारी करके 2000 लीटर से ज्यादा नकली सैनिटाइजर बरामद किया गया था।

यह फ्लैट भाजपा नेत्री शालिनी यादव के पति अरुण यादव है। इसी संबंध में भाजपा नेत्री शालिनी यादव ने गुरुवार को रामकटोरा स्थित फ्लैट में बताया कि बीते दिनों सिगरा में दो जगह से पुलिस ने सेक्स रैकेट पकड़ा था। फ्लैट की मालकिन उनको बताकर सोशल मीडिया पर उनका नाम जोड़कर बदनाम करने की कोशिश की गई। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने बताया कि, वह मालकिन हैं या फिर सह मालकिन हैं। ऐसे सोशल मीडिया यूजर के खिलाफ केस दर्ज कराने की बात कही है। उधर, उनके पति अरुण यादव ने बताया कि फ्लैट उनके नाम है। उन्होंने बताया कि फ्लाइट किराया पर था। उक्त मेलोडी स्पा सेंटर से उनका कोई संबंध नहीं है।

बता दे की 24 जुलाई 2023 को शालिनी यादव ने भाजपा ज्वाइन की थी। गाजीपुर की रहने वाली शालिनी यादव की शादी केंद्रीय मंत्री रहे श्यामलाल यादव के छोटे बेटे अरुण से हुई है। बीएचयू से शालिनी ने बीए ऑनर्स करने के बाद फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा किया था।

## परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मिशन शक्ति के अंतर्गत मातृ शक्ति को जागरूक किया



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** महिला सशक्तिकरण को बल देने,जागरूक करने व स्वालंबी बनाने के लिए शासन द्वारा सभी विभागों को ÷मिशन शक्ति÷ कार्यक्रम मनायें जाने के निर्देश दिए गए हैं। वही शासन के निर्देशों के अनुपालन में मनोज प्रसाद वर्मा व सुधांशु रंजन,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी,वाराणसी द्वारा ÷मिशन शक्ति÷ के अंतर्गत अनेको कार्यक्रम आयोजित कर मातृ शक्ति को जागरूक किया।

इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देने व जागरूक करने हेतु कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज,अर्दली बाजार,वाराणसी में अखिलेश पाण्डेय,यात्रीकर अधिकारी, वाराणसी द्वारा प्रातः प्रार्थना सभा में भाग लेकर बालिकाओं को जागरूक किया। साथ ही बालिकाओं से अपील की गई अपने अभिभावकों को सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने व सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु प्रेरित करें।

# श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और रामधुन के साथ लगाई गोरखगिरि परिक्रमा

- जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन पैदल चल रहे थे श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में गुरूवार की सुबह छह बजे से मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, भक्ति और रामधुन के साथ गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा निर्धारित मार्ग से होते हुए शिव मंदिर पहुंची जहां पर गोष्ठी का आयोजन कर वक्ताओं ने परिक्रमा से मिलने वाले पुन्य बनाए साथ ही श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक के माध्यम से निस्वार्थ भाव से किए गए दान का महत्व बताया।

परिक्रमा शिवतांडव के शिव मंदिर से प्रारभ हुई, जो पठवा के बाल हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, कबीर आश्रम, बाबा हाजी फीरोजशाह दरगाह, संकरी सन्य, छोटी चंद्रिका, काली माता मंदिर से होते हुए पुलिस लाइन नागौरिया, कालभैरव मंदिर से वापस शिवतांडव मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान बज रही डमरू की धुन आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन होकर पैदल चल रहे थे। मार्ग पर पड़ने वाले मंदिरों पर भक्त शीष छुकाकर प्रार्थना करते हुए आगे की ओर प्रस्थान कर रहे थे। परिक्रमा के बाद शिव मंदिर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां पर समिति प्रमुख एलसी अनुरागी ने बताया कि चौदह वर्ष के वनवास काल दौरान भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता गोरखगिरि पर्वत पर आए थे, जिसका सीता रसोई व रामकुंड जीवंत उदाहरण है।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि परिक्रमा के कई पुण्य फल हैं, जिनमें पापों से मुक्ति, जीवन में सुख समृद्धि, मानसिक शांति, और नकारात्मक शक्तियों का नाश शामिल है। यह आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने, आत्मबल मजबूत करने और ईश्वर में विश्वास को गहरा करने का एक तरीका भी माना जाता है।

परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं साथ ही धर्म अर्थ काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। हरीशंकर नायक ने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक का वाचन करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से किया गया दान सात्विक दान होता है। सुनीता अनुरागी ने वाल्मीकि रामायण के भगवान राम के आदर्श चरित्र वाले श्लोक प्रस्तुत किया। इस मौके पर अवधेश तिवारी, पवन चौरसिया, मुन्नालाल धुरिया, राकेश, रज्जू द्विवेदी, परशुराम अनुरागी, ओमप्रकाश साहू सहित तमाम माता बहने मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण कर गोष्ठी का समापन किया गया।

## स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की 131वीं जयंती पर डीएवी इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम किया गया आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

- ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर विद्यालय प्रबंधक मनोज तिवारी ने पुष्प अर्पित किए और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला

**महोबा।** बुंदेलखंड के मालवीय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की 131वीं जयंती पर नगर के डीएवी इंटर कॉलेज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर विद्यालय प्रबंधक मनोज तिवारी ने पुष्प अर्पित किए और उनके बलिदान और जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मौजूद छात्रों से उनके पद् चिन्हों पर चलकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

कालेज के प्रबंधक ने कहा कि ब्रह्मानंद महाराज ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए हमीरपुर जिले के राठ कस्बे में शिक्षण संस्थानों की नींव रखने हुए ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज (1938) ब्रह्मानंद संस्कृत महाविद्यालय (1943) तथा ब्रह्मानंद महाविद्यालय (1960) की स्थापना कराई साथ ही शिक्षा प्रसार के लिए अन्य विद्यालयों की नींव रखी थी। कहा कि स्वामी जी का लोधी समाज में सबसे बड़ा नाम है। स्वामी ब्रह्मानंद ने समाज सुधार के लिए अनेक कार्य किए।

देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर कई आंदोलनों में जेल काटी। कहा कि आजादी के बाद देश की राजनीति में भी उनका खासा योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि महाराज का जन्म 04 दिसंबर, 1894 को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले की राठ तहसील के बरहरा गांव में साधारण किसान परिवार में हुआ था। स्वामी ब्रह्मानंद के पिता का नाम मातादीन लोधी तथा माता का नाम जशोदाबाई था।

## एएमयू एबीके हाई स्कूल की छात्राओं का रंगमंच फार्म हाउस का शैक्षिक भ्रमण

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के एबीके हाई स्कूल (गर्ल्स) द्वारा छात्राओं के लिए रंगमंच फार्म हाउस का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। जिसमें 205 छात्राओं ने इस भ्रमण में भाग लिया। भ्रमण कार्यक्रमा का संचालन वाइस प्रिंसिपल डॉ. सबा हसन तथा विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ की देखरेख में किया गया। प्रातः विद्यालय से रवाना हुई छात्राओं ने दिन भर फार्म हाउस के एक्टिविटी जोन्स, खुले मैदानों और मनोरंजन स्थलों में समय बिताया। ग्रामीण वातावरण ने उन्हें कक्षा-आधारित पढ़ाई से अलग एक नया अनुभव दिया और प्रकृति, टीम वर्क तथा अनुभव-आधारित शिक्षा को समझने का अवसर प्रदान किया। छात्राओं ने समूहगत खेलों और इंटरैक्टिव गतिविधियों में भाग लिया तथा प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल और शिक्षकों ने अनुशासन, सुरक्षा और सुचारु संचालन सुनिश्चित किया। साझा दोपहर भोजन ने आपसी मेलजोल को और बढ़ाया।भ्रमण को छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक और आनंददायक बताया गया, जिसने उन्हें सीखने, आराम करने और साथियों के साथ जुड़ने का अवसर दिया। विद्यालय प्रशासन ने वाइस चांसलर का धन्यवाद किया जिन्होंने ऐसे समग्र एवं छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों को प्रोत्साहन दिया।

# एक स्लीपर बस व दो ट्रक सीज कर लगाया जुर्माना



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी जी के निर्देशन में आज दिनांक 04/12/2025 को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरएम रोडवेज राजेश कुमार के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाते हुये 01 स्लीपर बस को उत्तर प्रदेश राज्य का कर नहीं जमा पाये जाने तथा परमिट नहीं दिखाने पर रोडवेज बस स्टेशन पर सीज करते हुये रू0 1.02 लाख का जुर्माना लगाया गया।

इसके अतिरिक्त 01 ओवर लोड ट्रक को भी सीज किया गया तथा उस पर रू0 36 हजार जुर्माना लगाया गया। कर बकाया में संचालित 01 ट्रक को भी सीज किया गया है। इस प्रकार परिवहन विभाग द्वारा आज की कार्यवाही में 03 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रू0 1.38 लाख का जुर्माना लगाया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पूर्व विधायक इजहार आलम खान के शांति कुटीर पर समाजवादियों की एसआईआर पर बैठक संपन्न

**जया उल्लाह खान संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** कायमगंज के पितौरा स्थित पूर्व विधायक इजहार आलम खान के शांति कुटीर पर इजहारआलम खान की बेटी जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम खान द्वारा स्द्धह् से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर समाजवादी पार्टी के समस्त कायमगंज विधानसभा के बी.एल.ए. एवं एस.ए.आर. प्रहरियों की बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने सभी प्रहरियों को आगामी एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत स्द्धक्र फॉर्म भरवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसी क्रम में फर्रुखाबाद प्रभारी एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश कटियार ने भी बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया।

उधर भोजपुर विधानसभा में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत द्वारा ह्यद्वह् संबंधी बैठक का सफल आयोजन किया गया, इस अवसर भोजपुर विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, वहीं अमृतपुर विधानसभा में डॉ. जितेंद्र सिंह यादव द्वारा मेडिकल कॉलेज में प्रहरियों की बैठक कराई गई, जिसमें संगठनात्मक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर

जिला महासचिव इलियास मंसूरी, मोहम्मदाबाद के पूर्व अध्यक्ष हरीश यादव, जेपीवर्मा, युवजनसभा जिला अध्यक्ष शिवम यादव, जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम, पूर्व प्रत्याशी कायमगंज विधानसभा रामशरण कठेरिया, छात्र सभा जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनंद यादव, नगर अध्यक्ष भैया खा, जिला सचिव ओमप्रकाश बिहार, प्रदेश सचिव लोहिया वाणी डॉक्टर बिकुल यादव, इंद्रेश यादव,अखिल कठेरिया,मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अनुरागयादव, जिला सचिव बीके गंगवार, शिवम पटेल, संजय राजपूत एडवोकेट,आदि लोग मौजूद रहे।

**आम सूचना**

मेरी पुत्री श्रीमती निकिता पत्नी अजय नि. ग्राम कटारपुर ज़िला हरिद्वार उत्तराखंड अपने माता पिता और पति को छोड़ कर अन्य व्यक्ति अजीत पुत्र संतर पाल के साथ अविधिक रूप से रहने लगी है जिस कारण समाज में परिवार को अपमान सहना पड़ा है पुत्री निकिता की गलत संगत एवं कु कृत्यों से तंग आकर हमने निकिता से संबंध विच्छेद कर उसे अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदख़ल कर दिया है भविष्य में अपने कृत्य हेतु श्रीमती निकिता स्वयं जिम्मेदार होगी। सुख दास पुत्र हरि राम एवं श्रीमती पुष्पा पत्नी सुख दास नि. पनियाली कासमपुर थाना नागल, जि0 सहारनपुर।

**कोर्ट नोटिस**

दरखास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिस नालिश (आर्डर9 कायदा9) प्रकीर्ण वाद सं0.26 सन 2012 मूलवाद सं. 120 सन-2008) न्यायालय सिविल जज जू0 डि0 शहर सहारनपुर , सुल्तान सिंह पुत्र श्री मिक्की जाति हरिजन नि0 ग्राम शेरपुर गुज्जर परगना तहसील व जिला सहारनपुर- मृतक दौरान वाद 1/1- संतोष देवी विधवा सुल्तान सिंह 1/2- सोनी कुमार पुत्रगण स्व0 सुल्तान सिंह 1/3- अशोक कुमार 1/4- सुनील कुमार समस्त निवासीगण ग्राम शेरपुर गुज्जर परगना तहसील व जिला सहारनपुर 1/5- श्रीमती मुकेश देवी पुत्री स्व0 सुल्तान सिंह पत्नी हरेन्द्र कुमार नि. अमीनगर तहसील व जि. मुजफफरनगर यू पी- आवेदकगण नोटिस बनाम...1- सोम सिंह आदि 2- गौतम कुमार सैनी पुत्र कुलबीर सैनी निवासी नन्दपुर डा0 घाटेडा एडी तहसील रामपुरमनिहारान जिला सहारनपुर हाल निवासी 790 प्रथम तल न्यु आवास विकास कालोनी, निकट जैन मन्दिर, रीति आश्रम सहारनपुर नम्बर 2 विपक्षी हरगाह मुददई मजकूर ने इस अदालत में दरखास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिस नालिश नामे बुर्दा हस्ब हिदायत अदालत हाजा तारीख पेश की है लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में दि. 8-1-2026 ई0 को असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या बजरिये मुख्तारे मजाज हस्ब जाब्ता और वामिफ हाल मुकदमा के हाजिर होकर (वजह अगर कोई हो) जाहिर करके कि नामजद की दरखास्त क्यों न मन्जूर की जाये। मेरे दस्तखत और गोहर अदालत में आज बतारीख 4 /12/ 2025 ई0 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम जज सिविल (जूडी) सहारनपुर।**

# संस्थापक सप्ताह समारोह : गोरक्षनगरी में उतरा हिंदुस्तान

- महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने निकाली शोभायात्रा
- गोरखपुर की सड़कों पर दिखा अनुशासन, संस्कृति व विरासत के सम्मान का अद्भुत समन्वय



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 में गुरुवार को गोरक्षनगरी में 'समूचा हिंदुस्तान' उमड़ पड़ा। एक तरफ उत्साह, उमंग से लबरेज युवाओं ने भारतीय संस्कृति, अनुशासन व विरासत के सम्मान का संदेश दिया तो दूसरी तरफ भारत के शौर्य, पराक्रम के साथ ही सम्मान के प्रतीक महापुरुषों के प्रति श्रद्धा निवेदित की। गोरखपुर की सड़कों पर युवाओं ने अनुशासन का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। भारत की सांस्कृतिक धरोहरों, तकनीकी विकास, सुरक्षा व महापुरुषों की विचारधारा संग भारतीय वेशभूषा संग निकली शोभायात्रा ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट योगेंद्र डिमरी (से.नि.) ने दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय की शोध पत्रिका 'दिग्विजयम' और महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूषड़ द्वारा 'मिशन मंझरिया' की संक्षिप्त रिपोर्ट का विमोचन किया। समारोह स्थल पर पहुंचने के उपरांत एनसीसी के कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्य अतिथि ने पुस्तिका पर अपने विचार भी लिखे। मुख्यमंत्री व मुख्य अतिथि ने 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश ञ्च2047' प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह स्थल पर 9000 से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे। समारोह के शुभारंभ समारोह में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि ने शोभायात्रा के शुभारंभ की घोषणा की। मुख्य अतिथि ने शोभायात्रा में शामिल युवाओं से मार्च पास्ट की सलामी ली। शोभायात्रा में सबसे आगे महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स रहीं। उनके पीछे महाराणा प्रताप महिला पीजी कॉलेज रामदत्तपुर की एनसीसी कैडेट्स, दिग्विजयनाथ इंटर कॉलेज चौक बाजार के एनसीसी कैडेट्स, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज एनसीसी सीनियर डिवीजन, महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज एनसीसी जूनियर डिवीजन, एनसीसी दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज व ताइक्वांडो टीम शामिल रही। ज्ञान ज्योति, सच्चिदानंद बैंड, हंस वाहिनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

शोभायात्रा में मां सरस्वती, भारत माता, महायोगी गुरु गोरखनाथ, महाराणा प्रताप, महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र भी रहे। शोत्रायात्रा में एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के शौर्य की कहानी प्रस्तुत की जा रही थी तो वहीं राम मंदिर के जरिए विरासत का सम्मान भी युवाओं ने प्रस्तुत किया। युवाओं ने शोभायात्रा के माध्यम से विरासत, संस्कृति के प्रति सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया। शोभायात्रा कॉलेज परिसर से निकलकर इंदिरा बाल बिहार से सीधे पोस्ट ऑफिस तिराहे से गणेश चौराहा से गोलघर होते हुए कचहरी चौराहा, फिर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के स्वर्ण जयंती द्वार

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**आवश्यक सूचना**

पूर्वोत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के गोण्डा–बुढ़वल रेल खण्ड के घाघरा घाट–चौका घाट–बुढ़वल स्टेशनों के मध्य विद्युतीकरण सहित तीसरी लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल **05 दिसम्बर, 2025** को इस नव निर्मित विद्युतीकृत तीसरी लाइन का निरीक्षण करेंगें तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा।

अतः आमजन से अपील है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नव निर्मित विद्युतीकृत तीसरी लाइन पर न तो स्वयं जायें और न ही पशुओं को जाने दें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि., गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू–355

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर निगम, अलीगढ़**

पत्रॉंक: 5816/नि0न0वि0/नि0न0अली0/25-26 दिनॉंक: 04-12-2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा निम्न निर्माण कार्यो की ई-निविदाऐं नगर निगम अलीगढ़ में पंजीकृत किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी एवं अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाऐं आंमत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी ई-टेण्डर की बेवसाइट www.etender.up.nic.in एवं बेवसाइट www.nnaligarh.in पर उपलब्ध है। निविदा सम्बन्धित कार्यो की सूची नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम अलीगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र के सम्बन्ध में ई-टेण्डर की बेवसाइट को देखते रहें। निविदाओं हेतु निर्धारित तिथि एवं समय का विवरण निम्नवत है--

**ऑनलाइन निविदा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | निविदा बेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 15 दिसम्बर 2025 सांय 05.00 बजे |
| 2 | | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 23 दिसम्बर 2025 सांय 05.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 24 दिसम्बर 2025 प्रातः 11.00 बजे |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा शुल्क 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य की अवधि (दिवस में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | रेलवे रोड तांगा स्टैण्ड पर मल्टीलेवल बाइक पार्किंग का निर्माण कार्य। | 209.42 | 20.94 | 24780.00 | 180 |

**अधिशासी अभियन्ता**
**नगर निगम, अलीगढ़**

## पत्रकार राममूर्ति यादव पर हमले का खुलासा

**अयोध्या।** पत्रकार पर हुए हमले के मामले में बड़ा खुलासा सामने आया है। कोतवाली नगर पुलिस ने तीन आरोपियों अफताब उर्फ राजा बाबू, महफूज़ आलम और उमेश चौहान–को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपित सपा नेता गौरव पांडे सहित कई नाम अभी भी फरार बताए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, घटना की शुरुआत उस वक्त हुई जब पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अचल यादव के मिर्जापुर आवास पर सपा नेता गौरव पांडे की पिटाई हुई थी।

गौरव पांडे को शक था कि यह हमला पत्रकार राममूर्ति यादव के इशारे पर कराया गया था।इसी रंजिश और बदले की भावना से पत्रकार पर हमला करने की साजिश रची गई। बीते दिनों अखबार कार्यालय के सामनेलोहे की रॉड से पत्रकार राममूर्ति यादव पर बेरहमी से हमला किया गया, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं।हमलावरों ने मौके को अच्छी तरह चुनकर वारदात को अंजाम दिया, जिससे साफ है कि यह हमला पूरी तरह सोची-समझी योजना के तहत किया गया था।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की शुद्धता से जुड़ा अभियानः भूपेन्द्र चौधरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में महानगर व जिला इकाई की संयुक्त कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान लोकतंत्र की शुद्धता से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इस अभियान में सभी बूथ कमेटियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि उनके क्षेत्र का कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए और कोई भी बोगस मतदाता सूची में शामिल न होने पाए।

उन्होंने कहा कि 16 दिसम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के बाद सभी बूथ कमेटियां गंभीरता से सूची का अवलोकन करें। यदि कोई व्यक्ति दो स्थानों से मतदाता बना पाया जाता है या कोई संदिग्ध अथवा फर्जी नाम सूची में दर्ज दिखाई देता है तो उसकी सूचना तत्काल लिखित रूप में चुनाव आयोग को दें। यह अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का माध्यम है।

**निरीक्षण**

**भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि पुनरीक्षण के तहत जिन बूथों की संख्या बढ़ाई गई है, उनके पोलिंग स्टेशनों का भौतिक निरीक्षण जिला व महानगर के पदाधिकारी अवश्य करें।**

भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि पुनरीक्षण के तहत जिन बूथों की संख्या बढ़ाई गई है, उनके पोलिंग स्टेशनों का भौतिक निरीक्षण जिला व महानगर के पदाधिकारी अवश्य करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चुनाव के दिन मतदाताओं को वहां तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन के पदाधिकारी शक्ति केंद्रों व बूथ पदाधिकारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें ताकि किसी भी समस्या का समय रहते समाधान हो सके।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रत्येक घर तक पहुंचकर मतदाता सूची की जांच करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यशाला में प्रस्तावना क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने रखी जबकि स्वागत महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और समापन जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, अभियान प्रभारी तिलकराम मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नथिंग फ़ोन (3ए) लाइट अब नए ब्लू कलर में उपलब्ध

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** लंदन-बेस्ड टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने स्मार्टफ़ोन फ़ोन (3ए) लाइट की सेल 05 दिसंबर 2025 से शुरू कर दी है। इंडिया लॉन्च के दौरान कंपनी ने क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ नया ब्लू कलर ऑप्शन भी पेश किया है।फ़ोन में नथिंग का सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिज़ाइन, 6.77 इंच का AMOLED डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल मेन कैमरा (ट्रूलेंस इंजन 4.0), मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो चिपसेट और 5000mAh की बैटरी दी गई है।इसकी कीमत ?20,999 रखी गई है, जबकि बैंक ऑफर के बाद यह ?19,999 (8GB + 128GB) में उपलब्ध है। फ़ोन (3ए) लाइट अब भारत में फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा सहित कई रिटेल आउटलेट्स पर मिल रहा है।

# पुलिस ने 24 घंटे में खोली अज्ञात हत्या की गुत्थी, तीन आरोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि थाना हैदरगंज पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से अज्ञात शव की हुई हत्या का सिर्फ 24 घंटे में सफल अनावरण कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 03 दिसंबर 2025 को मऊ ग्रामसभा के पास विशुही नदी में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई। ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरों और फोटो वाट्सऐप ग्रुप के जरिए मृतक की पहचान यदुनाथ पुत्र स्व. दयाराम कोरी के रूप में हुई। पुत्र सुरजीत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन टीमों का गठन किया गया। 04 दिसंबर की सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन अभियुक्तों रामकुमार शुक्ला



(40)रामबाबू उर्फ आयुष यादव (21) दिलीप उर्फ चलाकी (19)निवासी सहावां, थाना बीकापुर को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक ने पहले अभियुक्त रामकुमार की बेटी व मां को गाली दी थी। इससे नाराज होकर तीनों ने योजनाबद्ध तरीके से यदुनाथ को ऑटो में बैठाकर ले गए और ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। बाद में शव को विसुही नदी पुल से नीचे फेंक दिया गया।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक ईंट (आला-ए-कत्ल) और तीन पहिया ऑटो (क्र 42 DT 5010) बरामद किया।

मु.अ.सं. 156/2025, धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस व स्ट/ST Act

आरोपी रामबाबू का पूर्व आपराधिक इतिहास भी मिला। पुलिस टीम शामिल थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय, उ.नि. श्रीपति मौर्य, उ.नि. बुद्धिमान सिंह, का. नरेंद्र भारद्वाज, का. अभिषेक यादव, का. गौरव कुमार, का. कुंवर पाल थे।

# आजाद हिंदू सेना ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने और गौहत्या पर प्रतिबंध की उठाई मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** आजाद हिंदू सेना के राष्ट्रीय प्रमुख अमित राठौर के नेतृत्व में गुरुवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। संगठन ने गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा प्रदान करने और देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की प्रमुख मांग उठाई। अमित राठौर ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और परंपरा में विशेष स्थान रखती हैं। दूध, दही, घी, गोबर और गौमूत्र तक गाय का हर रूप मानव जीवन और पर्यावरण के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक भावना का मुद्दा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय है। यदि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिलता है तो उनके संरक्षण के लिए कानून और व्यवस्था और मजबूत होगी तथा गौशालाओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि देशभर में कई स्थानों पर बेसहारा गायों की उचित देखभाल नहीं हो पाती।

ऐसे में केंद्रीय स्तर पर सख्त कानून बनाए जाने की जरूरत है। संगठन की अन्य मांगों में गौशालाओं को वित्तीय सहायता और गायों के संरक्षण को बढ़ावा देने वाले कदम शामिल हैं। प्रदर्शन में गौतम कश्यप , अंशुल सक्सेना, पवन पंडित, हर्ष वर्मा , आदित्य गुप्ता , गौरी महाराज , शुभम श्रीवास्तव, ललित कश्यप ,आकाश प्रजापति,मोना श्रीवास्तव, पलक श्रीवास्तव, दीपा श्रीवास्तव, रनों शर्मा , मोहिनी हिन्दू, सुजाता मिश्रा, नीतू श्रीवास्तव, बर्षा सक्सेना, गीता, सुमन भाटिया , प्रियंका कपूर , डिम्पल , विशाल बाबा , तेजपाल गंगवार, आयुष वर्मा , रवि शंकर आदि मौजूद रहे।

## रूस के राष्ट्रपती विलादीन पुतीन की भारत आने पर स्वागत : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रूस के राष्ट्रपति विलादिन पुतीन की भारत आमद पर स्वागत किया है। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि भारत और रूस के बहुत पुराने दोस्ताना ताल्लुकात रहे हैं। भारत और रूस की दो बड़ी सख्शीयते बैठेगी और बहुत सारे मामलात पर समझौते होंगे, मै रूस के राष्ट्रपती विलादीन पुतीन की भारत आने पर स्वागत करता हूं। मौलाना बरेलवी ने कहा कि भारत ने आर्थिक, कल्चरल और रक्षा के क्षेत्र में रूस से मुहाइदे किए हैं।

## सगीर अहमद मुहब्बत, अमन और इंसानियत का पैगाम दियाः अनील त्रिपाठी

**सदभावना दिवस के रूप में मनाई गई समाजवादी चिंतक सगीर अहमद की जयंती**

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सगीर अहमद समाजवादी विचारों से पूरी तरह से इत्तेफाक रखते थे। उनका मानना था कि समाजवाद ही देश में समानता और सम्पन्नता लाएगा। वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी और संघर्षों के साथी थे। उन्होंने तमाम दुख-परेशानियां और खतरे झेलते हुए समाजवाद को अपनी जिंदगी में भी ढालने की कोशिश की। यह बात नगर के गाँधी भवन स्थित में गाँधी जयंती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में सगीर अहमद की 92वीं जयंती पर आयोजित सभा के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कही। गुरूवार को सगीर अहमद और शिव कुमार राय के स्मृति दिवस पर आयोजित सदभावना दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार



अनिल त्रिपाठी ने कहा कि सगीर अहमद मुल्क के उन गिने चुने राजनेताओं में शामिल रहे हैं, जिन्होंने समाज में सियासत के जरिए मुहब्बत, अमन और इंसानियत का पैगाम दिया। वह एक सच्चे वतनपरस्त और सेक्युलर इंसान थे।

समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने बताया कि एक राजनेता के तौर पर सगीर अहमद की समाजवादी विचारक की भूमिका और दूरदर्शिता का कोई सानी नहीं है।

अपने विचारों से उन्होंने समाजवादी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाया। लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि सगीर अहमद की समाजवादी विचारधारा में गहरी आस्था थी। समाजवाद ही उनके जीने का सहारा था और आखिरी समय तक उन्होंने इस विचार से अपनी आस नहीं छोड़ी। सभा का संचालन वरिष्ठ सपा नेता हमायूँ नईम खान ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, सपा नेता प्रमोद बाजपेयी, शिवशंकर शुक्ला, विनय कुमार सिंह, धनंजय शर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, वरिष्ठ पत्रकार तारिक़ खान, अजय कुमार वर्मा बबलू, ज्ञान सिंह यादव, तौकीर करीर, साकेत मौर्य, मृत्युंजय शर्मा, सत्यवान वर्मा, हशमत अली गुड्डु, राजेश यादव, शिवा शर्मा, मनीष सिंह, अशोक जायसवाल, रंजय शर्मा, नीरज दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मुलायम की याद में सांझी मुशायरा व कवि सम्मेलन 14 को



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** सांझी विरासत द्वारा 14 दिसंबर को कराए जाने वाले 11वें मुशायरा एवं कवि सम्मेलन को समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के नाम पर करने का जो निर्णय लिया है वह सराहनीय हैं। उक्त बात समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने साझी विरासत की नेहरू नगर में मुशायरे हो कवि सम्मेलन को संपन्न कराने के लिए आयोजित बैठक में साझी विरासत के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए व्यक्त किये। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि नेताजी का सम्मान पूरा मुल्क करता है उनके नाम से जनपद में मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जाना हम समाजवादियों के लिए गौरव का विषय हैं कमेटी द्वारा इस निर्णय के लिए मैं साझी विरासत के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता की कामना करता हूं।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मौलाना मदनी का पुतला फूंका

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** मौलाना महमूद मदनी के हालिया बयान को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया और मदनी का पुतला फूंका। संगठनों का आरोप है कि मौलाना मदनी ने भोपाल में सार्वजनिक मंच से वंदे मातरम्, सनातन धर्म और न्यायपालिका के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मदनी के कथन जब तक जुल्म होगा तब तक जिहाद होगा, हम सीने पर गोली खाएंगे हम आखिरी दम तक लड़ेंगे समाज को उकसाने वाले और देश में तनाव फैलाने वाले हैं। उनका कहना है कि इन बयानों से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और समाज में अविश्वास का माहौल पैदा करने का प्रयास किया गया।

# आरपीआईसी स्कूल की वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा बाजार स्थित आरपीआईसी स्कूल में आयोजित तीनदिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रेड हाउस कुल 14 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज पदक जीतकर समग्र चैंपियन बना। येलो और ब्लू हाउस ने समान 8-8 गोल्ड हासिल किए, लेकिन सिल्वर मेडल की संख्या के आधार पर येलो हाउस उपविजेता घोषित हुआ। येलो ने 10 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज जबकि ब्लू हाउस ने 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते। ग्रीन हाउस 4 गोल्ड, 11 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज के साथ शीर्ष तीन में स्थान नहीं बना सका। रेड हाउस ने 100 मीटर दौड़ (बालक/बालिका), कबड्डी गर्ल्स, लंबी कूद, स्पून-मार्बल, स्किपिंग, बैडमिंटन और चेस सहित कई स्पर्धाओं में पहला स्थान प्राप्त किया। येलो हाउस ने शॉटपुट, रस्साकस्सी, क्रिकेट, कबड्डी सीनियर तथा चेस में शानदार प्रदर्शन किया। ब्लू हाउस ने लंबी रेस, कबड्डी जूनियर, खो-खो और बैडमिंटन सीनियर बालिका वर्ग में स्वर्ण अर्जित किए। प्रधानाचार्य डॉ. पंकज तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों में अनुभव सबसे बड़ी सीख है।

## पुलिस की तत्परता से छात्रा का खोया हुआ बैग बरामद



**रामनगर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** बस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का बैग खो गया। जिसके बाद पीड़िता महिला ने रामनगर पुलिस को बैग खो जाने की जानकारी दी। जानकारी मुताबिक आज गुरुवार को लखनऊ से रामनगर जा रही पीड़ित महिला दिशा शर्मा पुत्र आशीष कुमार निवासी ग्राम डुडी पोस्ट चैला थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी का बैंग बहराइच डिपो में छूट गया, जिसमें 5000 रुपये व अन्य सामान थे। शिकायत प्राप्त होने पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर संबंधित वाहन की पहचान की गई तथा वाहन स्वामी को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात तत्पश्चात का0 सुनील चौहान व का0 शिव मोहन वर्मा, थाना रामनगर पुलिस के प्रयासों से वाहन स्वामी से संपर्क स्थापित कर दिशा उपरोक्त का खोया बैग वापस कराया गया। दिशा उपरोक्त द्वारा रामनगर पुलिस का आभार प्रकट किया

## चेयरमैन व सभासद पति के बीच मारपीट के मामले में दोनों पक्षो पर मुकदमा दर्ज

**रामनगर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** चेयरमैन और सभासद पति के बीच हुई मारपीट में सभासद पक्ष के चार और चेयरमेन पक्ष के आठ लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।घटना स्थल पर लगे सी सी कैमरे की फुटेज भी पुलिस ने अपने पास रख ली है जिसमें चेयरमैन पक्ष के लोगों की गलती दिखी बताई जा रही है।बीते गुरुवार को सभासद पति शुभम जायसवाल की पिकअप उनके गोदाम के सामने खड़ी सामान लाद रही थी कि उसे सड़क से हटाने को लेकर चेयरमैन पुत्र से हुए विवाद में मारपीट हो गई थी।इस संबंध में सभासद पति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उन्होंने चेयरमैन के मकान सामने स्थित अपने गोदाम पर सामान लादने के लिए पिकअप भेजा था तभी वहाँ पर पूर्व नियोजित साजिश से घात लगाये बैठे विपक्षी मोनू पाठक, पंकज पाठक, संजय पाठक, सोनू पाठक व चेयरमैन रामशरण पाठक, बंटी ओझा, हरीश तिवारी व दयाशंकर ने पिकअप रोक ड्राइवर से चाभी छीन ली।

ड्राईवर की सूचना पर वह जब मौके पर गए तो विपक्षीजन एक राय होकर उन पर जान लेवा हमला कर दिया। अभी भी उसे व परिवार को विपक्षी लोग जान से मारने की धमकी दे रहे है। उधर चेयरमैन पुत्र विवेक कुमार उर्फ मोनू पाठक ने दी गई तहरीर में कहा था कि सभासद पति की पिकअप सार्वजनिक मार्ग पर खडी थी जिसे हटाने को कहा मगर विपक्षी उत्तेजित हो गया और अपने भाईयो राहुल जायसवाल, सौरभ जायसवाल व शोभित जायसवाल को लेकर उसे मारने दौडे। मारपीट की घटना में उसे गम्भीर चोट आई।

कोतवाल ने मिली तहरीरो पर दोनों तरफ के कुल 18 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सी सी कैमरे से वीडीओ रिकॉर्डिंग पुलिस ने ली है जिसमें चेयरमैन पक्ष के लोगों की गलती सामने आई है। मामले की जांच हल्का इंचार्ज कर रहे हैं।

## देशी शराब की दुकान से 1.20 लाख नकद चोरी

**सीसीटीवी क्षतिग्रस्त कर डीवीआर भी गायब**

*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** चौक थाना क्षेत्र के करौता गांव में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने एक देशी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए लगभग 1.20 लाख रुपये नकद उड़ा दिए। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घटना को कवर-अप करने के लिए सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर डीवीआर भी गायब कर दिया, जिससे सुराग मिलना मुश्किल हो गया है। दुकान चौक-निचलौल मुख्य मार्ग के उत्तरी दिशा में स्थित है। दुकान की देखरेख करने वाले मुनीब प्रद्युम्न चौधरी, निवासी नंदाभार, बुधवार शाम रोज की तरह हिसाब-किताब कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जब वे दुकान पहुंचे तो मुख्य दरवाजा टूटा देख सकते में पड़ गए। अंदर जांच करने पर गल्ले से कैश गायब था, वहीं सीसीटीवी डीवीआर भी नहीं मिला। दुकान के पीछे खेत की तरफ एक टूटा हुआ कैमरा और एक पक्कड़ बरामद हुई है, जिससे साफ है कि चोर घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देकर मौके से फरार हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही सीओ निचलौल शिव प्रताप सिंह, एसओ ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। पुलिस ने मुनीब को पूछताछ के लिए थाने ले जाकर उसके परिजनों से भी जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। इससे पहले नगर पंचायत चौक स्थित उपडाकघर में चोरी का प्रयास तथा सोनाड़ी खास में हुई चोरी का खुलासा भी अब तक नहीं हो सका है। लगातार हो रही ऐसी वारदातों से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

# प्रवेश परीक्षा की तैयारी कक्षाओं पर समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अभ्युदय योजना के अंतर्गत चिकित्सा तथा अभियान्त्रिकी प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु संचालित होने वाली कक्षाओं पर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अभ्युदय योजना ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी औपचारिकताएँ शीघ्र पूरी कर कक्षाओं का संचालन तुरंत आरंभ किया जाए, ताकि विद्यार्थियों का समय व्यर्थ न हो।

जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि अभ्युदय योजना की कक्षाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पोस्टर, सूचना-पट्ट,



सामाजिक माध्यमों तथा विद्यालयीय सभाओं के माध्यम से अधिकतम विद्यार्थियों तक जानकारी पहुँचाई जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कक्षाओं का संचालन पूर्णतः परिणाम आधारित हो। विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित अध्यापन के साथ-साथ साप्ताहिक परीक्षा, प्रगति मूल्यांकन तथा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत शैक्षणिक आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही उपस्थिति, अध्यापन की गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के प्रदर्शन की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि अभ्युदय योजना को जनपद के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावी और सफल मंच बनाने में किसी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान एकता संघ ने प्रीपेड मीटर लगाने का किया विरोध, मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** शहर में विद्युत विभाग द्वारा किसानों के घरों पर बिना सहमति के प्रीपेड विद्युत मीटर लगाए जाने के खिलाफ किसान एकता संघ ने गुरुवार को मुख्य अभियंता बरेली को ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय नेता डॉ. रवि नागर ने कहा कि किसान परिवारों पर जबरन प्रीपेड मीटर थोपना शोषण जैसा कदम है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय का मुख्य स्रोत खेती है, जिसमें छह-छह महीने बाद ही आमदनी होती है। ऐसे में किसान नियमित रूप से प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे। उधर गन्ना किसानों का भुगतान भी वर्षों तक अटका रहता है। ऐसे हालात में घरों पर प्रीपेड मीटर लगाने से किसानों पर आर्थिक बोझ और बढ़ेगा। डॉ. नागर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक किसानों की फसलों का भुगतान प्रीपेड पद्धति पर नहीं किया जाता, तब तक किसानों के घरों पर किसी भी कीमत पर प्रीपेड मीटर लगाए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर सिद्धार्थनगर जिले और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से संबंध रखने वाली विवाहित महिलाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में आ रही परेशानियों की ओर ध्यान आकर्षित कराया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट विजय सिंह ने बताया कि महराजगंज और नेपाल के बीच सदियों से रोटी-बेटी का संबंध रहा है, जिसके कारण जिले की कई महिलाओं का विवाह नेपाल और सिद्धार्थनगर जनपद में हुआ है। लेकिन सन् 2003 की मतदाता सूची में इन महिलाओं के विशेष विवरण (एसआईआर) का स्पष्ट उल्लेख न होने से उनका नाम स्थानीय मतदाता सूची में दर्ज कराने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि कई महिलाओं को बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) द्वारा जानकारी के अभाव में फॉर्म भरने में समस्याएँ झेलनी पड़ रही हैं। कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि वे बीएलओ के माध्यम से प्रभावित महिलाओं और नागरिकों को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएँ। विजय सिंह ने यह भी बताया कि सिद्धार्थनगर जिले की 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट पर अद्यतन न होने से दूसरे जिले से स्थानांतरित नागरिकों को एसआईआर फॉर्म भरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति के बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समितियों के कार्यों की प्रगति, वर्तमान एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों से अपेक्षित कार्यों की अद्यतन स्थिति प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा संरक्षण, नदी के तटीय क्षेत्रों का विकास, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इसलिए सभी संबंधित विभागों को समन्वयित रूप से कार्य करते हुए तय समय-सीमा के भीतर सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि गंगा और अन्य जल स्रोतों में प्रदूषण नियंत्रण तथा कचरा प्रबंधन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों, नगर निकायों और स्थानीय संस्थाओं द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, जैव विविधता संरक्षण, तथा वायु गुणवत्ता सुधार जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से कहा कि गंगा एवं पर्यावरण से संबंधित प्रत्येक कार्य की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का भौतिक सत्यापन भी किया जाए और जमीनी स्तर पर कठिनाइयों को तत्काल दूर कराया जाए। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, एसडीओ वन विभाग सुदर्शन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मार्गशीर्ष पूर्णिमा आध्यात्मिक उत्थान का पावन पर्व श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** मार्गशीर्ष पूर्णिमा, हिंदू पंचांग के अनुसार गुरुवार को मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि है। इस दिन का आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है, जिसमें आत्मिक शांति और मानसिक संतुलन की प्राप्ति होती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन अनेक देवताओं और ऋषियों ने तप और साधना की। इस दिन गंगा स्नान से पापों का नाश और पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी क्रम में भक्तों ने टांडा और अयोध्या स्थित मां सरजू और गंगा के पवित्र जल सरोवर में स्नान करने के बाद यथाशक्ति दान पुण्य भी किया, तथा जगह जगह भगवान विष्णु जी की कथा भी सुनी सुनाई गई, और कई स्थानों कीर्तन वगैरा भी किया गया।इससे भी भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है। इस पर्व के माध्यम से भक्तगण विशेष पूजा-अर्चना, मंत्र-जाप और भजन-कीर्तन से आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त करते हैं।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव ने एसआईआर में लापरवाही और कमियों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारत चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एस आई आर फार्म गणना प्रपत्र में प्रशासन की तरफ से हो रही घोर लापरवाही और कमियों को लेकर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ नगर से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा तथा जमीनी स्तर पर आ रही कर्मियों को अवगत भी करवाया।

शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों का नाम 2003, 2024 और 2025 की वोटर लिस्ट सूची में दर्ज होने के बाद भी गणना प्रपत्र नहीं दिया गया।

कही कहीं पर 2003 की वोटर लिस्ट पहले कुछ और क्रमांक का जारी हुआ था बाद में कुछ और सीरियल क्रमांक का जारी होने के कारण लोग मे अपना सीरियल क्रमांक को लेकर असमंजस की स्थिति है ऐसे में प्रशासन को ये बताना चाहिए कि कौन सा सीरियल क्रमांक नंबर मान्य है

अधिकांश मतदाताओं का स्वयं का नाम उनके मां-बाप, दादा- दादी, नाना- नानी का नाम 2003 के मतदाता सूची में दर्ज है। और गणना प्रपत्र सही भरने के बाद भी बीएलओ द्वारा साइट न खुलने का हवाला देकर ऑप्शन 3 में फॉर्म अपलोड कर दिया है उन फॉर्मों को रे- वेरीफाई करवाया जाए और मतदाताओं को यह बताया जाए कि उसका फॉर्म किन ऑप्शन (कैटेगरी) में भरा गया है जब चुनाव आयोग ने एडिटिंग का ऑप्शन दे दिया है सारे फॉर्मों को एडिटिंग करवाया जाए। जहां अल्पसंख्यक और वंचित तबके के लोगों की आबादी ज्यादा है वहां योजनाबद्ध तरीके से ये किया गया है इसकी जांच भी होनी चाहिए

ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा दो के जगह एक गणना प्रपत्र दिया जा रहा है और कई जगह पर तो रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है जो एक साजिश लग रही है।

यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है आगे उन्होंने कहा कि मतदाताओं का जो फॉर्म प्रशासन की लापरवाही से गलत ऑप्शन 3 में लोड किया गया है उसे एडिटिंग करके सुधार कर ऑप्शन 1 और 2 में भरा जाए तथा गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण वी संग्रह सुनिश्चित किया जाए मतदाताओं को यह नहीं लगना चाहिए कि उनके वोट को सत्ता की सुविधा के अनुसार गायब किया जा रहा है।

इस दौरान सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सद्दाम हुसैन, सपा युवा नेता रियाज अहमद, सोनू प्रजापति, सरताज अहमद, अनिल कुमार गुप्ता, अशफाक अहमद खान, शमशाद अहमद, मंगल यादव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# क्विज प्रतियोगिता में ई टीम के बच्चों ने किया टॉप



**विज्ञान, गणित में अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित की गई प्रतियोगिता**

अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के पूर्व माध्यमिक एवंकंपोजिट विद्यालय के बच्चों का ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता, ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर के सभागार में सम्पन्न हुआ, जिसमे ब्लॉक के कुल 84 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। लिखित परीक्षा के बाद प्रतियोगिता में टॉप 25 बच्चों का पांच ग्रुप बनाकर मौखिक रूप से प्रत्येक ग्रुप से विज्ञान से संबंधित पांच चक्र में पांचङ्कपांच प्रश्न पूछे गए, जिसमें ग्रुप श्व के विकास काशीपुर, अंकिता शर्मा बूडा, अवनीश यादव रमजान नगर, साधना बर्डपुर, शबनम परसा बेलहरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा ग्रुप ए के दुर्गेश प्रजापति, गरिमा राव चकइजोत, श्यामू मधुबेनिया, खुशी बर्डपुर, वतन जायसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त सभी छात्र छात्राओं को शील्ड, मेडल, शिक्षण सामग्री, प्रशस्ति पत्र, देकर सम्मानित किया।

विज्ञान, गणित के प्रति अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार के अंतर्गत विज्ञान की यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक स्तर पर टॉप करने वाले श्व टीम को जिला स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में अपने प्रोजेक्ट के साथ प्रतिभाग करना होगा। परीक्षा के सफल आयोजन में ब्लॉक समन्यवयक गुणवत्ता आशीष सिंह, लेखाकार अभिनव श्रीवास्तव कक्ष निरीक्षक के रूप में लगे सभी एआरपी का विशेष योगदान रहा। परीक्षा के समय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, अब्दुल अज़ीज़। लोकेंद्र कुमार, ओम प्रकाश त्रिपाठी, सुशील कुमार सिंह, सालिक राम चौधरी, विनोद बजाज, विजय चौधरी, राम सेवक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में उतराता मिला युवक का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** कोतवाली क्षेत्र के कर्नलगंज कस्बे स्थित मोहल्ला बम्पुलुस के पास गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक पुराने कुएं में किसी व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उतराता हुआ दिखाई दिया। शव दिखने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठी हो गई, वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोहल्ले के पास स्थित पुराने कुएं में स्थानीय लोगों को एक व्यक्ति का शव उतराता दिखाई पड़ा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र राय व चौकी इंचार्ज राजीव कनौजिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कार्य शुरू कराया। पुलिस के मुताबिक कुएं में पानी काफी गहरा था, जिसके कारण शव को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस टीम और स्थानीय लोगों

**परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, पुलिस ने रेस्क्यू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

की मदद से लंबे प्रयास के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला जा सका। शव की पहचान अकबर अली उर्फ चौधरी (42 वर्ष), पुत्र मोहर्रम अली निवासी मोहल्ला बम्पुलुस, कर्नलगंज के रूप में हुई है। घटना स्थल पर भीड़ बढ़ने पर पुलिस बल तैनात कर लोगों को नियंत्रित किया गया।

इस दौरान मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का गंभीर आरोप लगाया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब तक दोषियों को पकड़ा नहीं जाता, वे शव को नहीं ले जाने देंगे। काफी देर की समझाइश और परिजनों से लिखित तहरीर लिए जाने के बाद पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में पंचायत सचिवों ने बांधी काली पट्टी, प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली (एफआरएस) और गैर विभागीय कार्यों के विरोध में गुरुवार को शोहरतगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत सचिवों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले हुए प्रदर्शन में सचिवों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर शासन के फैसले के खिलाफ नाराजगी जताई।

प्रदर्शन की अगुवाई वरिष्ठ सचिव रामस्वरूप गुप्ता ने की। इस दौरान वरिष्ठ सचिव राम सिंह, सचिव अजय भारतीया, प्रभारी एडीओ (पं.) एवं सचिव कुंवर कन्नौजिया, कामेश्वर मिश्र, गौरव श्रीवास्तव, संदीप सरोज, निशा श्रीवास्तव और लालचंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव मौजूद रहे। सचिवों का कहना था कि शासनादेश के तहत 3 नवंबर से लागू की गई ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली वर्तमान फील्ड परिस्थितियों में अव्यावहारिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या और तकनीकी दिक्कतों के कारण यह व्यवस्था शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रही है। उन्होंने शासन से इस आदेश पर पुनर्विचार की मांग की।

वरिष्ठ सचिव अजय भारतीया ने बताया कि 1 से 4 दिसंबर तक सभी पंचायत सचिव काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज करेंगे। वहीं 5 दिसंबर को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक ब्लॉक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद सभी सचिव ब्लॉक के आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप से बाहर होंगे। साथ ही 10 दिसंबर से सचिव इंजन चालित वाहनों का प्रयोग बंद कर केवल सार्वजनिक परिवहन से ही क्षेत्र भ्रमण करेंगे।

# अपर उप जिलाधिकारी को मिला टांडा नगर पालिका प्रशासन के ईओ का प्रभार

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** अपर उपजिलाधिकारी नीरज गौतम को मिला अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद टांडा का प्रभार अब तक एसडीएम टांडा के पास था अतिरिक्त प्रभार। जिले की ए श्रेणी दर्जा प्राप्त नगर पालिका परिषद टांडा को अपर उप जिला अधिकारी नीरज गौतम के नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु अधिशाषी अधिकारी के रूप में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने प्रभार सौंप दिया हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर उप जिला अधिकारी नीरज गौतम ने बुधवार शाम को नगर पालिका परिषद टांडा के कार्यालय में पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पालिका में तैनात मुख्य कर्मचारियों और अधिकारियों से शिष्टाचार/परिचायात्मक भेंट कर काम काज से संबंधित जानकारी प्राप्त किए। हालांकि लंबे अंतराल से छुट्टी पर चले गए टांडा नगर पालिका में तैनात अधिशाषी अधिकारी डॉ आशीष सिंह के बाद से टांडा पालिका के प्रभार को लंबे अंतराल से टांडा के तेजतर्रार उपजिलाधिकारी डॉ शशि शेखर व उनके बाद उपजिलाधिकारी श्रीमती रेनू तथा उपजिलाधिकारी अरविन्द त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जा रही थी। बुधवार को अपर उप जिला अधिकारी नीरज गौतम के नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने के उद्देश्यों से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने अधिशाषी अधिकारी का प्रभार सौंप दिया और इस बीच संभ्रांत व जानकार लोग चर्चाएं कर रहे हैं कि क्या पालिका टांडा के प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से निरंतर कार्यालय में उपस्थित रहकर प्रतिदिन सुनिश्चित कर पाएंगे नवागत अपर उप जिला अधिकारी नीरज गौतम बहरहाल अब देखना होगा कि अशरफपुर किछौछा का भी प्रशासक नियुक्त इन्हीं को किया गया है, दोनों पालिका की संयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित कैसे और किस प्रकार से अपर उप जिला अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# दाम्पत्य सूत्र में बंधे मुन्ने हसन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर।** नगर के जाफराबाद निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अब्बास राजा (भारत बस सर्विस) के छोटे भाई मुजम्मिल अब्बास उर्फ मुन्ने हसन दाम्पत्य सूत्र में बंध गए। उस्मानपुर स्थित मस्जिद फात्मा जहरा में मुहल्ला वासियों व रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों की मौजूदगी में मौलाना जाफर रज़ा जौहरी और हौजा इल्मिया जलालपुर के प्रिंसिपल मौलाना अशफाक हुसैन ने निकाह पढ़ा। अंजुमन जाफरिया छोटा इमामबाड़ा के साहिब-ए-बयाज फिजा अब्बास व उनके हमनवां ने सेहरा पढ़कर समा बांधा। सामाजिक कार्यकर्ता के आवास पर दूसरे दिन वलीमे का आयोजन हुआ।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने शुभ विवाहोत्सव कार्यक्रम पर पत्र भेजकर शुभकामनाएं देते हुए नवदम्पत्ति के जीवन सुख- समृद्धि से परिपूर्ण होने की कामनाएं दी।वलीमे में दुर्गा प्रसाद विधायक आज़म गढ़,नफीस अहमद विधायक सगड़ी आजमगढ़, पूर्व सांसद रिश्ते पांडेय, पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, पूर्व मंत्री ललई यादव, सांसद प्रतिनिधि,डी आई जी मनीराम,पूर्व विधायक सुभाष राय, पूर्व एम एल सी हीरालाल यादव,सपा जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, मोहम्मद एबाद, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर बग्गा, डॉ राजेश सिंह, सेवानिवृत्त आईपीएस शफीक अहमद, सपा नेता अनीसुर्हमान, पूर्व मंत्री राम अचल राजभर के पुत्र संजय राजभर, डॉ मोहम्मद कासिम,पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी कमर अंसारी,अबुल बशर अंसारी, शिफाअत हुसैन एडवोकेट, जायर जाफरी एडवोकेट, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरी, अजवर जमाल अंसारी, आतिफ अंसारी,अली अब्बास, सज्जू प्रधान, खुर्शीद महतो, इब्ने अली जाफरी ने पहुंचकर सुखद जीवन की कामना करते हुए मुबारकबाद दी। अली असगर लाले ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया

**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** जनपद के थाना क्षेत्रो में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा बालक बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया आज दिनांक 04/12/25 को राजेपुर क्षेत्र में जाकर कैप्टन बी पी एस पब्लिक स्कूल बदनपुर में छात्र व छात्राओं को साइबर अपराध व तीन नए कानून के बारे द्व बताया गया एवं मिशन शक्ति फेस 5 द्व्द्द बारे में जानकारी दी क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना कमालगंज में महिलाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अभियान के अंतर्गत थाना फर्रुखाबाद में महिलाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**अवधनामा संवाददाता, हजपुरा, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के जैनापुर गांव के पास एक दर्दनाक दुर्घटना में श्रमिक राधेश्याम राजभर की मृत्यु हो गई। 55 वर्षीय राधेश्याम, जो सम्मनपुर थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर (मीरपुर) के निवासी थे, न्यायालय से तारीख लेकर साइकिल से घर लोट रहे थे। वापस आते समय, जैनापुर गांव के नज़दीक ट्रैक्टर-ट्रॉली, जो टेंट का सामान ले जा रही थी, ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रॉली के पहिए राधेश्याम के सिर पर से गुजर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना परिवार के लिए गहरा दुख लेकर आई है, क्योंकि मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति भी काफी कमजोर है। मृतक के परिवार में एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जिनमें दो पुत्रियां विवाह योग्य हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है और परिवार को आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है।

## फार्मासिस्टों ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** जनपद के यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्र के पदाधिकारीयों ने गुरुवार को जिला मेडिकल कालेज के परिसर से स्थित सीएमओ कार्यालय पहुंचकर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जय गोविंद को एक ज्ञापन पत्र सौंपा जिसमें जनपद में चल रहे अवैध रूप से क्लीनिक, पैथालॉजी,डायग्नोसिस सेंटरों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की गई है। मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने बताया कि अवैध क्लीनिक ,पैथालॉजी सेंटरों पर कार्यवाही की मांग के लिए पूर्व में लगभग दासों बार पत्राचार किया गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है लेकिन जनपद में नवागत सीएमओ के आने के बाद अपने नए आशा के साथ एक बार फिर से ज्ञापन सौंपा गया है अध्यक्ष रोहित मिश्र ने कहा कि जनपद में अवैध क्लीनिक, हॉस्पिटल की वजह से आए दिन जिले में एक न एक घटनाए होती रहती है। ओर इसपर जिला प्रशासन के द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जाता है। ज्ञापन देने वाले में सनत पांडे, गोपाल साहू, संजय अवस्थी, मॉरिस आलम, बृजेश शुक्ला, शोभित मिश्रा, अनमोल,लोग उपस्थित रहे।

## वाहनों के विक्रय के समय जिसके नाम वाहन किया जा रहा है उसका ई-रिक्शा/ई-कार्ट लाइसेंस अनिवार्य रूप से लिया जाए : माला वाजपेयी

**बृजेश कुमार शुक्ल, बस्ती ।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) माला वाजपेयी की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में समस्त ई-रिक्शा/ई-कार्ट के डीलर एवं मोटर ड्राइवर ट्रेनिंग सेन्टर के प्रबन्धकों की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने जनपद के समस्त ई-रिक्शा/ई-कार्ट डीलरों को निर्देशित किया कि वाहनों के विक्रय के समय जिसके नाम वाहन किया जा रहा है उसका ई-रिक्शा/ई-कार्ट लाइसेंस अनिवार्य रूप से लिया जाए। यदि ई-रिक्शा/ई-कार्ट क्रेता के पास सम्बन्धित वाहन का लाइसेंस नहीं है तो ऐसी दशा में क्रेता द्वारा लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने बाद ही सम्बन्धित वाहनों का पंजीयन किया जाए। ऐसी दशा में उन्हें अस्थायी अधिकार पत्र जारी किया जायेगा। ई-रिक्शा/ई-कार्ट वाहन का पंजीयन लर्निंग लाइसेंस के आधार पर किया जायेगा। ऐसे वाहन स्वामियों द्वारा चालक प्रशिक्षण स्कूल से 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थायी लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा, इसके बाद ही सम्बन्धित वाहन की स्थायी पंजीयन पुस्तिका वाहन चालक को प्रदान की जायेगी।

# मदारपुर प्राथमिक विद्यालय में जातिगत भेदभाव और अव्यवस्था चरम पर परिजनों का सड़क पर धरना

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** तहसील टांडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मदारपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में जातिगत भेदभाव, शैक्षिक अव्यवस्था और मनमानी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्यालय के कुछ अध्यापकों ने बच्चों को ÷चमार÷ कहकर विद्यालय से बाहर निकाल दिया, जिसके विरोध में बच्चों व परिजनों ने मदारपुर मोड़ पर धरना-प्रदर्शन किया।

बच्चों ने बताया कि विद्यालय में मिड-डे मील कई दिनों से नहीं मिल रहा, जिसके कारण उन्हें 6-6 घंटे भूखे रहकर पढ़ाई करनी पड़ती है। वहीं अध्यापकों पर यह भी आरोप है कि वे पढ़ाने के बजाय मोबाइल फोन पर व्यस्त रहते हैं और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं।

हालांकि विद्यालय की स्थिति को देखते हुए ग्राम प्रधान शाह आलम द्वारा विद्यालय में भोजन की व्यवस्था पिछले 1 दिसंबर से संचालित किया गया 21 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यह स्पष्ट आदेश जारी किया गया था कि कोई भी शिक्षक या कर्मचारी शासनादेश के बिना अपने पद से न हटाया जाएगा। इसके बावजूद मदारपुर में संबद्ध हेडमास्टर को हटाया जाना अपने आप में सवाल खड़ा करता है।

**पूर्व हेडमास्टर के कार्यकाल में व्यवस्था ठीक थी : ग्रामीण**

परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व हेडमास्टर सुधीर रंजन के समय विद्यालय की पढ़ाई, मिड-डे मील और अनुशासन व्यवस्था पूरी तरह सुचारू थी। लेकिन वर्तमान तैनाती के बाद विद्यालय की हालत बदतर हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने तीन महीने पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से लिखित शिकायत की थी, मगर कार्यवाही आज तक अधर में लटकी है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि सुधीर रंजन को पुनः तैनात नहीं किया गया, तो विद्यालय में बच्चों की संख्या तेजी से घट जाएगी, क्योंकि नई व्यवस्था में न पढ़ाई हो रही है, न भोजन मिल रहा है।

**हेडमास्टर-अध्यापकों का विवाद बना बच्चों का दुर्भाग्य :** सूत्रों के अनुसार 2 दिसंबर 2025 को खंड शिक्षा अधिकारी टांडा द्वारा सुधीर रंजन को प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश जारी किया गया था। लेकिन वर्तमान सहायक अध्यापक अजाज अहमद व कुछ सहायक अध्यापिकाओं ने इसका विरोध किया।

सूत्र बताते हैं कि समझौते की कोशिशें भी हुई और सुधीर रंजन ने विद्यालय के हित को देखते हुए माफी तक स्वीकार की, फिर भी विरोध करने वाले शिक्षक पीछे नहीं हटे। 3 दिसंबर को जब खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं विद्यालय पहुंचीं, तब भी विरोध जारी रहा। इस दौरान बच्चे लगातार मांग करते रहे कि सुधीर रंजन को पहले की तरह हेडमास्टर बनाया जाए, ताकि विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई और भोजन व्यवस्था बेहतर हो सके।

# डीएम व सीडीओ ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, आईटीआई, कृषि विभाग, पर्यटन विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तथा सरयू नहर कॉलोनी आवास निर्माण सहित अनेक विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में संचालित सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा कार्यों में तेज़ी लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करना रहा।बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वर्तमान में चल रही परियोजनाओं में कार्य की गति बढ़ाई जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि देरी होने पर न केवल जनहित प्रभावित होता है, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य निष्पादन भी बाधित होता है, इसलिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी व तत्परता से करें।जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में कार्यदायी संस्थाओं के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि आगामी बैठकों में संबंधित संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर या एक्सईएन स्वयं उपस्थित रहें, किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या लापरवाही पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण और पारदर्शिता को प्राथमिकता दें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विकास कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करें और जनहित में बेहतर परिणाम प्रस्तुत करें। बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति रहने पर प्रोजेक्ट मैनेजर सिडको का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, डीएसटीओ एनके सिंह, अरुण कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डिप्टी सीवीओ, एसीएमओ, उपनिदेशक कृषि, जिला उद्योग अधिकारी , प्राचार्य आईटीआई, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुनीर का क्या होगा?

पाकिस्तान के तनाव, संकट और विस्फोटक हमलों के सिलसिले अभी थमे नहीं हैं। फिलहाल यह अच्छी खबर सामने आई है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जिंदा हैं। उनसे 20 मिनट की मुलाकात के बाद बहिन डॉ. उज़्मा खानुम ने पुष्टि की कि उनकी सेहत ठीक लगती है, लेकिन उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। उन्हें लगभग पूरा दिन जेल के 'सेल' में बंद, अकेले रखा जाता है। किसी से कोई बातचीत नहीं, लिहाजा इमरान बहुत गुस्से में हैं। इन हालात के लिए उन्होंने आसिम मुनीर को दोषी करार दिया है। बहरहाल पाकिस्तान की सियासी, फौजी, हुकूमती पटकथा यहीं समाप्त नहीं होती, बल्कि यहां से नया मोड़ लेती है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ही संसद में 27वां संविधान संशोधन पारित कराया था और फील्ड मार्शल मुनीर के लिए 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' (सीडीएफ) का नया पद सृजित किया था। मुनीर को पाकिस्तान का 'नया तानाशाह' बनाने की प्रक्रिया थी, क्योंकि संविधान संशोधन के बाद उन्हें राष्ट्रपति से भी ताकतवर बनाया जाना था। उन्हें सेनाओं का 'नया सुप्रीम कमांडर' भी बनाया जाना था। उनके खिलाफ कोई अदालती, कानूनी केस दायर नहीं किया जा सकता, ऐसी छूट भी उन्हें दी जानी थी, लेकिन मुनीर प्रशासनिक तौर पर 'तानाशाह' एक सरकारी अधिसूचना जारी होने के बाद ही बन पाते। प्रधानमंत्री शहबाज और उनके बड़े भाई, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने खेला कर दिया। मुनीर यह खेला समझ नहीं पाए अथवा इससे बड़ा खेला उन्होंने सोच रखा है! मुनीर सेना प्रमुख के पद से 29 नवंबर को रिटायर हो गए और सीडीएफ की अधिसूचना जारी नहीं हुई, क्योंकि प्रधानमंत्री शहबाज बहरीन, यमन के प्रवास के बाद लंदन चले गए। वहां तीन दिन रहे। कहा जाता है कि वहां उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट कराए। पाकिस्तान लौटे, तो लाहौर में उतरे और बड़े भाई नवाज के साथ गुफ्तगू की।

उसी दौरान मुनीर को लेकर रणनीति तय की गई, क्योंकि 'तानाशाह' बनाने की आलोचना दुनिया भर में हो रही है। यह मामला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के स्तर पर उठाया गया। रूस और चीन ने भी आगाह किया, क्योंकि वे किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत को हटा कर अमरीका का दोबारा हस्तक्षेप नहीं चाहते। चूंकि मुनीर विधिवत रूप से रिटायर हो गए और नई नियुक्ति तय नहीं हुई, लिहाजा संवैधानिक और सरकारी तौर पर मुनीर आज किसी भी पद पर नहीं हैं। प्रधानमंत्री शहबाज इस्लामाबाद भी लौट आए, लेकिन मंगलवार रात्रि तक उन्होंने सीडीएफ की फाइल पर दस्तखत नहीं किए थे, लिहाजा अधिसूचना भी जारी नहीं की जा सकी। प्रधानमंत्री ने मुनीर से मुलाकात भी नहीं की। क्या इसके मायने साफ हैं कि मुनीर के 'तानाशाह' बनने के मंसूबे अधर में ही लटक कर रह गए हैं? पाकिस्तान के अनुभवी पत्रकारों और हुकूमत के अंदरूनी जानकारों के दावे हैं कि अब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। उपचुनावों में उनकी पार्टी ने छह में से 5 सीटें जीत ली हैं। नवाज ने मुनीर की नई नियुक्ति के लिए शर्त रखी है कि इमरान खान को खत्म किया जाए अथवा देशनिकाला देकर विदेश जाने को बाध्य किया जाए, ताकि उनके प्रधानमंत्री बनने का रास्ता निष्कंटक हो सके। मुनीर का कहना है कि यह इतना आसान नहीं है। इमरान को तोड़ना लगभग असंभव है। हालांकि उसके खिलाफ कई और मामले ऐसे हैं, जिनमें लंबी सजा हो सकती है। इमरान के समर्थन में पाकिस्तान की अवाम का सैलाब किस कदर सड़कों पर है, यह शरीफ भाई और मुनीर दोनों ही पक्ष देख रहे हैं। ऐसे में इमरान का बाल भी बांका किया गया, तो पाकिस्तान में 'आग' और हिंसा के बेकाबू हालात होंगे। गृहयुद्ध के आसार बने ही हुए हैं। यह आकलन पाकिस्तान की हुकूमत ने भी किया है। अब मुनीर के सामने सीमित विकल्प हैं।

## ग़ज़ाला फिरदौस हाषमी जार्जिया के लेफ्टिनेन्ट गवर्नरपद की शपथ लेगी


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

गत 4 नवम्बर को उक्त पद हेतु निर्वाचित होकर गजाल़ा ने अमरीकी राजनीति में भारत हेतु स्थान सुनिश्चित किया, मेरठ के छोटे से गॉव की रहने वाली एक मुस्लिम बहूँ ग़ज़ाला ने मुस्लिम महिला के रूप में सिद्ध कर दिया कि, शिक्षा, दृढ़ संकल्प एवं सही इरादे के साथ प्रयास करने वाला, कोई भी व्यक्ति विश्व में कहीं भी, और कभी भी अपनी सफ़लता के झण्डे लहराने हेतु सक्षम है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर जिया हाशमी तथा तनवीर हशमी के घर गज़ाला का जन्म, जुलाई 1964 में हैदराबाद में हुआ था। ज बवह मात्र 4 वर्ष की थीं तो अपनी माँ और भाई के साथ जार्जिया आ गयीं जहाँ उनके पिता ही पहले शिक्षक के रूप में स्थापित हो चुके थे। यहाँ रह कर उन्होनें अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण की, तत्पश्चात तीस वर्षो तक वर्जीनिया में एक प्रोफेसर के रूप में पढ़ाती रहीं, इसी बीच अमरीका की राजनीति में उन्होने अपनी पैठ को आकर देना प्रारम्भ कर दिया, प्रोफ़ेसर पद से सेवानिवृत्त होने के उपरान्त, 2019 में गज़ाला ने अमरीकी राजनीति में आने का मन बना लिया। राजनीति के अनतर्गत जनसेवा के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अबार्शन को माध्यम बनाया। विदेश में रहते हुये, वहाँ बसे हुये नागरिकों की ऐसी सेवा कर पाना, यद्यपि सरल प्रयास प्रतीत नहीं होता, परन्तु ग़ज़ाला हाशमी ऐसे प्रयासों में तल्लीन रहकर अपने ध्येय की ओर बढ़ती रही। जनसेवा के क्रम में अमरीकाकी डेमोक्रेटिक पार्टी मे सदस्यता लेते हुये इसी वर्ष जून मेंउन्होनें प्राइमरी का चुनाव जीता। इससें पहले सन् 2004 में उन्हें सीनेट की स्वास्थ्य एवं शैक्षिक कमेटी का चेयर परसन बना दिया गया था। जबकि अद्यतन स्थिति यह है कि ग़ज़ाला ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार जॉन ट्रीट को हराकर, लेफ्टिनेन्ट गर्वनर का पद हासिल किया। इस उपलब्धि को लेकर गज़ाला हाशमी ने अपनी बेबसाइट पर जानकारी दी, ''दूसरों की ज़िन्दगी को बेहतर बनाने के वास्ते, अपनी तमाम कोशिशें वक्फ की''। साथ ही आवासीय समस्या की ओरध्यान केन्द्रीयित रखने के साथ-साथ 'माहौलिया इन्साफ़' के अन्तर्गत 'असमानता' के मुद्दे पर भी विरोध जारी रखा। वह हथियारों पर रोक की पक्षधर रही हैं, साथ ही बन्दूक़ के उपयोग का सदैव विरोध करती आयी है।' आगे चल कर ग़ज़ाला हाशमी का विवाह, सरधना के अज़हर रफ़ीक खान के साथ सम्पन्न हुआ। अज़हर रफ़ीक ख़ाँ कुलन्जन गांव के जमींदार परिवार से ताल्लुक़ रखते हैं। हालांकि अजहर वर्तमान में अपने परिवार के साथ अमरीका में ही रह रहे है। कुलन्जन के परिवार के अन्य सदस्यों को जब यह ज्ञात हुआ तो उनमें खुशी की नहर दौड़ गयी। मेरठ जिले के इस गांब में भी मिठाइंया बाँटी गयी और यहाँ भी जश्न मनाया गया। परिवार जनों एवं कुलन्जन गांव के वासियों ने ढोल-नगाड़े बनाते हुये, ग़ज़ाला की जीत पर अपनी प्रसन्नता प्रकट की। परिवारजनों में शादाब खाँ, डा0 हैदर खाँ, अलमास खाँ, फ़रहा खानम, अनस खाँ, हुमा खाँ, अशमीरा खान, मारया हसन इत्यादि ने गज़ाला की इस सफ़लता पर, अपने-अपने अन्दाज से उन्हें बधाई देते हुए स्वागत किया। साथ ही इस प्रकार गौरान्वित करने हेतु सरधना की महिमा बखान, प्रसन्नतापूर्वक किया। कुलन्जन निवासियों का मानना है, कि ग़ज़ाला हाशमी की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी तक शिक्षा अर्जित करने व अपने ध्येय हेतु, अथक प्रयास किये जाने की प्रेरणा गांव जनों को प्रदान करती रहेगी। तथा इन गांववासियों ने प्रार्थना की कि गज़ाला अपने नये पद पर रहते हुये, भी समाज की उन्नति तथा उल्पसंख्यक हित के लिये सेवा करती रहे। अन्त मे मज़ूमन निगार साउथ एशिया की पहली मुस्लिम महिला के रूप मेंयह उपलब्धि अर्जित करने पर, ग़ज़ाला हाशमी को बधाई देते हुये, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है।**

# संचार साथी ऐप: अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की


ललित गर्ग

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। सरकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों, तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी,




ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को 'निष्ठा परीक्षण', 'मनोवैज्ञानिक निगरानी' और 'गोपनीयता हनन' का उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।

सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाज़ा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज़ की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तुस्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वतः समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएँ जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अतः संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है। इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है।

# वैश्विक मुद्राओं में मूल्यांकन और विज़न 2047 का रोडमैप

**डॉलर-निर्भर वैश्विक व्यापार प्रणाली में आईएनआऱ की भूमिका बढ़ रही है लेकिन वह अभी भी उतनी दृढ़ नहीं हो सकी है कि उसे विश्व व्यापार की प्राथमिक मुद्राओं में शामिल किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय रुपया इस समय एक ऐसी मुद्रा के रूप में देखा जाता है जो स्थिर भी है औरचुनौतीपूर्ण भी। स्थिर इसलिए कि भारत का वित्तीय तंत्र मजबूत है, विदेशी मुद्रा भंडार विश्व के शीर्ष देशों में आता है, और आर्थिक विकास दर दुनियाँ में सबसे तेजों में है।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में 195 से अधिक देश हैं, और हर देश अपनी अलग मुद्रा का इस्तेमाल करता है।दुनियाँ में सबसे लोकप्रिय मुद्राएँ डॉलर, यूरो,पाउंड, दीनार रियाल, येन आदि हैं। एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते समय,उस देश में लेन-देन करने के लिए मुद्रा विनिमय की आवश्यकता होती है ।सरकार मुद्रा जारी करती है, इसे वैध मुद्रा भी कहा जाता है। मुद्रा का मूल्य स्थिर नहीं रहता और हर दिन बदलता रहता है। मुद्रा का मूल्य विभिन्न देशों में अलग- अलग होता है।पिछले सप्ताह के दौरान,अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये की विनिमय दर 02-12-2025 को 89.755 के उच्चतम स्तर और 25-11- 2025 को 89.0625 के निम्नतम स्तर के बीच उतार- चढ़ाव करती रही। 24 घंटे में सबसे बड़ा मूल्य परिवर्तन 01-12-2025 को हुआ, जिसमें मूल्य में 0.235 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारतीय रुपए (आईएनआऱ) की अंतरराष्ट्रीय स्थिति सदैव भारत की आर्थिक संरचना, विकास दर, निर्यात- आयात संतुलन और वैश्विक आर्थिक घटनाओं से गहराई से प्रभावित होती रही है। वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिवेश, जहाँ अमेरिका और यूरोप जैसी अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मौद्रिक नीतियों को लगातार सख्त कर रही हैं, वहीं भारत जैसे उभरते देशों की मुद्राएँ प्रत्यक्ष रूप से डॉलर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति में भारतीय रुपया एक संक्रमणकाल में खड़ा है। एक ओर वह विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था की मुद्रा है, वहीं दूसरी ओर उसकी अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता और मूल्यांकन अभी भी सीमित है। डॉलर-निर्भर वैश्विक व्यापार प्रणाली में आईएनआऱ की भूमिका बढ़ रही है लेकिन वह अभी भी उतनी दृढ़ नहीं हो सकी है कि उसे विश्व व्यापार की प्राथमिक मुद्राओं में शामिल किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय रुपया इस समय एक ऐसी मुद्रा के रूप में देखा जाता है जो स्थिर भी है औरचुनौतीपूर्ण भी। स्थिर इसलिए कि भारत का वित्तीय तंत्र मजबूत है, विदेशी मुद्रा भंडार विश्व के शीर्ष देशों में आता है, और आर्थिक विकास दर दुनियाँ में सबसे तेजों में है। लेकिन चुनौती इसलिए कि रुपये की विनिमय दर अभी भी बाहरी कारकों विशेषकर अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भर है। डॉलर के मजबूत होने से भारत जैसे देशों की मुद्राओं पर स्वतः दबाव आता है और यह दबाव बढ़ते विदेशी निवेश बहिर्वाह, अस्थिर वैश्विक बाजार और तेल-कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण और भी घना हो जाता है। इसी वजह से भारतीय रुपये की अंतरराष्ट्रीय मजबूती अक्सर वैश्विक परिस्थितियों से निर्धारित होती है, न कि केवल भारत की घरेलू आर्थिक क्षमता से जो महत्वपूर्ण कारक है।

साथियों बात अगर हम वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आऱईईआऱ) के नज़रिए से देखनें की करें तो तस्वीर अपेक्षाकृत संतुलित दिखाई



देती है। यह दर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, मुद्रास्फीति और क्रय-शक्ति के आधार पर तय होती है। कई वर्षों के विश्लेषण से पता चलता है कि रुपया नाममात्र गिरता हुआ दिखता है, लेकिन वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मकता उतनी खराब नहीं होती जितनी यूएसडी/आईएनआऱ दर को देखकर समझा जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि भारत का निर्यात आधार विस्तार कर रहा है, सेवा-क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रमुख है, और घरेलू बाजार की स्थिरता बाहरी दबावों को किसी हद तक संतुलित करती है।

साथियों बात अगर हम अब यदि हम भारतीय रुपये की तुलना अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं से करें, विशेषकर विकसित और विकासशील देशों की प्रमुख मुद्राओं से,तो वर्तमान स्थिति इस प्रकार उभरती है कि आईएनआऱ अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले कमजोर है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 89- 90 रुपये का मूल्य बताता है कि पिछले एक दशक में रुपये ने धीरे-धीरे कमजोरी दिखाई है। यूरो, ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन जैसी स्थिर मुद्राओं के मुकाबले भी आईएनआऱ का मूल्यांकन दर्शाता है कि भारत को अभी भी वैश्विक आर्थिक धारा में अधिक स्थिरता प्राप्त करने की आवश्यकता है।हालांकि यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुद्रा की कमजोरी हमेशा नकारात्मक संकेत नहीं होती,कई देश जानबूझकर अपनी मुद्रा को प्रतिस्पर्धी बनाए रखते हैं ताकि निर्यात को बढ़ावा मिले और घरेलू उद्योगों को लाभ हो। भारत की परिस्थिति मिश्रित हैऺकमजोर मुद्रा से निर्यात को कुछ हद तक सहारा मिलता है,लेकिन ऊर्जा- आयात पर भारी निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगा प्रभाव डालती है।यदि मध्य एशियाई देशों,जैसे कज़ाख़स्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान या तुर्कमेनिस्तान की मुद्रा के मुकाबले आईएनआऱकी स्थिति का आकलन किया जाए, तो स्पष्ट होता है कि यहाँ आईएनआऱ कुछ मामलों में अधिक स्थिर दिखाई देता है। कई मध्य एशियाई देशों की मुद्रा राजनीतिक अस्थिरता, राजकोषीय सीमाओं और व्यापारिक निर्भरता के कारण अधिक उतार-चढ़ाव का सामना करती है। ऐसे में आईएनआऱ अपेक्षाकृत स्थिर मुद्रा है, जिससे भारत और मध्य एशिया के बीच व्यापारिक संबंधों में सकारात्मक अवसर बनते हैं।चूंकि भारत इन देशों के साथ ऊर्जा, रक्षा, शिक्षा, फार्मास्यूटिकल और तकनीकी सहयोग बढ़ा रहा है, इसलिए आईएनआऱ का इन क्षेत्रों में लेन-देन मूल्य धीरे-धीरे बढ़ सकता है।

साथियों बात अगर कर हम अब भारतीय रुपये के भविष्य की बात करें तो विशेषकर विज़न 2047 के संदर्भ में, तो तस्वीर अत्यंत रोचक और बहुआयामी है। भारत का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का है। यदि यह लक्ष्य आर्थिक संरचना, नीति-निर्माण, उद्योग-विकास, अवसंरचना विस्तार और तकनीकी शक्ति के आधार पर पूरा होता है,तो निश्चित ही आईएनआऱ की वैश्विक स्थिति आज की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगी। भारत 2047 तक 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमान के साथ चलता है, जहाँ प्रति व्यक्ति आय में भी कई गुना वृद्धि होगी। इस तरह की विशाल आर्थिक क्षमता मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को स्वाभाविक तौर पर बढ़ाएगी। साथियों बात अगर हम 2047 के भारत में रुपया कैसा होगा, इसको समझने की करें तो यह सवाल आर्थिक नीति-निर्माताओं, बाज़ार विशेषज्ञों और वैश्विक निवेशकों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। यदि भारत वर्तमान विकास दर को बनाए रखता है, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाता है, विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करता है, व्यापार- घाटा नियंत्रित रखता है, और अधिक देशों के साथ रुपये में व्यापार शुरू करता है,तो यह संभव है कि आने वाले वर्षों में आईएनआर अधिक स्थिर और मजबूत मुद्रा के रूप में उभरे। इसके अलावा, डिजिटल मुद्रा (सीबीडी सी,सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी), फिनटेक, डिजिटल भुगतान, और वैश्विक मुद्रा- विनिमय नेटवर्क में भारत की सक्रियता रुपये की स्वीकार्यता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

# भारत के नौजवान मज़हबी तक़सीम को ख़त्म करने के राह पर

**इंशा वारिसी**

**यूनीवर्सिटीयों से बाहर, नौजवानों की क़यादत में चलने वाली सरगर्मियां मज़ाहिब के दरमियान तआवुन का एक अहम मैदान बन चुकी हैं। कोविड 19 वबा के दौरान मुख्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले हज़ारों नौजवान रज़ाकार ज़रूरतमंदों की ख़िदमत के लिए मुत्तहिद हुए। दिल्ली और लखनऊ में सिक्ख लंगर, मुस्लिम फ़लाही इदारे और हिंदू नौजवान ग्रुप शाना बशाना खड़े हो कर ख़ुराक और तिब्बी इमदाद तक़सीम करते रहे।**

हिन्दुस्तान जैसे मुतनव्वे मुल्क में,जहां हर गली मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब और रिवायतों की गूंज से मामूर है, इत्तिहाद हमेशा एक ताक़त भी रहा है और एक चैलेंज भी। बरसों से सियासी बयानिया, सोशल मीडिया की गुमराह कुन इत्तिलाआत और फ़िर्क़ावाराना कशीदगी के चंद अलग अलग वाक़ेयात ने अक्सर तक़सीम पैदा करने की कोशिश की है। ताहम इस पेचीदा मंज़र-नामे के दरमियान एक नई उम्मीद मुल्क के नौजवानों से जन्म ले रही है। शहरों से लेकर देहात तक, मुख्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले भारती नौजवान मकालमे, फ़न, तालीम, कारोबार, और रज़ाकाराना ख़िदमत के ज़रिये समाजी फ़ासले कम करने के लिए इकट्ठे हो रहे हैं। उनकी ये मुश्तर्का काविशें ख़ामोशी से भारत के समाजी ताने-बाने को बदल रही हैं, बदगुमानी की जगह यगानिगत और एतमाद ले रहा है।

तालीमी इदारे हमेशा से वो मुक़ामात रहे हैं जहां मुख्तलिफ़ बिरादरियों से ताल्लुक़ रखने वाले नौजवान आपस में मकालमे करते हैं और उम्र-भर की दोस्तियों के रिश्ते अस्तवार करते हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली यूनीवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी और बनारस हिंदू यूनीवर्सिटी जैसे इदारे तकसीरियत (प्लूरलइज्म) के पिघलते हुए बर्तन बन चुके हैं। मुख्तलिफ़ मज़ाहिब के छात्र मुबाहिसों, सक़ाफ़्ती मेलों और समाजी मन्सूबों में हिस्सा लेते हैं, जिससे बाहमी एहतेराम और तआवुन का जज़्बा प्रवान चढ़ता है। एक मुतास्सिर-कुन मिसाल जवाहर लाल नहरू यूनीवर्सिटी की है, जहां मुख्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले नौजवान बैनुल मज़ाहिब हम-आहंगी और आईनी इक़दार पर मकालमे मुनाक़िद करते हैं। इन नशिस्तों में अक्सर मुश्तर्का तारीख़ और सक़ाफ़्त की कहानियां पेश की जाती हैं, जो छात्र को तअस्सुबात से बालातर हो कर एक मुश्तर्का मक़सद के लिए काम करने की तरग़ीब देती हैं। इसी तरह, केराला और महाराष्ट्र के कई कॉलिजों में बैनुल मज़ाहिब नौजवानों की अंजुमनें तशकील दी जा रही हैं जो सनफ़ी मसावात, माहौलियाती तबदीली और तालीम जैसे मसाइल पर मकालमे को फ़रोग़ देती हैं। ये तआवुन इस बात का सबूत है कि जब नौजवान हक़ीक़ी मसाइल के हल पर तवज्जो देते हैं तो मज़हबी शनाख़्त रुकावट के बजाय एक पुल बन जाती है। यूनीवर्सिटीयों से बाहर, नौजवानों की क़यादत में चलने वाली सरगर्मियां मज़ाहिब के दरमियान तआवुन का एक अहम मैदान बन चुकी हैं। कोविड 19 वबा के दौरान मुख्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले हज़ारों नौजवान रज़ाकार ज़रूरतमंदों की ख़िदमत के लिए मुत्तहिद हुए। दिल्ली और लखनऊ में सिक्ख लंगर, मुस्लिम फ़लाही इदारे और हिंदू नौजवान ग्रुप शाना बशाना खड़े हो कर ख़ुराक और तिब्बी इमदाद तक़सीम करते रहे। उनका ये तआवुन ना सियासत से मुतास्सिर था ना मज़हब से, बल्कि ये हमदर्दी और मुश्तर्का इन्सानियत के जज़्बे से सरशार था। ऐसे यकजहती के मज़ाहिर इस बात का सबूत हैं कि हमदर्दी की ताक़त तास्सुब से ज़्यादा है। हैदराबाद में यूथ पीस फ़ाउंडेशन बैनुल मज़ाहिब वर्कशॉप्स मुनाक़िद कर रही है जहां हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिक्ख नौजवान मिलकर कम्यूनिटी फ़लाही मन्सूबों पर तबादला-ए-ख़्याल करते हैं। वो दरख़्त लगाते हैं, ख़ून के अतयात के कैंप मुनज़्ज़म करते हैं और महरूम बच्चों के लिए ख़्वांदगी के स्टडीज़ का एहतेमाम करते हैं। ये ख्याल सादा मगर है ख़िदमत, वहां जोड़ती है जहां नज़रिया तक़सीम करता है।



खेल और तख़्लीक़ी इज़्हार मज़हबी और समाजी रुकावटों को तोड़ने के ताक़तवर ज़राए बन चुके हैं। मिसाल के तौर पर इंडियन प्रीमीयर लीग (आईपीएल) में मुख्तलिफ़ पस-मंज़र से ताल्लुक़ रखने वाले खिलाड़ी एक मुश्तर्का मक़सद के लिए खेलते हैं, जो इस बात की अलामत है कि टीम वर्क शनाख़्त से बालातर होता है। उत्तर प्रदेश और मग़रिबी बंगाल के मुक़ामी टूर्नामेंट्स में अक्सर क्रिकेट और फुटबॉल की टीमों में हिंदू और मुस्लिम नौजवान एक साथ खेलते हैं, जिससे निचली सतह पर बाहमी रिश्ते मज़बूत होते हैं। फ़न के मैदान में, मौसीक़ी और थेटर के ग्रुप तख़्लीक़ी अंदाज़ में हम-आहंगी के पैग़ाम को आम कर रहे हैं। दिल्ली का आग़ाज़ थेटर ट्रस्ट मुख्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले नौजवान अदाकारों को इकट्ठा करता है जो अमन, इम्तियाज़ और बक़ाए बाहमी जैसे मौज़ूआत पर मबनी ड्रामों में हिस्सा लेते हैं। इसी तरह जश्न-ए-रेख़्ता और सूफ़ी सन्त जैसे सक़ाफ़्ती मेलों में हिन्दुस्तान की मुश्तर्का लिसानी और मौसीक़ी विरासत का जश्न मनाया जाता है, जहां मुख्तलिफ़ मज़ाहिब के नौजवान एक ही तख़्लीक़ी और ख़ुशगवार फ़िज़ा में जमा होते हैं।

इत्तिहाद का एक उभरता हुआ मैदान कारोबार-ओ-इख़्तिरा भी है। आज के ज़माने में स्टार्ट अपस अक्सर ऐसे नौजवानों के इश्तिराक से वजूद में आते हैं जो मज़हब या पस-मंज़र से ज़्यादा एक मुश्तर्का ख़्वाब रखते हैं। टेक्नोलोजी से लेकर दस्तकारी तक, ये इश्तिराकी काविशें जदीद भारत में टीम वर्क के मफ़हूम को नए अंदाज़ में मुतय्यन कर रही हैं। मिसाल के तौर पर, बेंगलूरू में हिंदू और मुस्लमान इंजीनीयरों के एक गिरोह ने मिलकर एक साफ़ तवानाई पर मबनी स्टार्ट अप इको फ्यूज क़ायम किया, जो इस बात का सबूत है कि जिद्दत और इख़्तिरा मज़हब से बालातर हो कर इन्सानों को मुत्तहिद कर सकती है। इसी तरह लखनऊ में दो नौजवान ख़्वातीन एक मुसलमान और एक हिंदू ने लॉक डाउन के दौरान एक घरेलू बेकरी का आग़ाज़ किया, जो अब तरक्क़ी करके एक कामयाब कारोबार बन चुकी है और मुक़ामी नौजवानों को रोज़गार फ़राहम कर रही है। उनकी शिराकतदारी ज़ाहिर करती है कि नई नसल के नज़दीक महारत और तख़्लीक़ी सलाहियतें शनाख़्ती लेबल से कहीं ज़्यादा अहेम हैं। मुतअद्दिद सरकारी और ग़ैर सरकारी प्रोग्राम, जैसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत और क़ौमी नौजवान पालिसी, बैनुल सक़ाफ़ती तआवुन की हौसला-अफ़ज़ाई करते हैं। पायदार तरक्क़ी और समाजी कारोबार के मन्सूबों पर काम करते हुए ये नौजवान शहरी ना सिर्फ़ दक़यानूसी तसव्वुरात को तोड़ रहे हैं बल्कि भारत के सेकूलर मिज़ाज को भी मज़बूत बना रहे हैं। आज के भारती नौजवानों की ख़ास बात उनका शामिलाती तसव्वुर-ए-वतन परस्ती है। वो मलिक को मुख्तलिफ़ बिरादरियों के मजमुए के तौर पर नहीं बल्कि एक मुत्तहिद इन्सानियत के तौर पर देखते हैं, जहां एकता में तक़सीम नहीं बल्कि दौलत है।

# भाषा विवि में दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के फ़ैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग-पर्यावरण विज्ञान द्वारा 4 एवं 5 दिसंबर 2025 को àßminent Lecture Series का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. विनी पी. अनेजा, डिपार्टमेंट ऑफ मरीन, अर्थ एंड एटमॉस्फेरिक साइंसेज़, नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी, रैले (यूएसए) ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रो. अनेजा ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) तथा वर्तमान वैश्विक पर्यावरणीय परिदृश्य में इसकी बढ़ती महत्ता पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि PM 2.5 कण, जो पूर्व में नौवें प्रमुख जोखिम कारक थे, वर्ष 2018 तक बढ़कर प्रमुखतम जोखिम कारक बन चुके हैं, जो नीति-निर्माण और जन-जागरूकता की अत्यंत आवश्यकता को रेखांकित करता है।

व्याख्यान में उन्होंने निम्न प्रमुख विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की– मेरिका के क्लीन एयर एक्ट का विकास, नियामक ढांचा और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता।

सूर्य से उत्सर्जित विकिरण का स्पेक्ट्रम तथा पृथ्वी के वायुमंडल के साथ उसकी अंतःक्रिया। वायुमंडल की गैसीय संरचना और स्थिर जलवायु हेतु आवश्यक प्राकृतिक संतुलन। ग्रीनहाउस गैसों एवं वैश्विक ऊष्मीकरण के पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्यगत प्रभाव। वायुमंडलीय मिश्रण की प्रक्रिया और उसके माध्यम से गैसों के प्रसार का वायु गुणवत्ता पर प्रभाव। ओज़ोन संबंधी दुविधा– स्ट्रैटोस्फियर में ओज़ोन क्षय एवं ट्रोपोस्फियर में ओज़ोन निर्माण। प्रो. अनेजा के व्याख्यान को विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों द्वारा इसकी वैज्ञानिक गहराई, स्पष्टता और वैश्विक परिप्रेक्ष्य के लिए विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने मुख्य संरक्षक के रूप में की।

# मथुरा रिफाइनरी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पूरे विश्व में मनाया गया। इस अवसर पर मथुरा रिफाइनरी ने भी विशेष क्षमताओं वाले अपने कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया और उन्हें उनके योगदानों के लिए धन्यवाद देते हुए अपनी शारीरिक बाधाओं से पार पाकर नई ऊंचाइया हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष अवसर पर रिफाइनरी के विशेष क्षमताओं वाले कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख श्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि रिफाइनरी मे विशिष्ट लोगों की एक मज़बूत टीम है जिनके योगदानो ने रिफाइनरी को गौरव के शिखर तक पहुचाया है। कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए, उन्होंने कहा कि ÷विकलांगता मन की एक स्थिति है लेकिन यह किसी की प्रगति में बाधा नहीं होनी चाहिए। मैं आज मेरे साथ काम करने वाले बहुत से लोगों को देख रहा हूं, जो न केवल मेरे लिए, बल्कि मथुरा रिफाइनरी के सभी लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जोश और उत्साह जिसके साथ आप सभी काम करते हैं, सराहनीय है और रिफाइनरी आप सभी के योगदानों के लिए ऋणी है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर रवींद्र यादव, सचिव, ऑफीसर्स एसोसिएशन और हरीश पहल, मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ ने भी कर्मचारियों को सम्बोधित कर उन्हे प्रेरित किया। बाद में, विशेष योग्यता वाले कुछ कर्मचारियो ने स्वामी रामभद्राचार्य दृष्टिबाधित संस्थान, फरह का भ्रमण किया और अपने जीवन के अनुभवों और इंडियनऑयल में अपनी यात्रा को साझा किया और विद्यालय के सभी छात्रों को अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन की ओर से श्री दीप चंद वर्मा, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवाएं, प्रबंधन सेवाएं, विकास एवं अधिगम) भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी को उज्वल भविष्य को शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ा रहा विद्युत विभाग

**मथुरा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति की धज्जियां उड़ा रहा है विद्युत विभाग। विद्युत विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के प्रदेश प्रभारी एचपी शर्मा द्वारा इसकी शिकायत कई बार की गई है लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। आरोप है कि विद्युत विभाग के अफसर ने देवीपुर श्यामा वाटर पार्क कॉलोनी में ढाई सौ केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जिसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया। 50 एबीसी बच की जगह एस.टी. सर्किट 120 की डबल लाइन डाली गई जिसके तहत बड़े स्तर पर पैसे का लेनदेन हुआ। बताया गया कि उक्त कार्य में घटिया स्तर की सामग्री इस्तेमाल की गई। यहां पर फर्जी तरीके से 11000 की एलटी लाइन डाली गई। शिकायतकर्ता ने समाधान दिवस सहित विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर एवं अधिशासी अभियंता तक से इसकी शिकायत की, लेकिन अफसरो ने इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।

# केएम हॉस्पिटल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से सैकड़ों लाभान्वित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष/केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी सदा ही किसान हितैषी के साथ-साथ गरीबों की हर संभव मददगार रहे है, ठंड की शुरूआत हो चुकी है मौसम में परिवर्तन होने के कारण बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्होंने मथुरा के विभिन्न स्कूलों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया हुआ हैं, जिसमें केएम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम और वृंदावन की चन्द्रोदय संस्था का विशेष सहयोग मिल रहा है। एटीवी कॉलौनी स्थित ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों सहित स्कूली बच्चों ने चिकित्सीय जांच व परामर्श का निःशुल्क लाभ उठाया। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया केएम विश्वविद्यालय और केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल तथा चन्द्रोदय संस्थान संयुक्त रूप से पिछले कई दिनों से विभिन्न शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रहे हैं और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए केएम अस्पताल में विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी जांचें निःशुल्क होंगी। ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा केएम विश्वविद्यालय द्वारा चलाया जा रहा है यह स्वास्थ्य परीक्षण अभियान छात्र-छात्राओं और आम जनमानस, दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी है। शिविर में केएम चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों लोगों के दांत, ब्लड ग्रुप, नेत्र, अन्य मौसमी बीमारियों की जांच की गई है। केएम मेडीकल कालेज एवं हॉस्पिटल के चिकित्सकों में बाल रोग विभाग की डा. प्रियंका सोनी, डा. विराज, डा. जया, डा. दीपक, डा. अश्वनी ने स्कूल के बच्चों और अन्य जनमानस के स्वास्थ्य की जांच की। चिकित्सकों ने बच्चों को पेट, लंबाई, वजन, आंख और दांत के प्रति सजग रहने और साफ-सफाई रखने को कहा। मेडीकल कैम्प के समन्वयक दीपक कंसल, नर्सिंग की बीनू, एसथर, फार्मासिस्ट दीपक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बीएसए के प्राचार्य ने कथित प्रबंध तंत्र द्वारा लगाए आरोपों का पत्रकारों के समक्ष रखा अपना पक्ष

**अवधनामा संवाददाता**

- विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक के काले कारनामों का खोल चिट्ठा
- सबूत सहित 10 बिंदुओं के माध्यम से बताया प्रबंध तंत्र द्वारा किए गए काले कारनामों को सच
- अरबो रुपए की घोटाले की जताई आशंका जिनकी शासन स्तर से चल रही है जांच

**मथुरा।** बी0एस0ए0 इंजीनियरिंग कॉलेज के चैयरमैन उमाशंकर अग्रवाल एवं श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के सचिव धीरेन्द्र अग्रवाल द्वारा प्राचार्य के ऊपर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया। उपरोक्त के संबंध में सभी प्रतिष्ठित समाचार पत्रों एवं मीडिया चैनलों के समक्ष वस्तुःस्थिति निम्नवत् है-

बी0एस0ए0 कॉलेज की स्थापना 22 दिसम्बर, 1956 को पंजीकरण सं0 आई-7559 के द्वारा हुई जोकि अपने आप में एक अलग सोसाइटी है। अग्रवाल शिक्षा मण्डल की स्थापना वर्ष 1926 में पंजीकरण सं0 आई-655 एवं श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल की स्थापना वर्ष 1961 पंजीकरण सं0 आई-10281 के द्वारा हुई। महाविद्यालय की मातृ संस्था का विवाद माननीय उच्च न्यायालय में याचिका सं0 626/2025 के अन्तर्गत विचाराधीन है।

महाविद्यालय का निर्माण बाबू शिवनाथ ट्रस्ट मुम्बई के द्वारा करवाया गया। महाविद्यालय के प्रबन्ध तन्त्र में बाबू शिवनाथ ट्रस्ट के दो मनोनीत सदस्यों का होना आवश्यक है। माननीय कुलपति महोदया के समक्ष तथ्यों को गोपित रखते हुए एवं महाविद्यालय आय-व्यय अभिलेखों का लेखा विवरण बगैर निरीक्षित कराये हुये प्रबन्ध तन्त्र का सशर्त अनुमोदन दिनांक 17.10.2025 को प्राप्त कर लिया गया। चूंकि तथाकथित अनुमोदन नौ विरोधाभासी शर्तो के अधीन था। अतः सक्षम अधिकारियों से अनुमोदन के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया गया जो अद्यतन अप्राप्त है।

मथुरा जनपद के आम जनमानस के संज्ञान में यह लाना अति आवश्यक है कि मेरी नियुक्ति 30.10.2021 को प्राचार्य पद पर उच्च शिक्षा आयोग के चयनोपरान्त निदेशक महोदय द्वारा की गई। चूंकि मैंने इसी महाविद्यालय में पांच वर्ष शिक्षा प्राप्त की इसलिए अपने अथक प्रयासों से विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय हेतु समाज एवं अन्य स्रोतों से सुविधाऐं व संसाधन जुटाये जिसमें विद्यार्थियों के लिए शौचालय, फर्नीचर, कक्षा कक्षों में ब्लैक बोर्ड, कम्प्यूटर लैब, छात्रों की विशेष मांग पर कैन्टीन की व्यवस्था, इण्डोर बैडमिंटन कोर्ट एवं अन्य खेल संसाधन आदि की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय में पिछले तीन वर्षों में अकादमिक, सांस्कृति व खेलकूद क्षेत्र में अकल्पनीय विकास किया है। साथ ही विभिन्न नये पाठ्यक्रमों के साथ महाविद्यालय में वर्तमान में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में गोल्ड मैडल व खेलकूद के क्षेत्र में पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। महाविद्यालय में इच्छुक छात्र-छात्राओं हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है। महाविद्यालय में सभी व्यवस्थाऐं समाजसेवियों, अपने द्वारा, अपने इष्टमित्रों द्वारा करायी गई है। इससे क्षुब्ध होकर श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के सम्माननीय सदस्य/पदाधिकारीगण नित नये-नये आरोप लगाते चले आ रहे हैं जो निम्नवत् हैं 1. सर्वप्रथम श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के सचिव द्वारा मेरी नियुक्ति के सन्दर्भ में उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई है जिसके सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित कर जांच कराई गई, जांच रिपोर्ट में शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत को आधारहीन व तथ्यहीन माना गया।

2. जब श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल को शासन द्वारा करायी गई जांचोपरान्त कोई अनुतोष (रिलीफ) नहीं मिला तो उन्होंने क्षुब्ध होकर महामहिम राज्यपाल महोदया को वहीं शिकायत प्रेषित की जिसकी जांच भी पुलिस प्रशासन द्वारा की गई। उक्त जांच में भी शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत को असत्य, आधारहीन पाया गया।

3. श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के पदाधिकारियों को जब स्वयं कोई अनुतोष प्राप्त नहीं हुआ तो उन्होंने महाविद्यालय के एक कर्मचारी (राकेश शर्मा) से वहीं शिकायत पुनः उच्च अधिकारियों को प्रेषित करा दी। उच्च अधिकारियों द्वारा जांच समिति गठित कर जांच कराई गई। जांच के दौरान तथ्यों, अभिलेखों, बयानों के आधार पर जांचकर्ता द्वारा की गई शिकायत को आधारहीन माना गया।

4. श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल के पदाधिकारी मुझसे प्रारम्भ से ही विद्वेष मानते चले आ रहे है। नामालूम जातिगत आधार पर या अन्य किसी आधार पर।

5. समाचार पत्रों के माध्यम से आपको यह जानकारी मिल चुकी होगी कि महाविद्यालय में उपलब्ध ऑडिट रिपोर्टो के आधार पर पूर्ववर्ती प्रबन्ध तन्त्रों जिनमें वर्तमान प्रबन्ध तन्त्र के पदाधिकारी/सदस्य सम्मिलित रहे, को करोड़ों रूपये की वित्तीय अनियमितता/गबन का दोषी पाया गया है। इतना ही नहीं वर्तमान तथाकथित प्रबन्ध तन्त्र के पदाधिकारी/सदस्य द्वारा महाविद्यालय की 14.5 एकड़ बेशकीमती भूमि को शिक्षा निदेशक (उ0शि0) के कूटरचित पत्र के आधार पर निजी संस्थान खोलकर अपने व्यवसाय का स्रोत बना लिया है। साथ ही साथ ऑडिट रिपोर्ट में वर्णित 26 दुकानों को भी इधर से उधर कर दिया गया है जिसकी वास्तविकता का कोई पता नहीं है। 6. सशर्त अनुमोदित प्रबन्ध समिति के एक सदस्य ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कूटरचित प्रमाणपत्र तैयार कर महाविद्यालय अभिलेखों में रखवा रखा है जिसके विषय में पुलिस अधीक्षक सुरक्षा द्वारा जांचोपरान्त एफ0आई0आर0 दर्ज करने के निर्देश दिये जा चुके हैं।

## जन सुनवाई मे जिलाधिकारी ने सुनी 59 शिकायतें



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 59 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 01 को वृद्धावस्था पेंशन, 01 निराश्रित महिला तथा 01 लाभार्थी को राशन कार्ड लाभ योजना से जोड़ा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्टेªट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चलाया गृह सम्पर्क अभियान



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के रूप में घर-घर जाकर गृह संपर्क अभियान किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक हिंदू घरों पर संपर्क करके उन्हें हिंदुत्व की भावना को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है वहीं भारत मां का चित्र व पत्रक देकर लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तालाबपुरा द्वारा शिवाजी बस्ती के स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर जनसपंर्क किया वहीं लोगो को जानकारी दी गई की वह विरोधी मानसिकताओं को छोड़कर भारत माता व देश भक्ति की भावनाओं को जागृत किया जाए व पंच परिवर्तन के बारे में बताया गया स्वयंसेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिये सतत् सक्रिय रहते हैं, लेकिन शताब्दी वर्ष के पश्चात् पाँच विषयों पर सज्जन शक्ति के सहयोग से जन-जागरण के लिए विशेष प्रयत्न करेंगे। जिन्हें पंच परिवर्तन कहा गया है। इस मौके पर छककीलाल साहू,भरत पुरोहित, आशीष तिवारी, रामकुमार नामदेव,हर्ष नामदेव,विक्रम सेन, रामसेवक पाठक,पुरुषोत्तम नारयण चौबे,नीरज जैन, चन्द्रमा सिंह,रमेश सिंह विकास गुप्ता ऋषि साहू हरनाम सिंह पीतम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष बने संजय



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा के अनुमोदन पर संजय सिंह बने जौनपुर के जिलाध्यक्ष लोगों ने दी बधाई।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह केवल पद नहीं बल्कि पत्रकार समाज के प्रति एक वचन है। मैं जिले के सभी पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाऊंगा, उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करूंगा। संगठन के हर सदस्य को साथ लेकर हम लखनऊ में पत्रकारों की मजबूत आवाज बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इस स्तंभ की मजबूती के लिए संगठन हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## हत्या करने का प्रयास करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर (बक्शा) (अवधनामा संवाददाता)**। स्थानीय थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं।अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह के निर्देश एवं क्षेत्राधिकार सदर देवेश सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के निर्देश में उप निरीक्षक रविंद्रनाथ मय हमराह उप निरीक्षक सिंहासन यादव उप निरीक्षक प्रशांत पांडे हेड कांस्टेबल अरुण यादव हेड कांस्टेबल उमेश यादव हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार यादव ने स्थानीय थाना पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 470/2025 धारा 191 (2),191 (3),190, 115 (2),151(3), 352, 131, 109 (1), 127 (2),125 बी. एन. एस के संबंधित घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण रंजीत कुमार गौतम पुत्र राजेंद्र कुमार गौतम उम्र करीब 35 वर्ष, संतोष कुमार शुक्ला पुत्र राजकुमार शुक्ला उम्र करीब 38 वर्ष,विनोद उर्फ नान्हक पुत्र मंगरु उम्र करीब 29 वर्ष, इंद्रजीत उर्फ गुड्डू पुत्र रामकुमार उम्र करीब 40 वर्ष, शुभम कुमार पुत्र गुड्डू उर्फ इंद्रजीत उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी उमरछा थाना बक्शा,व रोहित निषाद पुत्र पन्नालाल निषाद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी चकचितरसारी, उमरछा थाना बक्शा,शिवम कुमार पुत्र राजकुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी नरी थाना तेजीबाजार को गुरुवार को समय 11:30 ग्राम लखनीपुर तिराहे हाईवे से गिरफ्तार कर अग्रिम विधि कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। पुलिस अपनी कार्यवाही में लगी हुई है।

# एसडीएम ने दिव्यांग युवक के घर पहुँचकर लिया एसआइआर फार्म

- मतदाता सूची को शत-प्रतिशत सही बनाने के लिए प्रशासन की पहल

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम (हरदोई)।** मतदाता सूची को शत-प्रतिशत सही और पूर्ण बनाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी बिलग्राम एन. राम ने संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण पेश किया। वे स्वयं बीएलओ टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत रहला के मजरा गनीपुर पहुँचे और दिव्यांग युवक सोनू पुत्र गुड्डू के घर जाकर उनका एसआइआर फार्म खुद प्राप्त किया। इस दौरान एसडीएम ने सोनू और उनके परिवार से कुशलक्षेम पूछी और कहा कि हर मतदाता का नाम सूची में शामिल होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि जिन भी नागरिकों ने अभी तक अपना एसआइआर फार्म जमा नहीं किया है, वे शीघ्र बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। एसडीएम का यह कदम न केवल दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रशासन स्वयं जनता तक पहुँचकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने एसडीएम के इस मानवीय और सराहनीय प्रयास की जमकर प्रशंसा की।

## इस्माइल गैंग के 3 सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना पुलिस ने मोहम्मद इस्माइल गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह गिरोह लंबे समय से जुआ-सट्टा चलाने और उससे आर्थिक लाभ कमाने में सक्रिय था, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था।

इंस्पेक्टर राजेश उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को उनकी टीम गश्त पर थी। इस दौरान अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर मोहम्मद इस्माइल गिरोह की पहचान की गई। गिरोह का सरगना मोहम्मद इस्माइल (45 वर्ष) धूमनगंज थाना क्षेत्र के कसारी-मसारी का निवासी है। इसके दो सक्रिय सदस्य नबी अहमद (38 वर्ष) और इकराम उर्फ एकराम (50 वर्ष) भी इसी क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, यह संगठित गिरोह अंतर्राज्यीय स्तर पर जुआ-सट्टा चलाने में शामिल है और इनके खिलाफ पहले भी कई मामलों में कार्रवाई हो चुकी है।

# डीएम ने रैन बसेरों का निरीक्षण किया

- असहायों को ठंड से बचाने हेतु रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** सर्दी के मौसम के दृष्टिगत राहगीरों, यात्रियों व असहाय, निराश्रितों एवं जरूरतमंदों के लिए नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का गुरुवार को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराकर क्रियाशील कराने के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम शहर कोतवाली के सामने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। यहां पर पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग रुकने की व्यवस्था है, जहां आधार कार्ड जमा करके 24 घण्टे रुका जा सकता है। पुरुष रैनबसेरा में 25 व महिला रैनबसेरा में 10 बेड की व्यवस्था है, प्रकाश, पेयजल व शौचालय व्यवस्था के साथ ही अलाव भी जलाया जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शर्दी के मौसम में रात्रि भ्रमण करके यह सुनिश्चित करें कि कोई भी असहाय व्यक्ति ठण्ड में बाहर न सोने पाए, अगर ऐसा कोई भी व्यक्ति सड़क या अन्य स्थान पर पाया जाता है तो उसकी पहचान सुनिश्चित करके उसे रैनबसेरा में ठहराया जाए। इसके अलावा आज से ही रैन बसेरों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने डाइट के सामने डूडा विभाग द्वारा बनाए गए 100 बेडेड रैन बसेरा को भी देखा, जहां की व्यवस्थाएं ठीक पायी गई, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग कमरे, शौचालय, किचिन की व्यवस्था थी। बताया गया कि यहां पर यात्रियों व राहगीरों से आधार कार्ड जमा कराकर 24 घण्टे रुकने की व्यवस्था दी जाती है, अभी सर्दी कम होने के कारण प्रतिदिन लगभग 10 राहगीर रुकते हैं। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शहर में इन व्यवस्थाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाए, ताकि जरुरतमंद लोग इनका लाभ ले सकें। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी यहां ठहराने की व्यवस्था की जाए।

## ट्रक ट्रेलर की टक्कर में ट्रक ड्राइवर की मौत, परिजन में कोहराम

**जौनपुर।** बुधवार की रात सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर शाहगंज मार्ग पर बड़उर के पास ट्रक ट्रेलर की टक्कर में में ट्रक ड्राइवर केराकत कोतवाली क्षेत्र के देवाकलपुर गांव निवासी गोविंद कुमार पुत्र नन्हकू राम उम्र लगभग तीस वर्ष की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।मृतक गोविंद कुमार

मृतक के स्वजनों के अनुसार ट्रक चालक शाहगंज में ट्रक खाली कर घर आ रहा था की रात लगभग साढ़े बारह के लगभग दुर्घटना हो गई।मृतक के पास दो पुत्र व एक पुत्री है सबसे बड़ा पुत्र दिव्यांग है।मृतक की पत्नी पूनम देवी गोद में लिए दो माह के बच्चे के साथ रोते हुए कह रही है कि अब इन बच्चों संग पहाड़ सी जिंदगी कैसे कटेगी।पूनम के करुण क्रंदन से आने जाने वाले सभी लोगों की आंखे नम हो जा रही है।मृतक छ भाइयों में तीसरे नंबर पर था ट्रक चलकर अपने परिवार का सहारा था। स्थानीय लोगो के अनुसार यह हादसा झपकी आने के वजह से हुई।

# प्रयागराज- मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण अतिआवश्यकः उज्जवल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज से मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच35) के चौड़ीकरण की मांग को लेकर प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में मुलाकात की। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी को इस संबंध में एक विस्तृत पत्र भी सौंपा, जिसमें उन्होंने परियोजना जो अस्वीकार कर दिया गया है उसको पुनः स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के लगभग 50 किमी प्रयागराज व 30 किमी मिर्जापुर के हिस्से के चौड़ीकरण का प्रस्ताव पहले शासन को भेजा गया था। लेकिन समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी व अधिकारियों से वार्ता पर मालूम चला कि इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाई है, डीपीआर कैंसिल कर दिया गया। उसकी वजह अधिकारियों ने बताया कि नई ग्रीनफील्ड योजना। जिसके बाद उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया कि वे इस परियोजना को पुनर्विचार करते हुए पुनः स्वीकृति प्रदान करें। क्योंकि धार्मिक और पुरातात्विक महत्व को जोड़ने वाला मार्ग हैं।

प्रयागराज में कुंभ जैसे बड़े आयोजनों के साथ-साथ यह मार्ग विंध्याचल में स्थित विंध्यवासिनी धाम को जोड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज और मिर्ज़ापुर के धार्मिक और पुरातात्विक महत्व को देखते हुए पर्यटन और सामान्य यातायात दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका चौड़ीकरण होने से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

प्रतिनिधि ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह के अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीन फील्ड परियोजना जब बनेगी तक देखा जायेगा अभी इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण पर काम हो। सांसद ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# ममता-राहुल के चक्कर में न पड़ें बीएलओ : केशव

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर को लेकर कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण का यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बेहद आवश्यक है, और भारतीय जनता पार्टी की जिम्मेदारी है कि इसमें कोई मतदाता छूट न जाए। इसी क्रम में पार्टी ने सीएम और दोनों डिप्टी सीएम को 25-25 जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है, जिसके तहत वह प्रयागराज से इसकी शुरुआत कर रहे हैं। ममता बनर्जी द्वारा एसआईआर को तत्काल बंद करने की मांग पर पलटवार करते हुए मौर्य ने कहा कि बीएलओ किसी भी तरह की भ्रम की राजनीति में न पड़े। उन्होंने कहा कि न ममता बनर्जी, न राहुल गांधी और न अखिलेश यादव के बहकावे में आएं। श्री मौर्य ने कहा कि बीएलओ अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाएं क्योंकि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं होता। उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं के नाम हटना चाहिए और घुसपैठियों के नाम भी सूची से निकालने जरूरी हैं। जिन मतदाताओं के नाम अलग-अलग जगह दर्ज हैं, उन्हें एक स्थान पर किया जाएगा। युवा मतदाताओं के नाम तेजी से जोड़े जा रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि विपक्षी पार्टियां इसलिए भ्रम फैला रही हैं क्योंकि भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और बिहार में भी ऐतिहासिक जीत दोहराई है। इसी बौखलाहट में विपक्ष गलत बयानबाजी कर रहा है। कांग्रेस के पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के बयान पर मौर्य ने कहा कांग्रेस की आंतरिक समस्या है। चाहे अकेले लड़े या मिलकर, यूपी में कमल ही खिलेगा। अखिलेश यादव के आरक्षण संबंधी बयान पर उन्होंने तंज कसा कि बिहार चुनाव के बाद अखिलेश यादव मानसिक रूप से अस्थिर हो गए हैं और 2047 तक सत्ता में उनकी वापसी की संभावना खत्म हो चुकी है।

# भगवान श्रीराम के आर्दश और मर्यादा को घर घर करें स्थापित : डॉ. राजीव



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** बिखरते परिवार और टूटते रिश्तों को बचाने और भगवान राम के महान आदर्शो मूल्यों और मर्यादा को घर घर मे स्थापित करने के उद्देश्य से विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रामपंथ के पंथाचार्य डॉ राजीव श्रीगुरुजी क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में भव्य स्वागत किया गया। जनपद के सैदपुर क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में युवा परिषद द्वारा आयोजित परिवार और रिश्ते भारतीय संस्कृति का मूल आधार विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता डॉ राजीव श्रीगुरुजी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस दौरान संस्था के महासचिव ने कहा कि विशाल भारत संस्थान रिश्तों की पूंजी के जरिये परिवार बचाने का महाअभियान शुरू किया है। संघर्षो को खत्म कर कर्तव्यों को आगे करने से पारिवारिक एकता आएगी। वही भारत सरकार में उर्दू कौंसिल की कार्यकारिणी सदस्य हनुमान चालीसा फेम नाज़नीन अंसारी ने कहा कि भारत की महान संस्कृति ही दुनिया को बचा सकती है। इस्लामिक देश हिंसा से सब कुछ छीनने और थोपने का काम करते है। यूरोपीय देश अधिकार की बात कर संघर्ष को बढ़ावा देते है , लेकिन भारत की संस्कृति साबको बचाने, जोड़ने और सम्मान देने की बात करती है। अब तो तय हो गया है अपने देश से प्यार है तो राम के रास्ते पर चलो। अगर औरंगजेब को आदर्श माना तो भाई अपने सगे भाई का सर काटकर ,कटे हुए सर को लेकर घूमेगा और अपने विजेता होने का प्रदर्शन करेगा। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुरुजी ने बताया कि संबंधों के संसाधन और रिश्तों की पूंजी लेकर परिवारों को बचाने निकला हूं। परिवारों के टूटने का असर गांवों,समाज और देश पर पड़ा है। भारत की महान संस्कृति सामूहिकता में भरोसा रखती है। भगवान राम के महान आदर्श और मूल्य परिवार को बचाने के लिए जरूरी है। वृद्धाश्रम न बने, हर व्यक्ति को अपने अंतिम समय मे परिवार का सहारा मिले और सम्मान के साथ अंतिम विदाई हो। इसके लिए त्याग और कर्तव्य को अपना आधार बनाना पड़ेगा। संगोष्ठी का संचालन विवेकानंद सिंह ने किया एवं धन्यवाद नीरज सिंह ने दिया।

# प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ना प्राथमिक लक्ष्य



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज ग्राम शेखपुर बुजुर्ग में ग्राम प्रधान, ग्रामवासियों तथा जनपद के सभी ग्राम प्रधानों के साथ वर्चस्व बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.-2026) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर वितरित किए गए गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) को मतदाता शीघ्रता से भरकर बीएलओ को वापस करें। यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी अपात्र, मृत, डुप्लीकेट अथवा स्थानांतरित मतदाता सूची में न रहे। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में नाम, आयु, संबंध और फोटो से संबंधित त्रुटियों का शत-प्रतिशत निराकरण कराया जाएगा, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया अधिक सटीक व पारदर्शी हो। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने आश्वस्त किया कि वे बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग करेंगे तथा अपने-अपने ग्राम के प्रत्येक पात्र नागरिक को गणना प्रपत्र भरने हेतु प्रेरित करेंगे, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन बन सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सहित जनपद के समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## पशु क्रूरता अधिनियम के 6 आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा पशु क्रुरता अधिनियम के 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उनि गंगाप्रसाद मय हमराह पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामसिंह पुत्र नक्कू निवासी देवली थाना देवली जिला टोंक राजस्थान, शम्भू पुत्र विजय सिंह निवासी देवली जिला टोंक राजस्थान, अजय चौहान पुत्र मुकेश चौहान निवासी ग्राम रानीपुरा थाना डवलाना जिला बूंदी राजस्थान, किशन सिंह पुत्र बादाम सिंह निवासी बडौदिया थाना हिण्डौली जिला बूदी राजस्थान, हरि सिंह पुत्र दल्ला निवासी बडौदिया थाना हिण्डौली जिला बूदी राजस्थान, भूरी बाई पत्नी हरीसिंह निवासी बडौदिया जिला बूदी राजस्थान के कब्जे से 41 राशि बैल व 31 राशि गाय कुल 72 गौवंशो को बरामद कर मरूई कच्ची सडक से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना पुरवा पर मु0अ0सं0-412/2025 धारा 11 (1) घ पशु क्रुरता अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा बरामद गौवंश को अलग-अलग गौशालाओ में गौशाला संचालक को सुपुर्द किया गया।

# किनवार वंश समेत राजनीतिक दलों ने दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के चन्दनी गांव निवासी अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वाराणसी डा0 बिनोद राय की माता स्व0 सहोदरा देवी की तेरही में किनवार बंश के हजारों लोगों एवं राजनीतिक दलों के रक्षा नेताओं ने स्व. सहोदरा देवी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर डा0 बिनोद राय ने अपनी मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जीवन में मां का होना बहुत ही महत्व रखता है। जननी जिसे हम प्यारी मां कहते हैं। मां जिस तरह से अपनी संतान से स्नेह रखती है, उसके लिए सर्वस्व निस्वार्थ त्याग देती हैं। ऐसा दूसरा उदाहरण इस पुरी दुनिया में मिलना असम्भव हैं। अंत मे दयाशंकर राय ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया। आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर दयाशंकर राय,पूर्व मंत्रीनारद राय, पूर्व मंत्री उप उपेंद्र तिवारी, किनवार समाज के अध्यक्ष संतोष राय, भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू, श्रीमती सुषमा नीरज शेखर, पूर्व एम एल सी डा0 प्रमोद मिश्रा, संपादक कामेश्वर राय, कृष्ण बिहारी राय, प्रमोद राय यह,कमलेश अनिल राय जिला पं0 प्रतिनिधि, डी आई ओ एस हेमंत राव, डा0 मान्धाता राय, रविंद्र राय, दयाशंकर राय, भाजपा नेता विनोद राय गुड्डु, ब्रह्मर्षि वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र राय बबलू, राष्ट्रीय प्रवक्ता त्रिलोकी नाथ राय , विनय राय, दुर्गा राय, हेमंत राव सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल, डीआई ओ एस भोलेंद्र प्रताप सिंह , डॉ0 हरेन्द्र राय, बिजयशंकर राय, नवीन राय, पियूष प्रवीण राय,शशांक शेखर राय, रविशंकर राय संजू, इत्यादि तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# पीस कमेटी की बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जालौन (उरई)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस एवं बाबरी ढांचा दिवस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना रामपुरा परिसर में पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी अम्बुज सिंह की उपस्थिति रही। इस अवसर पर क्षेत्र के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि एवं समाज के विभिन्न वर्गो के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी अम्बुज सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या तनाव की स्थिति से बचने के लिए सभी समुदायों के लोगों को सजग रहना होगा। उन्होंने आपसी सौहार्द, भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ने बढ़ती सर्दी व कोहरे को देखते हुए आमजन को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय वाहन चलाते समय लाइट, रिफ्लेक्टर का प्रयोग अवश्य करें और गति सीमा का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था व शांति बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में विजय द्विवेदी (जगम्मनपुर), राकेश कुमार, कुलदीप जाटव, अमित पुरवार, प्रदीप गौरव, ग्राम प्रधान टीहर बबलू सिंह जोधावत, निनावली जागीर मगनलाल शाक्यवार, शिव मोहन सिंह सेंगर, नौशाद खान, अनुरुद्ध कुमार, ब्रह्म प्रकाश वर्मा, अंकित याज्ञिक, अंकित दीक्षित सहित लगभग दो दर्जन गणमान्य लोग मौजूद रहे।बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

## विवाहिता के शव का दो सदस्यीय पैनल से पोस्टमार्टम

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोईथर में विवाहिता का शव घर की गैलरी में फांसी से लटका मिला था। मायके पक्ष के आरोप पर दो डॉक्टरो का पैनल गठित किया गया। वहीं पुलिस की सूचना पर नायब तहसीलदार ने पंचनामा की कार्रवाई की। जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। बता दे कि गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाजीपुर के मजरा उदाखेड़ा गांव पार्वती (25) पुत्री स्व. रामऔतर की शादी करीब 6 साल पूर्व दही थाना क्षेत्र के कोईथर गांव निवासी सूरज से हुई थी। सूरज अमृतसर में मजदूरी करता है लेकिन वह शराब का लती है। इसी को लेकर पति-पत्नी में अक्सर फोन पर विवाद होता था। मंगलवार शाम भी फोन पर कहासुनी हुई थी। इसी से परेशान पार्वती ने दरवाजा बंद कर कमरे में फंदे से लटक गई। घटना के समय सास बड़े पोते रियांस (5) के साथ बाजार गई। घर पर तीन साल का पोता यश था। खेत से लौटे देवर शुभम ने दरवाजा बंद देख कई आवाज लगाई लेकिन उत्तर नहीं मिलने पर वह पड़ोसी की छत के रास्ते अपने घर पहुंचा तो भाभी का शव फांसी से लटका देख उसके होश उड़ गये।

# हवन पूजन कर सदर विधायक व पालिकाध्यक्ष ने किया वाराहीं मेला हेतु भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता



**जालौन (उरई)।** हर वर्ष नगर की पहचान तथा गंगा जमुना तहजीब का प्रतीक श्री बाराही देवी मेला प्रर्दशनी का आयोजन किया जाता है। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेला एवं विकास प्रदर्शनी का आज विधि विधान से पूजन अर्चना की गयी। पूजन के साथ ही आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेगी। नगर में प्रतिवर्ष श्रीबाराहीं देवी मेला मैदान (फौजी पड़ाव की भूमि) पर श्रीबाराहीं देवी मेला का आयोजन किया जाता है। यह मेला इस मायने में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह मेला गंगा जमुनी तहजीव की मिसाल बना हुआ है। मेला मैदान में श्रीबाराहीं देवी मंदिर के साथ ही उसी के बगल में मजार भी स्थित है। प्रतिवर्ष नगर पालिका द्वारा श्रीबराहीं देवी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं मजार पर अकीदत के साथ चादर चढ़ाई जाती रही है। पूजन व चादर चढ़ाने के बाद मेले के आयोजन की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल ई ओ सुशील कुमार दोहरे ने अपने साथी सभासदों व क्षेत्रीय विधायक गौरीशंकर वर्मा व उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के साथ मेला परिसर में बने श्री बाराही देवी पर पूजा अर्चना कर मेले के आयोजन की शुरुआत कर दी है। बाराही के मौके पर पूजन के बाद मेला एवं विकास प्रदर्शनी के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेगी। मेला को आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका परिषद प्रयास कर रही है। इसके साथ मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को कोई असुविधा न हो इसका प्रयास किया जाएगा। मेला की तैयारियों के पूर्ण होने के बाद मेला का उद्घाटन कराया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, जे ई प्रवीण कुमार, सभासद रवि कुशवाहा, अन्नू शर्मा, हर्षित श्रीवास्तव, सतीश सेंगर , जय करन, ललित शुक्ला, विक्की श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत शाक्य, ईलू मेम्बर, मलखान दोहरे, मनुराज तिवारी, इकरार अनिल कुशवाहा, कमलेश त्रिपाठी समेत सभासद व नगर पालिका कर्मचारी सम्मलित रहे।

## लापता हुई विक्षिप्त युवती की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रूबी बेगम पत्नी पप्पू द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में कहा गया है कि विगत 29 नवंबर की शाम 08 बजे उसकी 19 वर्षीय बहन मरजीना उर्फ कंचन पुत्री कयूम घर से बिना बताए कहीं चली गई है। बताया कि उसकी बहन मानसिक रोग से पीडित चल रही है। जब वह काफी समय तक घर नहीं आई तो परिजनों द्वारा पास पडोस सहित रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग न लग सका। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर लापता हुई युवती की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

## शातिर अपराधियों का हो रहा भौतिक सत्यापन

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन दस्तक के तहत कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में शातिर लुटेरों, हिस्ट्रीशीटरों, चोरों, नकबजनों एवं अभ्यस्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है तथा इस क्रम में विभिन्न थानों द्वारा शातिर लुटेरों, हिस्ट्रीशीटरों, चोरों, नकबजनों एवं अभ्यस्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया गया एवं सभी को अपराधों से दूरी बनाये रखने की हिदायत दी जा रही है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर सदर विधायक ने दिव्यांगजनो को वितरित किये उपकरण



**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर में सदर विधायक पंकज गुप्ता व नगरपालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा, समाज कल्याण अधिकारी, उपमुख्य विकास अधिकारी राम जैसल ने दिव्यांगो को माल्यार्पण कर ट्राई-साइकिलें वितरित की। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना और उनके जीवन को सुगम बनाना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उपकरण पाकर दिव्यांगजनो के चेहरे खिल उठे।

## हाइवे पार करते युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार देरात परिजनों को अस्पताल में खाना देने के बाद घर वापस लौट रहे युवक को हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जेब मे मिले आधारकार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के मढ़ियामऊ गांव निवासी संत कुमार (45) पुत्र स्व0 राजाराम मंगलवार शाम को बंथरा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती गांव के ही सत्यनारायण कश्यप को खाना देने गया था, लौटकर आया तो वह बजेहरा गांव के पास उतर गया और घर जाने के लिए हाईवे पार करने लगा। इसी दौरान कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले आधारकार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मृतक अविवाहित था। वह दो भाइयों में वीरेंद्र से छोटा था।

# विवेचनाओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना इंदरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और अभिलेखों की स्थिति का जायज़ा लिया। अचानक पहुंचे एसपी के निरीक्षण से पुलिसकर्मियों में गतिविधियां बढ़ गई।

गुरूवार को जनपद के थाना इन्दरगढ पहुंचे पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार नें निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, दूर दृष्टि केंद्र, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर की साफ-सफाई, हवालात सहित सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की। उन्होंने अभिलेखों में पारदर्शिता और समयबद्ध अपडेटिंग पर जोर देते हुए कहा कि थाने का रिकॉर्ड किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहना चाहिए। एसपी ने लंबित विवेचनाओं की फाइलें देखने के साथ-साथ विवेचक उपनिरीक्षकों से एक-एक प्रकरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए एसपी ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, कार्यशीलता और कवरेज की भी जांच की। उन्होंने बताया कि तकनीकी निगरानी अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए सभी कैमरे हमेशा सही स्थिति में रहने चाहिए। इस दौरान सीओ तिर्वा कर्मवीर सिंह, थाना प्रभारी नीलम सिंह व उपनिरीक्षकों सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## शशांक की गेंदबाजी से श्री सहायक क्लब फाइनल में

**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को एक विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग (सत्र 2024-25) के फाइनल में जगह बना ली जहां उसका मुकाबला 6 दिसंबर को चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब से होगा। इस जीत में वामहस्त स्पिनर शशांक मेहरोत्रा की अचूक गेंदबाजी (8-2-23-7) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

केपी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब की टीम 26.5 ओवर में 111 रन (अमन मिश्रा 36, सुब्रत प्रसाद तिवारी 18, शशांक मेहरोत्रा 7/23, अमर चौधरी 2/39) बनाए। जवाब में श्री सहायक क्लब ने 34.4 ओवर में 9 विकेट पर 112 रन (अमर चौधरी 32 नाबाद, वर्तुल शुक्ला 21, शशांक मेहरोत्रा 19, हृदय नारायण पांडेय 12, अमन मिश्रा 4/27, सुब्रत प्रसाद तिवारी, अजय यादव, दिव्यांश यादव, विभव कुशवाहा, अखिल कुमार कश्यप एक-एक विकेट) बना लिए।

# राजकीय छात्रावास सुंदरीकरण व नवनिर्माण का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** शहर के बाईपास स्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास (खंड-1) के सुंदरीकरण एवं नवनिर्माण कार्य के पूर्ण होने के उपरांत सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फीता काटकर भव्य रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि यह छात्रावास अब और अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और छात्रों के अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा, जो उनके समग्र विकास और सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहल छात्र कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य के नागरिक बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें। छात्रों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए मैंने शौचालय व्यवस्था एवं पीने के पानी की उपलब्धता का निरीक्षण किया। छात्रों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आरओ सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। सुविधा, स्वच्छता और सुरक्षा हर छात्र का अधिकार है और इसे पूरा कराना मेरा कर्तव्य है। छात्रावास में निरीक्षण एवं उद्घाटन के दौरान, वहाँ उपस्थित शिक्षकगण द्वारा सदर विधायक का प्रभु श्रीराम जी की पवित्र तस्वीर और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। सदर विधायक ने कहा यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणास्रोत है और मुझे छात्र कल्याण के कार्यों को और अधिक समर्पण से करने के लिए प्रोत्साहित करता है। शिक्षक समुदाय के इस स्नेह और सम्मान के लिए हृदय से सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकाश पांडे समाज कल्याण अधिकारी, सभासद बृजेश पांडे, छात्रावास अधीक्षक दिनेश कुमार रावत व छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे।

# एंटीरोमियों टीम ने दी हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

- मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत महिलाआ/बालिकाओं को किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी /निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर महिलाओं को एकत्रित करके महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये जागरूक करते हुये महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। गुरूवार को मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम की महिला आरक्षी राखी, आरती, रेनू द्वारा नगर के जीटीरोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टशन, तिर्वारोड पर आने जानें बाली महिलाओं/बालिकाओं को किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व डायल 112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी दी और बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया। तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# अकबरपुर के ऐतिहासिक इमामबाड़े में भव्य नहजुल-बलाग़ा कॉन्फ्रेंस

- हज़रत अली (अ.स.) की शिक्षाओं से परिचय का सर्वोत्तम माध्यमः नहजुल

अवधनामा संवाददाता

**अकबरपुर (अंबेडकरनगर)** कुरआन-ए-मजीद के बाद सबसे महान पुस्तक नहजुल-बलाग़ा को माना जाता है, जिसे सय्यद रज़ी ने हज़रत अली (अ.स.) के अमूल्य उपदेशों को संकलित कर प्रस्तुत किया है। आज के दौर में व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याओं का समाधान नहजुल-बलाग़ा की शिक्षाओं में तलाश किया जा सकता है।

किताबख़ाना 'इल्म ओ दानिश', लखनऊ की लगातार कोशिश है कि नहजुल-बलाग़ा घर-घर तक पहुँचे। इसी उद्देश्य से पिछले वर्ष लखनऊ में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था और इस वर्ष अकबरपुर तथा आसपास के मोमिनीन को इस बहुमूल्य आध्यात्मिक विरासत से परिचित कराने के लिए 11 जनवरी 2026 दिन रविवार को शहर के मीरानपुर स्थित ऐतिहासिक इमामबाड़े में एक भव्य नहजुल-बलाग़ा कॉन्फ़्रेंस आयोजित की जा रही है।

किताबख़ाना 'इल्म ओ दानिश' के निदेशक मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़्वी ने हमारे संवाददाता से बातचीत में बताया कि किताबख़ाना तथा मोमिनीन-ए-अकबरपुर/अंबेडकरनगर इस कॉन्फ़्रेंस को दो सत्रों में आयोजन कर रहे हैं। पहला सत्र सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चलेगा। इन सत्रों में विभिन्न उलमा, क़ौमी विद्वान,कवियों तथा बच्चों द्वारा नहजुल-बलाग़ा के बारे में बताया जाएगा।

मौलाना ने सभी सत्य-प्रेमियों और मौला-ए-कायनात की शिक्षाओं से लाभान्वित होने की इच्छा रखने वालों से, धर्म और मज़हब से ऊपर उठकर? बड़ी तादाद में इस कॉन्फ़्रेंस में भाग लेने की अपील की है।

## अधेड़ का घर के अन्दर रक्तरंजित शव बरामद

**उन्नाव।** थाना अचलगंज अन्तर्गत घर के अन्दर अधेड़ का रक्तरंजित शव पुलिस ने बरामद किया। अधेड़ की हत्या दो या तीन दिन पूर्व नुकीले धारदार हथियार से की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शक के आधार पर भतीजे को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अचलगंज अन्तर्गत ग्राम मानव नगर निवासी मनोज रैदास 45 घर में अकेले रहता था। मनोज की बड़ी बहन राजदुलारी शुक्लागंज में रहती है। बीते तीन दिनों से वह भाई मनोज को फोन कर रही थीं लेकिन मोबाइल स्विच आफ जा रहा था। तीन दिन से फोन बन्द होने से शंका होने पर आज राजदुलारी बेटे आशीष के साथ मानव नगर पहुंची तो देखा कि घर के बाहर की कुंडी बंद थी। राजदुलारी घर की कुंडी खोलकर जैसे ही अंदर गई तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गये। भाई मनोज का रक्तरंजित शव पड़ा देखकर वह दहाड़े मारकर रोने लगी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्रा व अचलगंज थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल कर लोगों से पूंछताछ की।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष ने कराया सुव्यवस्थित वितरण

- सहकारी समिति पर यूरिया के वितरण पर उमडी क्षेत्रीय किसानों की भारी भीड़



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर की दक्षिणी किसान सहकारी समिति पर यूरिया खाद के वितरण के दौरान भारी संख्या में किसान उमड़ पड़े। फसल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समिति को यूरिया की नई खेप प्राप्त हुई, जिसकी जानकारी मिलते ही सुबह से ही किसानों की कतार लग गई।

गुरूवार को सहकारी क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराया। किसानों की भीड़ को देखते हुए अंगूठा लगवानें के बाद टोकन सिस्टम लागू किया गया, जिससे किसानों को क्रमवार खाद प्राप्त करने में आसानी हुई। समिति कर्मचारियों ने भी पर्चियां तैयार कर किसानों को निर्धारित मात्रा के अनुसार खाद उपलब्ध कराई। सहकारी समिति अध्यक्ष ने बताया कि सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है और किसी भी किसान को खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। बताया कि उत्तरी सहकारी समित पर 700 बोरी एवं दक्षिणी सहकारी समिति पर 350 बोरी खाद आई है, जिसका वितरण किया जायेगा। कहा कि इस समिति पर एक हजार खातेदार हैं। दुकानदारों द्वारा खाद को महंगे दामों पर बेंचनें के कारण समिति पर प्रतिदिन भीड बढती जा रही है। इस दौरान सचिव रामनरेश, दुवे, गीतेश मोहन दुवे, रोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका अध्यक्षा ने तीन वार्डों में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**उन्नाव।** नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा द्वारा नगर के तीन वार्डों में नवनिर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़कों का विधिवत लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों से संबंधित वार्डों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने वार्ड संख्या 26 (किशोरी खेड़ा) में राजकुमार के मकान से अनूप शुक्ल के मकान तक निर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क। वार्ड संख्या 31 (तकी नगर) में बहुप्रतीक्षित सड़क भरत मिलाप मैदान, हुसैन नगर चौराहा एवं शहर के मुख्य बाजार को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण मार्ग जो विगत कई वर्षो से जनता की मांग रही थी उसे बब्लू के मकान से अमित कुमार के मकान तक निर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क का नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा लोकार्पण किया गया। वार्ड संख्या 07 (इंदिरा नगर) मोहित के मकान से प्रवीण साहू के मकान तक निर्मित नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क का भी लोकार्पण किया।

## मदीना से हैदराबाद आ रहे इंडिगो के विमान में बम की धमकी




**अहमदाबाद।** सऊदी अरब के मदीना से भारत के हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइ 6ई-058 की अहमदाबाद में आपात लैंडिंग कराई गई है। हवाई अड्डों के सूत्रों के मुताबिक, विमान में बम की धमकी दी गई थी। इस विमान में 180 यात्री और छह क्रू के सदस्य सवार हैं।

दो दिन पहले कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट को भी बम की धमकी दी गई थी। इसके बाद विमान को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया था। यह धमकी हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल के जरिए दी गई। इसमें कहा गया कि विमान पर एक मानव बम सवार है। हालांकि, विमान की बाद में मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई और यात्रियों को उतारकर विमान की जांच की गई, जिसमें बम होने की बात कोरी अफवाह साबित हुई।

गौरतलब है कि दिल्ली में हुए धमाके के बाद से ही सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसके बावजूद दो हफ्ते पहले लगातार एयरपोर्ट से लेकर विमानों तक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जहां पहले कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रहे विमान में बम की अफवाह फैलाई गई तो वहीं इससे पहले मुंबई से वाराणसी जा रही फ्लाइट को बम की धमकी दी गई थी। इसके अलावा कुछ अराजक तत्व दिल्ली एयरपोर्ट, गोवा एयरपोर्ट और चेन्नई एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी दे चुके हैं।

## पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को हाईकोर्ट से मिली जमानत, पांच साल से अधिक समय तक तलोजा जेल में रहे बंद

**जमानत**

**हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हनी बाबू की जमानत पर रोक लगाने की मांग को खारिज किया, ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सके।**



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को बड़ी राहत दी है। उन्हें एल्गार परिषद-माओवादी लिंक मामले में पांच साल से अधिक समय बाद जमानत दी गई है। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर रोक लगाने की मांग करने वाली एनआईए की याचिका को खारिज किया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को जमानत दी। पांच साल से अधिक समय बाद उन्हें यह राहत मिली है। हनी बाबू की गिरफ्तारी एल्गार परिषद-माओवादी लिंक मामले में हुई थी। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस रंजीत सिंह भोसले की खंडपीठ ने बाबू की जमानत याचिका मंजूर की। अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं कराया गया है। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हनी बाबू की जमानत पर रोक लगाने की मांग को खारिज किया, ताकि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सके। हनी बाबू ने मुख्य रूप से बिना मुकदमे के लंबे समय तक जेल में रहने के आधार पर जमानत मांगी थी। उनके वकील युग मोहित चौधरी ने कहा था कि अभी तक आरोप तय भी नहीं हुए हैं और निचली कोर्ट में उनकी आरोपमुक्त करने मांग करने वाली अपील भी लंबित है। एनआईए ने आरोप लगाया कि हनी बाबू प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के कमांडरों के निर्देश पर माओवादी गतिविधियों और विचारधारा को फैलाने की साजिश में शामिल थे। उन्हें जुलाई 2020 में गिरफ्तार किया गया था और वह नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद थे।

31 दिसंबर 2017 को पुणे के शनिवारवाड़ा में एल्गार परिषद का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह मामला कथित भड़काऊ भाषणों से जुड़ा है। पुलिस का दावा है कि इन भाषणों के कारण अगले दिन भीमा कोरेगांव स्मारक के पास हिंसा भड़की। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इस मामले में दर्जनों कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों को आरोपी बनाया गया था। इसकी जांच शुरुआत में पुणे पुलिस ने की थी।

## बीएलओ के काम के घंटे घटाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** 12 राज्यों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर जबरदस्त दबाव पड़ा है। इन स्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब राज्य सरकारों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि बीएलओ के काम के घंटे कम करने के लिए राज्य सरकारें अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करे।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने यह भी आदेश दिया कि जिन लोगों ने चुनाव आयोग की ओर से जारी एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी से छूट के लिए सही और स्पष्ट वजहें दी हों, उनके अनुरोधों पर राज्य सरकार और सक्षम प्राधिकारी विचार करें और मामलों के आधार पर उन लोगों की जगह दूसरे कर्मियों की तैनाती की जाए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी-तमिलगा वेत्री कझगम की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पार्टी ने बीएलओ के तौर पर अपनी ड्यूटी ठीक ढंग से न निभा पाने वाले लोगों के खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से की जा रही कार्रवाई को चुनौती दी थी। पार्टी का कहना था कि ईसी काम के बोझ तले दबे बीएलओ के खिलाफ काम न कर पाने की स्थिति में जन प्रतिनिधि कानून की धारा 32 के तहत आपराधिक कार्रवाई कर रही है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अब निर्देश जारी किए हैं।

## मेनोपॉज के इलाज वाली हार्मोन थेरेपी पर जोखिम का आकलन गलत

**नई दिल्ली।** मेनोपॉज के इलाज वाली हार्मोन थेरेपी पर जोखिम का आकलन गलत करार दिया है। विज्ञान ने हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) को लेकर बना मिथक तोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि मेनोपॉज की शुरुआत में थेरेपी कराना सबसे उपयुक्त है।

महिलाओं में मेनोपॉज के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों से राहत देने वाली हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) पर 2002 की एक बड़ी वैश्विक स्टडी के बाद जो डर बैठा दिया गया था, लेकिन दो दशकों के शोध बता रहे हैं कि ईस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन आधारित एचआरटी उतनी जोखिमपूर्ण नहीं जितनी मानी गई थी बल्कि कई स्वास्थ्य स्थितियों में इसके फायदे अधिक स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं।

नेशनल जियोग्राफिक की प्राइम हेल्थ सेक्शन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2002 में विमेन्स हेल्थ इनिशिएटिव (डब्ल्यूएचआई) ने दावा किया था कि हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी महिलाओं में हृदय रोग, स्तन कैंसर और स्ट्रोक का खतरा बढ़ाती है। इसके बाद वैश्विक स्वास्थ्य जगत में हड़कंप मच गया और एचआरटी का उपयोग तेजी से घटा। नतीजा लाखों महिलाओं ने हॉट-फ्लैश, नींद की गंभीर समस्या, मूड-डिसऑर्डर, हड्डियों के तेजी से क्षरण (ऑस्टियोपोरोसिस) जैसे कष्ट झेले, क्योंकि डॉक्टरों ने एचआरटी लिखना लगभग बंद कर दिया।

रिपोर्ट कहती है कि नई स्टडीज के अनुसार 50 वर्ष के आसपास एचआरटी शुरू करने पर हृदय संबंधी जोखिम नहीं बढ़ता। कुछ मामलों में यह धमनियों की लोच बनाए रखने में मदद भी करती है। ईस्ट्रोजन हड्डियों के क्षरण को धीमा करता है। ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर का खतरा कम होता है। इस क्षेत्र में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन फ्रांसिस्को की विशेषज्ञ डॉ. मिरियम स्टेनर बताती हैं कि सही समय पर दी गई थेरेपी उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों के स्वास्थ्य को काफी मजबूत करती है।

नई स्टडीज बताती हैं कि संतुलित ईस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन संयोजन में स्तन कैंसर का जोखिम बहुत कम या नगण्य होता है। इस पर इंटरनल मेडिसिन और हॉर्मोनल एजिंग संस्थान की विशेषज्ञ डॉ. एरिका श्वार्ट्ज कहती हैं कि पुराने मिथक महिलाओं को अनावश्यक रूप से डराते रहे जबकि आधुनिक डेटा एक अलग तस्वीर दिखाता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एचआरटी) सबसे अधिक सुरक्षित और प्रभावी तब मानी जाती है जब इसे मीनोपॉज की शुरुआत के आसपास, यानी लगभग 45 से 55 वर्ष की उम्र वाली महिलाओं में शुरू किया जाए।

## 16 साल में 18822 भारतीय नागरिकों को अमेरिका ने किया डिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि 2009 से अब तक अमेरिका ने 18,822 भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया है। वहीं जनवरी 2025 से अब तक 3,258 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। यह जानकारी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में दी है।

राज्यसभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि राज्य सरकारों और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने भी मानव तस्करी के मामलों की जांच की है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मानव तस्करी के सबसे अधिक मामले पंजाब से देखने को मिले हैं। विदेश मंत्री ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया, 2009 से अब तक कुल 18,822 भारतीय नागरिकों को भारत डिपोर्ट किया गया है।

## यूपी में एक हफ्ते तक नहीं चलेगा बुलडोजर याचिकाकर्ताओं को मिली सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम सुरक्षा



**आदेश**

**सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई यह सुरक्षा सिर्फ सात दिन के लिए है। इस आदेश से इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर कोई दबाव नहीं होगा।**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में संपत्ति गिराने के दो मामलों में दखल दिया है, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से मामले की सुनवाई करने से इनकार करते हुए, याचिकाकर्ताओं को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया है। फिलहाल, एक हफ्ते तक कोई तोड़फोड़ नहीं होगी और इस दौरान याचिकाकर्ता हाईकोर्ट में राहत मांग सकेंगे। उत्तर प्रदेश में घर और मैरिज हॉल के कथित अवैध निर्माण पर की जा रही कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को याचिकाकर्ताओं को एक हफ्ते की अंतरिम सुरक्षा दी है। इस दौरान अदालत ने स्पष्ट कहा कि अगले सात दिनों तक दोनों पक्ष स्टेटस को बनाए रखें, यानी अब इस अवधि में आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल रहे, ने कहा कि याचिकाकर्ता अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामला उठाएं और वहां से राहत लें। इस दौरान बेंच ने शुरू में पूछा कि याचिकाकर्ता सीधे सुप्रीम कोर्ट क्यों आए, जबकि पहले उन्हें हाईकोर्ट जाना चाहिए था। वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही बुलडोजर न्याय के विषय पर फैसला दे चुकी है और इसलिए वे सीधे यहां आए हैं। इस पर अदालत ने कहा, अगर हर कोई सीधे सुप्रीम कोर्ट आ जाएगा तो अनुच्छेद 226 (यानी हाईकोर्ट की शक्तियां) का क्या मतलब रह जाएगा? याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि एक याचिकाकर्ता की उम्र 75 वर्ष है, उन्होंने प्रशासन से नोटिस और सुनवाई की मांग की थी, लेकिन बिना किसी नोटिस के ढांचे में आंशिक तोड़फोड़ कर दी गई। वकील ने आगे कहा कि अभी भी बुलडोजर मौके पर मौजूद हैं और कभी भी पूरा ढांचा गिराया जा सकता है। इस पर अदालत ने कहा, हम एक हफ्ते की सुरक्षा दे देते हैं, इस दौरान आप हाईकोर्ट में जाइए और तत्काल सुनवाई की मांग करें। सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई यह सुरक्षा सिर्फ सात दिन के लिए है। इस आदेश से इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर कोई दबाव नहीं होगा। हाईकोर्ट मामले को अपने स्तर पर और अपने नियमों के अनुसार देखेगा। वहीं जब याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले का उल्लंघन है, तो इस पर बेंच ने जवाब दिया, अगर आपको लगता है कि आदेश की अवमानना हुई है तो अवमानना याचिका दायर कीजिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2023 में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया था जिसमें कहा गया था किकिसी भी संपत्ति को तोड़ने से पहले नोटिस देना और 15 दिन का जवाब देने का समय देना अनिवार्य है। सरकार या प्रशासन नागरिकों को सजा देने के लिए सीधे संपत्ति नहीं तोड़ सकते। ऐसा करना मनमानी और कानून के खिलाफ माना जाएगा।

## भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**प्रभावित**

**भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को मानवीय मदद दे रहा है, ताकि प्रभावित लोगों तक तुरंत राहत पहुंचाई जा सके।**



**कोलंबो।** भारत ने मानवीय मदद के प्रयासों के तहत चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं, ताकि अलग-थलग पड़े इलाकों को जोड़ा जा सके और पेयजल जैसी बुनियादी सेवाएं बहाल हों। चक्रवात दित्वाह से श्रीलंका में भारी तबाही हुई है, जिसमें अब तक 479 लोगों की मौत और 350 के लापता होने की पुष्टि हुई है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है। द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवंबर से चरम मौसम की वजह से बनी है।

भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बुधवार को बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

बुधवार को आयोजित एक ऑनलाइन बैठक में आंध्र प्रदेश के रियल टाइम गवर्नेंस सचिव भास्कर कतामनेनी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति के डिजिटल अर्थव्यवस्था सलाहकार हंस विजयसूरिया और गवटेक टीम के साथ डिजिटल माध्यम से टूलकिट साझा की, जिसमें राज्य सरकार की आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के बेहतरीन अनुभव दिखाए गए।

भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को मानवीय मदद दे रहा है, ताकि प्रभावित लोगों तक तुरंत राहत पहुंचाई जा सके। इसमें हवाई, समुद्री और जमीनी ऑपरेशन शामिल हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बुधवार को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, सागर-बंधु पहल के तहत भारत की त्वरित मदद हमारी साझेदारी और देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सद्भाव को दर्शाती है।

## अमेरिका का 2026 में नए जी20 का आयोजन करने का एलान

**सम्मेलन**

**अमेरिका की सरकार ने गुरुवार को वैश्विक आर्थिक मंच को नया आकार देने की कोशिश करते हुए अगले जी20 सम्मेलन के आयोजन का एलान किया।**



**वॉशिंगटन।** जी20 समिट में ट्रंप की गैरहाजरी और दक्षिण अफ्रीका को आगे आमंत्रित न करने की घोषणा पर राष्ट्रपति रामाफोसा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक संबंध सुधारने के प्रयासों के बावजूद ट्रंप सजा देने वाले कदम उठा रहे हैं।

अमेरिका की सरकार ने गुरुवार को वैश्विक आर्थिक मंच को नया आकार देने की कोशिश करते हुए अगले जी20 सम्मेलन के आयोजन का एलान किया। अमेरिका ने इसे नया जी20 करार दिया। दरअसल अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका को इस सम्मेलन से बाहर करने का एलान किया है और पोलैंड को शामिल किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका पर भेदभाव और कट्टरपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

एक ब्लॉग पोस्ट में अमेरिकी विदेश मंत्री ने लिखा, अमेरिका नए जी20 का स्वागत करता है। जी20 2026 का आयोजन दिसंबर 2026 में फ्लोरिडा के मियामी में होगा। साल 2009 के बाद पहली बार अमेरिका जी20 का आयोजन करने जा रहा है। रुबियो ने बताया कि नया जी20 तीन मुख्य स्तंभों पर आधारित है, जिनमें रेगुलेटरी बोझ को हटाना, किफायती और सुरक्षित ऊर्जा आपूर्ति सप्लाई चेन, एआई जैसी अहम तकनीक पर फोकस शामिल हैं। मार्को रुबियो ने पोलैंड को भी जी20 सम्मेलन में शामिल करने की जानकारी दी। रुबियो ने दक्षिण अफ्रीका की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की तीखी आलोचना की और दक्षिण अफ्रीका में कथित तौर पर मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं से आंखें मूंदने का आरोप लगाया। ऐसा पहली बार नहीं है कि ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण अफ्रीका की सिरिल रामाफोसा सरकार की निंदा की है।

ट्रंप ने कुछ दिनों पहले ही 2026 में होने वाले जी20 सम्मेलन से दक्षिण अफ्रीका को बाहर करने का एलान किया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को निराशाजनक बताया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका के साथ कूटनीतिक संबंध सुधारने के राष्ट्रपति रामाफोसा के कई प्रयासों और बार-बार की गई कोशिशों के बावजूद सजा देने वाले कदम जारी रखे हैं।

अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच संबंधों में गिरावट तब शुरू हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों के खिलाफ नरसंहार का आरोप लगाया।

हालांकि ट्रंप ने अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिए। इसी नाराजगी के चलते ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में हुए हालिया जी20 सम्मेलन में शिरकत करने से इनकार कर दिया। इसी विवाद के बीच दक्षिण अफ्रीका ने जी20 अध्यक्षता का गवेल अमेरिकी दूतावास के जूनियर अधिकारियों को सौंपने से मना कर दिया। इससे अमेरिकी सरकार नाराज हो गई।

## यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम: पुतिन



**मॉस्को।** अमेरिका की मध्यस्थता में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की कोशिशें चल रही हैं। इसी के तहत अमेरिका का एक प्रतिनिधिमंडल रूस दौरे पर था, जहां उनकी रूसी अधिकारियों से पांच घंटे लंबी बैठक चली, लेकिन दोनों पक्षों में कोई सहमति नहीं बन पाई। अब इसे लेकर पुतिन ने बयान दिया है कि सहमति बनाना एक मुश्किल काम है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है। पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है। पुतिन का यह बयान मॉस्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है।

बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए। बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है। इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है। उसी तरह यूक्रेन ने भी कुछ मुद्दों पर सहमति तो कुछ को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक के बाद कहा,यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी। यह मुश्किल काम है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की पहल पर रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की कोशिशों में तेजी आई है। हालांकि रूस और यूक्रेन को रेड लाइन्स प्रस्तावों को सुलझाना अभी भी टेढ़ी खीर बना हुआ है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ रूसी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से पहले यूरोप को धमकी देते हुए कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर यूरोप जंग चाहता है तो हम तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हम यूरोप के साथ जंग नहीं करने जा रहे हैं, मैंने पहले ही कहा है। लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ जंग छेड़ना चाहता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर यूरोप रूस के साथ जंग शुरू करता है, तो ऐसी स्थिति बन सकती है जिसमें बातचीत करने के लिए कोई नहीं होगा।

## पाकिस्तानी मूल का व्यक्ति बंदूकों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार



**अमेरिका।** पाकिस्तान में जन्मे लुकमान खान को डेलावेयर विश्वविद्यालय में सामूहिक गोलीबारी की योजना के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसके पास बंदूकें, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर और एक नोटबुक बरामद हुई। नोटबुक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का नक्शा, सभी को मारो और शहीद जैसे शब्द और पुलिस से बचने की जानकारी लिखी थी।

पाकिस्तान के एक प्रवासी को कथित तौर पर बंदूकों, गोला-बारूद, शरीर के कवच (बॉडी आर्मर) के साथ गिरफ्तार किया गया है।

उसके पास से एक नोटबुक भी बरामद की गई है, जिसमें उसने स्कूल परिसर में सामूहिक गोलीबारी में सभी को मारने और शहीद होने की योजना बनाई थी। गिरफ्तार व्यक्ति डेलावेयर विश्वविद्यालय का पूर्व छात्र है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यक्ति की पहचान लुकमान खान (25 वर्षीय) के रूप में हुई। उसे 24 नवंबर की रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस को वह एक पार्क में उसके ट्रक पर मिला और उसके व्यवहार पर शक होने के बाद वाहन की तलाशी ली।

ट्रक में एक ग्लॉक पिस्तौल, 27-राउंड गोलियों के मैगजीन और बॉडी आर्मर की प्लेटें बरामद हुईं। पिस्तौल को ऐसे किट में रखा गया था, जिसे जोड़कर उसे सेमी-ऑटोमैटिक राइफल बनाया जा सकता था। हथियारों के साथ पुलिस को एक नोटबुक भी मिली, जिसमें हाथ से जानकारी लिखी गई थी। इसमें लिखा गया था कि वह अपने पुराने स्कूल परिसर में हथियारों का इस्तेमाल करके गोलीबारी कैसे करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नोटबुक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (मुख्यालय) का नक्शा भी था, जिसमें प्रवेश और निकासी के रास्ते चिह्नित किए गए थे। इसमें सभी को मारो, शहीद जैसे शब्द लिखे थे और बताया गया था कि गोलीबारी के बाद पुलिस से कैसे बचा जाए। पुलिस ने कहा कि यह पूरी योजना पहले से बनाई गई थी और इसमें साफ तौर पर युद्ध जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जाना था। हालांकि, हमले की साजिश के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हैं। लुकमान ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि शहीद होना सबसे महान चीजों में से एक है।

न्यू कैसल काउंटी पुलिस ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया, पाकिस्तान में जन्मा लुकमान खान बचपन से ही अमेरिका में रह रहा था और अमेरिकी नागरिक है। खान पर मशीन गन अवैध रूप से रखने का आरोप लगाया गया है और एफबीआई की जांच जारी है।

पड़ोसियों ने जांचकर्ताओं को बताया कि पहले खान मिलनसार बनकर था। लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह लोगों से अलग-थलग रहने लगा था।

## शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इससे पहले हसीना और उनके गृह मंत्री को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

# शासन गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के लिए कटिबद्ध है: धर्मवीर

**शाहगंज महोत्सव में 587 जोड़ो का विवाह सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** तहसील शाहगंज स्थित रामलीला मैदान में आयोजित 02 दिवसीय शाहगंज महोत्सव का शुभारम्भ बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, पूर्व सांसद कुवर हरिवंश सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महोत्सव स्थल पर पधारे समस्त अतिथिगण का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने मिशन शक्ति के स्टॉल का निरीक्षण किया तथा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। महोत्सव के प्रमुख आकर्षण सामूहिक विवाह समारोह में सभी जोड़ों का विधि-विधानपूर्वक विवाह सम्पन्न कराया गया। राज्यमंत्री विधायक सहित अन्य अतिथियों ने नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि शासन गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा आवास, गैस, शिक्षा, सामूहिक विवाह योजना तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पाँच लाख रुपये तक



की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य सूविधाए उपलब्ध कराकर आमजनमानस को राहत प्रदान की गई है। विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने शाहगंज महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि शाहगंज महोत्सव के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जोडो की पहचान बायोमेट्रिक विधि से सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि वे इस मंच पर जिलाधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि बेटियों के अभिभावक के रूप में उपस्थित हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक जोड़े को एक पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य भी संचालित है। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे अपने गणना प्रपत्र अवश्य भरें, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य समय से पूर्ण कराया जा सके। महोत्सव के दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनसे समूचा वातावरण मंगलमय एवं आनंदमय हो उठा। मंच संचालन के दौरान अन्य अतिथियों ने भी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। महोत्सव में 631 जोड़ो ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें करीब 587 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव, पी0डी0 के0 के0 पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा, सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण और आमजनमानस उपस्थित रहे।

# जिला प्रबंधक अग्रणी व जनपद के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ की गयी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** राजस्व परिषद उ0प्र0 अनुभाग-2 लखनऊ द्वारा जनपद में संचालित बैंको द्वारा वसूली प्रमाण पत्र योजना कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली 2020 ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज वसूली प्रमाण पत्र की समीक्षा किये जाने निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री गंभीर सिंह की अध्यक्षता में जिला प्रबंधक अग्रणी व जनपद के समस्त बैंको के शाखा प्रबंधको के साथ की गयी। समीक्षा बैठक में जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आर0ओ0, केनरा बैंक, यूको बैंक, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे, जबकि भारतीय स्टेट बैंक,



इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बडौदा यू0पी0 बैंक, सेन्ट्रल बैंक आदि बैंक के शाखा प्रबंधक सूचना के बावजूद उपस्थित नही हुए, जिस पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 द्वारा उपस्थित जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आर0ओ0 व शाखा प्रबंधको को निर्देशित किया गया कि वसूली प्रबंधन प्रणाली पर दर्ज वसूली प्रमाण पत्र में जो आर0सी0 अबतक अप्राप्त है, उसे जिला संग्रह कार्यालय रूम नम्बर-55 में तत्काल उपलब्ध करायें, ताकि तहसील में ऑनलाइन प्रेषित कर वसूली की कार्यवाही करायी जा सकें। बैठक में उपस्थित शाखा प्रबंधक द्वारा सुझाव दिया गया कि बैंक परस्पर जमा तथा डिफाल्टर की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध करायें, जिससे पता चल सके कि उक्त बाकीदार का दूसरे बैंक में धनराशि जमा है, उस खाता को कुर्क/सीज कर वसूली की कार्यवाही करने में आसानी हो सकती है। साथ ही बैंक के शाखा प्रबंधको द्वारा अवगत कराया गया कि जारी वसूली प्रमाण पत्रों की वसूली में तहसील स्तर पर प्रगति अच्छी नहीं है। जिसके लिए राजस्व विभाग व सम्बंधित बैंक की संयुक्त टीम के द्वारा बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार उत्पीड़क कार्यवाही करते हुए वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जलालपुर थाना पुलिस व साइबर क्राइम टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार करने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। असबरनपुर निवासी रतन कुमार ने अपनी बेटी का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने हेतु विजय यादव नामक व्यक्ति को दस्तावेज दिए थे। विजय ने उन्हें जो प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया, वह छ्स्र्ल्ह कार्यालय से सत्यापन में फर्जी पाया गया। जांच में सामने आया कि विजय यादव एक बड़े गैंग से जुड़ा है, जो ऑनलाइन सिस्टम हैक कर



**09 एंड्रॉयड मोबाइल फोन व 04 लैपटॉप बरामद**

फर्जी प्रमाणपत्र मोटी रकम लेकर तैयार करता था। रतन कुमार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने जांच शुरू की और टेक्नोलॉजी की मदद से गैंग के सक्रिय सदस्यों तक पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में दो टीमों का गठन हुआ।4 दिसंबर को पहली टीम ने नहोरा सई नदी के पास से दो आरोपियों अंकित यादव उर्फ शुभम यादव (मऊ), राज कुमार उर्फ विक्की (गौतमबुद्ध नगर) को तीन मोबाइल व तीन लैपटॉप सहित गिरफ्तार किया। दूसरी टीम ने बाकराबाद हाईवे तिराहे से तीन अन्य अभियुक्त– राशिद (मधुबनी, बिहार) राजीव कुमार (अमरोहा) अभिषेक गुप्ता (लखनऊ) को छह मोबाइल व एक लैपटॉप के साथ पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे ग्राम पंचायतों की आईडी से मिलते-जुलते पासवर्ड ट्राई कर लॉगिन करते थे। इसके बाद AnyDesk सॉफ्टवेयर से स्क्रीन शेयरिंग के जरिए पासवर्ड जनरेट कर लेते थे और उसी माध्यम से फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनाकर लोगों से मोटी रकम वसूलते थे।

# बाबू बागेश्वर यादव की जयंती धूमधाम से मनाई

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जहानागंज समाजवादी पार्टी पर बाबू बागेश्वर यादव की 133 जयंती मनाई गई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबू बागेश्वर यादव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकिशोर यादव पूर्व सांसद व अध्यक्षता विधायक मुबारकपुर अखिलेश यादव ने किया इस दौरान किया। सर्वप्रथम बाबू बागेश्वर के चित्रपर माल्यार्पण किया गया उसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में मुख्य अतिथि नंदकिशोर यादव ने बताया कि बाबू बागेश्वर जी अपने जीवन में संघर्ष करके समाज को आगे बढ़ने का काम किया हमारे समाज में बहुत से दबे पिछले लोगों को सही रास्ता दिखाएं महिलाओं का सम्मान करने के लिए भी कहा करते थे आज हमारे समाज के कई लोग बड़े पदों पर हैं जैसे कि विधायक सांसद बनाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यहां तक की मुख्यमंत्री तक हमारे जिले के समाज के लोग बने शिक्षा से हम सभी अच्छे मुकाम पहुंच सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक अखिलेश यादव ने कहा कि पहले के समय में दलित पिछड़ों का बहुत शोषण किया जाता था जिसके खिलाफ बाबू बागेश्वर ने छोटी-छोटी मीटिंग गांव में करके हर गांव में समाज को जगाने का काम किया करते थे। कार्यक्रम का संचालन कालका प्रसाद यादव ने किय इस अवसर पर संयोजक परमेंद्र यादव अधिवक्ता हाई कोर्ट पूर्व विधान परिषद सदस्य कमला प्रसाद यादव सोमनाथ यादव दीप चंद्र निषाद ईश्वर चंद्र यादव गिरीश चंद्र यादव देवासी यादव बहादुर यादव सिकंदर चौधरी कैलाश पासवान किशोर यादव गुड्डू सहित अन्य मौजूद रहे।

## नगर पंचायत गोला बाजार, जनपद-गोरखपुर

पत्रांक : 578/का.न.पं. गोला/गो./2025-26 दिनॉक : 01.12.2025

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गोला बाजार क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार का कूड़ा-कचरा, ठोस अपशिष्ट, पत्तियाँ, प्लास्टिक अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थों को खुले में जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। खुले में कचरा जलाना ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016, तथा मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT), नई दिल्ली के आदेशों का उल्लंघन है। अतः कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा प्रतिष्ठान यदि नगर पालिका सीमा में खुले में कचरा जलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमों के तहत रू. 5000.00 (रूपये पांच हजार मात्र) का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नगर पंचायत गोला बाजार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि पर्यावरण संरक्षण एवं जन-स्वास्थ्य की दृष्टि से नगर पालिका के इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोला बाजार**
**गोरखपुर।**

# 72 लाभार्थियों को 1.93 करोड़ का ऋण वितरित

**युवाओं व महिलाओं को मिला रोजगार का अवसर**

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं प्रधानमंत्री स्वः निधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित ऋण वितरण शिविर में 72 लाभार्थियों को रू. 01 करोड़ 93 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित करते हुये कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि आज कई शिक्षित युवाओं, समूह की महिलाओं को स्वतः रोजगार स्थापित करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराया गया है, अब यह युवा नौकरी की तलाश में अपने जीवन का समय बर्बाद नहीं करेंगे बल्कि शासन की संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं



का लाभ उठाकर अपना स्वतः रोजगार स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे, उद्यमिता से जुड़ जीवन में नए आयाम स्थापित कर परिवार, समाज के साथ-साथ प्रदेश, देश के विकास में अपना योगदान देंगे, महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त, स्वावलम्बी बनेंगी। उन्होने उपस्थित भविष्य के उद्यमियों से कहा कि आप हमें निराश नहीं करेंगे, पूरे मनोयोग, मेहनत से कार्य कर लाभ अर्जित करें, लाभार्जन के साथ बैंक का ऋण समय से अदा करें ताकि बैंक आपके पीछे-पीछे और ऋण लेने के लिए आपसे आग्रह करे। उन्होने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष बेहतर प्रगति पर एस.बी.आई. के अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि बैंक ने शासन की जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं में समय से ऋण वितरण कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, बैंक की मद्द से युवा अपना उद्योग स्थापित कर स्वावलम्बी बन सकेंगे। ऋण वितरण शिविर में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वाति को रू. 08 लाख, विशाल एग्रो फील्ड को रू. 04 लाख 37 हजार, प्रेरणा सक्सेना को रू. 04 लाख 25 हजार, विकास कुमार को रू. 03 लाख 60 हजार, हनी यादव, सुनील कुमार को रू. 03.15-03.15 लाख, अमरपाल को रू. 03 लाख 55 हजार, गोपाल को रू. 04 लाख 36 हजार, अनूप कुमार को रू. 03 लाख 50 हजार, अजित को रू. 03 लाख, अभिषेक को रू. 03 लाख 85 हजार, अवनीश कुमार को रू. 03 लाख 10 हजार, विकास सिंह को रू. 03 लाख 06 हजार, अरुण कुमार को रू. 03 लाख 58 हजार, रवि कुमार को रू. 01 लाख 80 हजार, लकी ब्यूटी पार्लर को रू. 01 लाख 75 हजार, प्रशांत पाल को रू. 01 लाख 96 हजार, रुस्तम को रू. 02 लाख 92 हजार, अरविंद सिंह को रू. 04 लाख 07 हजार, सुधीर कुमार को रू. 03 लाख 93 हजार, संतपाल को रू. 04 लाख 25 हजार, विशाल दुबे को रू. 03 लाख 48 हजार 500, शेखर जाटव को रू. 02 लाख 62 हजार 500, विनीता को रू. 01 लाख 31 हजार 250, हिमांशु को रू. 03 लाख 12 हजार 500, रामवीर सिंह कश्यप को रू. 03 लाख 93 हजार, प्रांजल पाण्डेय को रू. 04 लाख, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में रविन्द्र भाटिया, मिथलेश कुमार, नीरज कुमार को 50-50 हजार, मो. राशिद को रू. 45 हजार, शाइजल, प्रदीप कुमार, सुखवीर सिंह, समित कुमार, राम कृष्ण, मीरा कुमारी को रू. 15-15 हजार, निशा कुमारी, श्याम सुन्दर वर्मा, राघवेन्द्र को 25-25 हजार, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में जगन्नाथ प्रसाद को रू. 06 लाख, राजेश यादव को रू. 05 लाख, स्वयं सहायता समूह के तहत शिव महिला समूह, सरस्वती माँ महिला समूह को रू. 06 लाख, तुलसी महिला समूह को रू. 05 लाख, राधारानी महिला समूह को रू. 03 लाख, बालाजी महिला स्वयं सहायता समूह, सरस्वती महिला समूह, प्रेम महिला समूह, लक्ष्मी महिला समूह, जय माता दी महिला समूह, संतोषी महिला समूह, एकता महिला समूह को रू. 01.50-01.50 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराये गये।

## कार्यालय जिला पंचायत बस्ती।

पत्रांक : 2141/डि0/जि0पं0ब0/2025-26 दिनॉक - 04-12-2025

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारा के साथ-साथ राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाली टाईड एवं अनटाईड तथा पंचम राज्य वित्त आयोग की अवशेष धनराशि एवं जिलानिधि में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष चयनित 67 निर्माण कार्यों की ई-निविदा (www.etender.up.nic.in पर) आमंत्रित की जानी है। जिसे वेबसाइट etender.up.nic.in पर दिनांक 06.12.2025 को समय 06:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है तथा ऑनलाइन ई-निविदा की अन्तिम तिथि 20.12.2025 को समय 05:00 बजे तक होगी, दिनांक 22.12.2025 को समय 11:00 बजे जिला पंचायत कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष निविदायें खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ब्यान की धनराशि का अलग-अलग बैंक ड्राफ्ट जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बस्ती के पक्ष में भुगतान हेतु देय होगी, की स्कैन प्रतियां, प्रत्येक निविदादाता द्वारा रु0 100/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र निर्धारित प्रपत्र पर आनलाइन स्कैन करते हुये निविदा के साथ अपलोड किया जायेगा। निर्माण कार्यों का विवरण एवं शर्तों की जानकारी ई-टेण्डर की बेबसाइड पर देखी जा सकती है साथ ही निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**रणविजय सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत बस्ती।**

**विजय प्रकाश वर्मा**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत बस्ती।**

**संजय चौधरी**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत बस्ती।**

## दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को पूरे अंक



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने शिवपुर क्लब को चार विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल क्रिस्टल ट्रॉफी अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। विजेता टीम के मोहम्मद अली (51 रन, 50 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और अहमद वाइज़ की गेंदबाजी (हैट्रिक सहित तीन विकेट) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पराजित टीम के रुद्रांश सिंह का हरफनमौला प्रयास (114 रन, 72 गेंद, 10 चौके, सात छक्के एवं तीन विकेट) व्यर्थ हो गया। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को शिवपुर क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 205 रन (रुद्रांश सिंह 114, संस्कार 41, रोबिन सिंह 18, अहमद वाइज 3/23, अबू रिमशा 2/35, मोहम्मद शायान 2/36) बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 29.3 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन (मोहम्मद अली 53, रिदान 33, मोहम्मद तंजील 31, अल्तमश 11 नाबाद, रुद्रांश सिंह 3/32, आर्यन कुमार, अयांश शुक्ला व उत्कर्ष एक-एक विकेट) बना लिए।

## शिक्षा से ही मनुष अपने जीवन को सफल बना सकता है : ज्ञानप्रकाश

**जौनपुर (जफराबाद)।** शिक्षा से ही मनुष्य जीवन को सफल बना सकता है। शिक्षा केवल नौकरी पाने ही देने के लिए होनी चाहिए।यह बातें गुरुवार को हरगोविंद सिंह इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी एवं नवनिर्मित दो कक्षों के उदघाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह ने कही। उन्होंने कहा शिक्षा का महत्व तब समझ मे आता है जब मनुष्य अपने सपनों को पूरा नही जर पाता है।शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे आप जीवन मे कही भी सफलता के ऊंचाइयों को छू सकते हैं।इसके पहले उन्होंने नवनिर्मित कक्षो का फीता काटकर लोकार्पण किया।उसके बाद उन्होंने कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों में अवि कुमार प्रजापति द्वारा वाटर क्लीनिंग मशीन,रिया राव ने इलेक्ट्रिक सेफ्टी मशीन,शिवानी यादव ने हड़प्पा की सभ्यता काल के औजार,व कुवों इसके अलावा अन्य छात्र छात्राओं ने कई प्रोजेक्ट को बनाया था। श्री सिंह ने बच्चो के प्रदर्शनी को लेकर सराहना किया।

# काशी तमिल संगमम् यात्रा उत्तर एवं दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का संगमः महापौर

**काशी तमिल संगमम् के प्रथम दल के सदस्यों का किया भव्य स्वागत**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 'काशी तमिल संगमम्'' कार्यक्रम के प्रथम दल के सदस्यों का गुरूवार को जनपद प्रयागराज आगमन पर महापौर श्री उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह के द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया।

प्रथम दल में लगभग 200 सदस्य प्रयागराज आये। इस अवसर पर जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। शिवांक द्विवेदी एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा भजन गाकर लोगो को मंत्रमुग्ध किया। काशी तमिल संगमम् के सदस्यों को गंगा जल भेंट किया गया। इस अवसर पर महापौर के द्वारा दल के टीम लीडर



को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय द्वारा अभिलेख एवं पांडुलिपियों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी, जिसमें कागज तथा ताड़पत्र के पौराणिक ग्रंथो के प्रदर्श विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह उनकी सोच का परिणाम है कि हमारे दक्षिण भारत के भाई-बहन उत्तर भारत में आकर भारत की साझा संस्कृति, परम्पराओं, मान्यताओं का अनुभव प्राप्त कर रहे है। आज उत्तर और दक्षिण का संगम इस पावन संगम तट पर देखने को मिल रहा है।

काशी तमिल संगमम् टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन एवं स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सैण्ड आर्ट का अवलोकन किया गया।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी राहुल यादव अंक पत्र खो गया है, जिस्का अनुक्रमांक 0174745 है किसी सज्जन को मिले तो घनानंद इंटर कॉलेज सुल्तान गंज मैनपुरी को सूचना देना।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला-हरदोई

पत्रांक : 981/न0पा0/नि0वि0/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक : 04-12-2025

### ई-टेण्डरिंग-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सण्डीला द्वारा वर्ष 2025-26 में **'पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना'** अनुदान संख्या-37 के अधीन शा0सं0-160/2025/आर0एफ0-1798/नौ-9-2025/002-E-1948524 दिनांक 04 अक्टूबर 2025 द्वारा मु0 99.47 लाख की धनराशि प्राप्त हुयी एवं **'सीवरेज जल निकासी योजना'** के अधीन शा0सं0-334 /2025/नौ-5-2025/001-Com.No.-1982756 दिनांक 31 अक्टूबर 2025 द्वारा मु0 100. लाख की धनराशि प्राप्त हुयी है जिसके अनुपालन में निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 का अनुपालन करते हुये आनलाइन निविदाएं https//etender.up.nic.in पर दिनांक 05.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे से 05.01.2026 को सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्य की निविदा के अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों की प्रतियां निविदा के साथ 10% धरोहर धनराशि की रा0व0पत्र अथवा एफ0डी0आर0 (राष्ट्रीय कृत बैंक) अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक कराकर दिनांक 05.01.2026 से पूर्व कार्यालय में मूल एफ0डी0आर0 बन्द लिफाफा में जमा करना अनिवार्य होगा।

### टेण्डर शिड्यूल (www.etender.up.nic.in)

| S. No. | नगर पालिका परिषद सण्डीला/ANN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | - | 05.12.2025, 11 AM | - |
| 2. | | Tender Download | 05.12.2025, 11 AM | 05.01.2026, 05 PM |
| 3. | Close for Bid | | 05.12.2025, 05 PM | |
| 4. | Technical Bid Opening | | 06.01.2026, 11 AM | - |
| 5. | Finance Bid Opening | After Approval of Technical Bid | | |

अन्य शर्तें कार्यविवरण ई-टेण्डर वेबसाइड https//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

**(अनरुद्ध कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सण्डीला**
**हरदोई**

**(मो. रईस अन्सारी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सण्डीला**
**हरदोई**

## जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया का मिडनाईट कार्निवल शुरू



जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने पूरे देश में अपना मिडनाईट कार्निवल शुरू किया है। यह कार्निवल 5 से 7 दिसंबर, 2025 तक एमजी की संपूर्ण वाहन श्रृंखला के लिए है। इस कार्निवल के दौरान सभी एमजी शोरूम तीन दिनों के लिए आधी रात तक खुले रहेंगे, ताकि ग्राहकों को अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ डीलरशिप पर आकर एमजी वाहन खरीदने के लिए ज्यादा सुविधा और समय मिल सके। यहाँ पर उन्हें बिल्कुल जश्न और त्योहार जैसा अनुभव प्राप्त होगा।

इस बारे में, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विनय रैना ने कहा, ''जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में हम बेहतरीन अनुभवों के लिए कारों से आगे बढ़कर सेवाएं देने में यकीन रखते हैं। यह साल हमारे ब्रांड में ग्राहकों के विश्वास और प्यार का प्रमाण है। मिडनाईट कार्निवल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मिडनाईट कार्निवल के दौरान शुरू हुआ हर नया सफर हमारी ओर से एक विशेष उपहार के साथ यहाँ से जाए। इसके माध्यम से हम अपने बढ़ते हुए समुदाय को धन्यवाद कहना और खुशी फैलाना चाहते हैं।

मिडनाईट कार्निवल से इनोवेशन और यादगार ओनरशिप अनुभवों के साथ ग्राहकों पर केंद्रित रहने की जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। शोरूम के खुले रहने का समय बढ़ाकर और डीलरशिप में दिलचस्प गतिविधियाँ पेश करके इस ब्रांड का उद्देश्य कार की खरीददारी के अनुभव को एक खुशनुमा और परिवारों के अनुकूल जश्न में तब्दील करना है।

मिडनाईट कार्निवल के अंतर्गत, ग्राहकों को 11 करोड़ रुपये तक के निश्चित उपहार मिलेंगे। वो लंदन ट्रिप, 3 दिन/2 रात का निश्चित होलिडे वाउचर, और दिलचस्प स्क्रैच-एंड-विन रिवार्ड जीत सकते हैं। इसमें गैजेट्स और लाईफस्टाईल गिफ्ट होंगे। ग्राहकों को आकर्षक फाईनेंस विकल्प, 3 महीने के ईएमआई होलिडे, लोन पर 100 प्रतिशत ऑन रोड/साल/अवधि का लाभ भी मिलेगा।

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने भारत में प्रवेश करने के बाद अपना एक मजबूत और विस्तृत पोर्टफोलियो स्थापित कर लिया है, जो विभिन्न तरह के ग्राहकों को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, सुरक्षा और आधुनिक डिज़ाईन प्रदान करता है। एमजी विंडसर सबसे अधिक तेजी से बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है। आज तक इसकी 50,000 यूनिट्स बिक चुकी हैं। इसने कंपनी को भारतीय सड़कों पर 1 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का आँकड़ा पार करने में मदद की। एमजी के इलेक्ट्रिक और पेट्रोल एवं डीज़ल मॉडलों, जैसे हेक्टर, एस्टर, कॉमेट, जैडएस और ग्लॉस्टर ने कंपनी को भारतीय परिवारों के लिए कनेक्टेड, आरामदायक और सुरक्षित मोबिलिटी समाधान प्रदान करने वाले फ्यूचर-रेडी ब्रांड के रूप में स्थापित कर दिया है।

## इंडिया मारुति सुजुकी के साथ हो रहा है इलेक्ट्रिक



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), श्री पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा मारुति सुजुकी में, हम अपने ग्राहकों को सुखद ओनरशिप का अनुभव देने का प्रयास करते हैं ताकि कंपनी पर उनका भरोसा लम्बे समय तक बना रहे। आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुजुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है। सुजुकी की वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, हम कई ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं और इसे समर्थन देने के लिए हमारे डीलर और सीपीओ पार्टनर्स के साथ हमारा लक्ष्य 2030 तक पूरे भारत में 1 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स का नेटवर्क स्थापित करना है।

## शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया



शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया। यह स्लीक डिज़ाईन का विशाल स्मार्टफोन है, जिसमें 17.53 सेमी का आकर्षक डिस्प्ले दिया गया है। यह उन लोगों को पूरे दिन भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जो काम के बीच-बीच में मनोरंजन करना पसंद करते हैं।रेडमी 15सी 5जी के बारे में शाओमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अनुज शर्मा ने बताया, ''हम ऐसा स्मार्टफोन बनाना चाहते थे, जो यूज़र्स बहुत सुगमता से इस्तेमाल कर सकें। इसलिए रेडमी 15सी 5जी में हमने बड़ा और आकर्षक डिस्प्ले, पूरा दिन चलने वाली भरोसेमंद बैटरी और रिफाईंड रॉयल डिज़ाईन दिया है। यह प्रदर्शित करता है कि लोग किस प्रकार अपने स्मार्टफोन का उपयोग मनोरंजन, सीखने और काम करने के लिए करते हैं। भविष्य में हम रेडमी के अनुभव को भरोसेमंद बनाए रखेंगे और ऐसे स्मार्टफोन डिज़ाईन करेंगे, जो हमारे यूज़र्स की जरूरतों के अनुरूप हों।''रेडमी 15सी 5जी में 3डी क्वाड-कर्व्ड बैक के साथ एक स्लिम, पॉलिश्ड बॉडी दी गई है, जो संतुलित ग्रिप प्रदान करती है। इसमें एक विशिष्ट फ्लोटिंग क्रेटर कैमरा डिज़ाईन है। यह स्मार्टफोन मूनलाईट ब्लू, डस्क पर्पल और मिडनाईट ब्लैक में आती है।

### एसरी इंडिया ने तेजी से बढ़ रहे सैटेलाइट डेटा एनालिटिक्स बाजार में पांव पसारने के लिए भारत एनवी (ईएनवीआई) पेश किया

**नई दिल्ली।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के क्षेत्र में अग्रणी एसरी इंडिया ने जियोस्पैटियल इमेज प्रोसेसिंग एवं एनालिसिस सॉफ्टवेयर भारत ईएनवीआई लांच करने की आज घोषणा की। भारत ईएनवीआई÷की लांचिंग से इंडो आर्कजीआईएस यूज़र्स को विश्वस्तरीय रिमोट सेंसिंग और एनालिटिक्स क्षमता हासिल होगी जिससे वे बेहतर शासन और आर्थिक वृद्धि के लिए अधिक सूझबूझ के साथ निर्णय कर सकेंगे। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, भारत ईएनवीआई को पेश किए जाने से देश में जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी पारितंत्र मजबूत होगा। विभिन्न संगठनों के नियोजन, टिकाऊपन और राष्ट्रीय विकास के लिए तेजी से सैटेलाइट इमेजरी और रिमोट सेंसिंग पर निर्भर होने से भारत ईएनवीआई का एडवांस्ड एनालिटिक्स, इंडो आर्कजीआईएस की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा जिसका पूरे भारत में व्यापक इस्तेमाल किया जाता है। ईएनवीआई को सैटेलाइट, ड्रोन, लिडार, एसएआर, मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल सेंसर्स सहित विभिन्न स्रोतों से प्राप्त रिमोट सेंसिंग डेटा से कार्य योग्य अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए काफी समय से विश्वभर में एक अग्रणी सॉल्यूशन के तौर पर जाना जाता रहा है।

### सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया गैलेक्सी टैब A11+, मिलेगा काम करने, सीखने और मनोरंजन का स्मार्ट अनुभव

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज गैलेक्सी टैब A11+ लॉन्च करने की घोषणा की। यह ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को तेज एवं पावर-एफिशिएंट परफॉर्मेंस देने के लिए प्रमुख एआई क्षमताओं को पेश करता है, जो मल्टीटास्किंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। गैलेक्सी टैब A11+ में इंटेलिजेंट फीचर्स के साथ ही 11-इंच का शानदार डिस्प्ले और खूबसूरत मेटल डिजाइन दी गई है। गैलेक्सी टैब A11+ स्ट्रीमिंग और डिजिटल लर्निंग के लिए स्मूथ स्क्रॉलिंग और शानदार व्यूइंग अनुभव प्रदान करता है। डिस्प्ले को क्वाड स्पीकर और साथ डोल्बी एटमॉस सपोर्ट मिला है, जो मूवीज, म्यूजिक और ऑनलाइन लर्निंग के लिए समृद्ध, संतुलित ऑडियो देता है। डिवाइस में 3.5 एमएम ऑडियो जैक का सपोर्ट भी है जो उपयोगिता को बढ़ाता है। 8MP रियर कैमरा और 5MP के फ्रंट कैमरा क्लियर वीडियो कॉल्स, डॉक्यूमेंट स्कैनिंग और शार्प कंटेंट कैप्चर को संभव बनाते हैं। इससे छात्रों, क्रिएटर्स और परिवारों के लिए जुड़े रहना और उत्पादक बने रहना आसान हो जाता है।

### नथिंग फ़ोन (3ए) लाइट अब नए ब्लू कलर में उपलब्ध



**गुरुग्राम।** लंदन-बेस्ड टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने स्मार्टफ़ोन फ़ोन (3ए) लाइट की सेल 05 दिसंबर 2025 से शुरू होने की घोषणा की है। इंडिया लॉन्च के दौरान कंपनी ने क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ एक नया ब्लू कलर ऑप्शन भी पेश किया है। इस डिवाइस में नथिंग का सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिज़ाइन, 6.77 इंच का एमोलेड डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल मेन कैमरा जो ट्रूलेंस इंजन 4.0 से लैस है, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो चिपसेट और 5000 mAh बैटरी दी गई है। इस स्मार्टफ़ोन की कीमत 20,999 रखी गई है, जो बैंक डिस्काउंट के बाद 19,999 (8जीबी + 128जीबी वैरिएंट) में खरीदा जा सकेगा। फ़ोन (3ए) लाइट अब भारत में फ़्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और अन्य प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

## लखनऊ में रियल एस्टेट का भरोसेमंद नाम गोलडेन ब्रिक गोल्ड



**लखनऊ।** रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी पारदर्शिता, उत्कृष्ट सेवाओं और भरोसेमंद कार्यशैली के लिए जाना जाने वाला गोलडेन ब्रिक गोल्ड आज लखनऊ के सबसे विश्वसनीय नामों में शामिल है। कंपनी के डायरेक्टर्स स्यद फरमान अब्बास रिज़वी और रौनक शिकोह रिज़वी का कहना है कि उनका उद्देश्य ग्राहकों को सुरक्षित, लाभदायक और उच्च-स्तरीय प्रॉपर्टी विकल्प प्रदान करना है। गोलडेन ब्रिक गोल्ड ने बहुत कम समय में अपने क्वालिटी कंस्ट्रक्शन, समय पर डिलीवरी और ग्राहक संतुष्टि के चलते बाजार में एक मजबूत स्थान बनाया है। कंपनी लखनऊ और आस-पास के क्षेत्रों में लगातार नए प्रोजेक्ट्स लॉन्च कर रही है, जिससे ग्राहकों को आधुनिक सुविधाओं से लैस बेहतरीन निवेश अवसर मिल रहे हैं। गोलडेन ब्रिक का विज़न है हर ग्राहक को उसके सपनों का घर और सुरक्षित भविष्य देना।

## सोनालीका ने अप्रैल-नवंबर 2025 के बीच अब तक की सर्वाधिक 1,26,162 ट्रैक्टरों की कुल वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड दर्ज किया



**लखनऊ।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अप्रैल-नवंबर 2025 में 1,26,162 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ अब तक की सर्वाधिक वायटीडी बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। यह असाधारण प्रदर्शन सोनालीका के सशक्त नेतृत्व और भारत तथा वैश्विक परिदृश्य में कृषि मशीनीकरण को गति देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। बेहतर दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान तेज़ी से बड़े हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों पर निर्भर हो रहे हैं और सोनालीका का मज़बूत प्रदर्शन भारत में पारंपरिक खेती से तकनीक-आधारित कृषि की ओर तेज़ी से बढ़ते बदलाव का संकेत देता है। अगली पीढ़ी के प्लेटफ़ॉर्म, तकनीक और ताकतवर इंजनों द्वारा संचालित, सोनालीका के हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर दुनिया भर के 150 देशों में विभिन्न प्रकार की मिट्टी में ज़बरदस्त प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। बिक्री में यह उल्लेखनीय वृद्धि नई गति आधुनिक ट्रैक्टरों और उपकरणों के तेज़ी से बढ़ते उपयोग, अनुकूल सरकारी पॉलिसी और लगातार बेहतर होते एम एस पी ढांचे से प्रेरित है, जिससे किसानों में नई कृषि शैली अपनाने का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

### अबैकस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया अपना पहला इक्विटी फंड अबैकस फ्लेक्सी कैप फंड

**लखनऊ।** अबैकस म्यूचुअल फंड ने अपना पहला इक्विटी एनएफओ 'अबैकस फ्लेक्सी कैप फंड' लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश करेगी। एनएफओ 8 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर को बंद होगा। अबैकस फ्लेक्सी कैप फंड का उद्देश्य निवेशकों को लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि प्रदान करना है। इस योजना में 65 प्रतिशत से अधिक निवेश इक्विटी और इक्विटी-संबंधित साधनों में, 35 प्रतिशत तक डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में, तथा 10 प्रतिशत तक रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स में किया जाएगा। इस योजना का बेंचमार्क बीएसई 500 इंडेक्स (टी.आर.आई) इंडेक्स होगा। श्री वैभव चुग, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अबैकस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, ÷2025 के अधिकांश समय बाजार स्थिर रहे, लेकिन अब भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत जीडीपी वृद्धि, कम महंगाई, बड़े विदेशी मुद्रा भंडार और अनुकूल नीतिगत रुख के चलते सकारात्मक संकेत दिखा रही है। मजबूत मानसून, बेहतर कॉर्पोरेट कमाई, और घरेलू व संभावित विदेशी निवेश प्रवाह फ्लेक्सी कैप निवेश के पक्ष में हैं। ऐसे में यह रणनीति सही समय पर निवेश का अवसर प्रदान करती है। फंड का प्रबंधन अबैकस एएमसी के हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट्स एंड रिसर्च, श्री संजय दोशी द्वारा किया जाएगा। यह फंड रेगुलर और डायरेक्ट दोनों विकल्पों में उपलब्ध होगा। न्यूनतम निवेश राशि 500 रूपए होगी और इसके बाद निवेश 1 रूपए के मल्टीपल में किया जा सकेगा।

## मेटा, एमएसएमई मंत्रालय और इंडिया एसएमई फोरम छोटे व्यावसायों के लिए डिजिटल वृद्धि में तेजी लाने के लिए लॉन्च करेंगे एआई चैटबॉट

**नई दिल्ली।** मेटा ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) और इंडिया एसएमई फोरम के साथ साझेदारी में आज भारत के एमएसएमई को डिजिटल रूप से सक्षम और सशक्त करने के लिए एआई-संचालित चैटबॉट लॉन्च करने के अपने इरादे की घोषणा की। यह साझेदारी मेटा की आर्थिक सक्षमता के लिए एआई तैनात करने की प्रतिबद्धता को दिखाती है, जो डिजिटल इंडिया की सरकार की दृष्टि के अनुरूप है। चैटबॉट जो मेटा के लामा मॉडल द्वारा संचालित है और व्हाट्सएप पर उपलब्ध है - उद्यमियों को व्यक्तिगत, वास्तविक समय में सहायता प्रदान करेगा, जो सरकारी योजनाओं, अनुपालन, ऋण पहुंच, कौशल विकास, डिजिटल ऑनबोर्डिंग पर मार्गदर्शन सहित महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाएगा, जिससे एमएसएमई डिजिटल अर्थव्यवस्था में नेविगेट करने में सक्षम हो सकें। चैटबॉट कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा और वॉयस तथा टेक्स्ट-आधारित इंटरैक्शन क्षमताओं से लैस होगा, जो विविध क्षेत्रों में एमएसएमई के लिए समावेशन और पहुंच सुनिश्चित करेगा। इंडिया एसएमई फोरम ने आज एमएसएमई के लिए अपनी राष्ट्रीय डिजिशास्त्र पहल के एक वर्ष पूरे होने का भी जश्न मनाया, जो व्हाट्सएप द्वारा संचालित है, और देश भर में महत्वपूर्ण प्रभाव का उत्सव मनाया। एक मिलियन एमएसएमई को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लॉन्च की गई यह पहल अब तक 4,76,000 से अधिक उद्यमियों तक पहुंच चुकी है, जिसमें कार्यशालाओं, वेबिनारों और डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल्स की एक श्रृंखला शामिल है।

### नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा के ट्रेलर ने लोगों का दिल जीता

नेटफ्लिक्स पर सिंगल पापा का ट्रेलर रिलीज़ हुआ है। यह 30 वर्ष के गौरव गहलोत की कहानी है, जिनके लिए एडल्टिंग का मतलब है, अपने मम्मी पापा पर निर्भर रहना। यह कहानी तब तक ऐसे ही चलती रहती है, जब तक वो अपने भारतीय परिवार को यह कहकर चौंका नहीं देते हैं कि वो एक बच्चा गोद ले रहे हैं। इसके बाद शुरू होती है एक उथल-पुथल, एक सवाल कि क्या गौरव पापा बनने की चुनौती का सामना कर पाएगा? क्या वह अपने मजेदार और अजीबोगरीब खानदान के क्लेश और प्यार से निपट पाएगा? गौरव गहलोत का किरदार निभा रहे, कुणाल खेमू ने कहा, ''गौरव का किरदार निभाना मेरे करियर के सबसे बेहतरीन तजुर्बों में से एक है। यह किरदार बेदाग, मजेदार, और बहुत प्यारा है, बिल्कुल वैसे ही, जैसे कई सिंगल-पैरेंट होते हैं। मेरा मानना है कि इस शो में दर्शकों को अपना परिवार और अपनी खुद की छवि दिखाई देगी। इस शो का हर किरदार बहुत रोमांचक है, जिसने इसे बहुत खास बना दिया है। इस शो में मनोज पाहवा, प्राजक्ता कोली, आयशा रजा, नेहा धूपिया और दयानंद शेट्टी आदि मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## मिंत्रा का ईओआरएस-23 हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल डेस्टिनेशन, मिंत्रा की प्रमुख फैशन ईवेंट, एंड ऑफ रीज़न सेल (ईओआरएस) का 23वां संस्करण आज 5 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसमें 10,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और स्वदेशी ब्रांड्स के 6 मिलियन से ज्यादा स्टाईल्स उपलब्ध होंगे। इस बार ईओआरएस में ग्राहकों को हाई-क्वालिटी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल कलेक्शन 'प्राईस क्रैश' अभियान के अंतर्गत बेहतरीन मूल्यों में प्राप्त होगा।मिंत्रा के विशेष समुदाय को ईओआरएस-23 की आकर्षक डील वीआईपी-ओनली स्पेशल ऑफर, समर्पित वीआईपी वीकेंड बेनेफिट्स और अतिरिक्त लाभों के साथ प्राप्त होंगी।शॉपर्स तेजी से डिलीवरी पाना पसंद करते हैं, इसलिए मिंत्रा इस बार ईओआरएस के दौरान ग्राहकों को उनके ऑर्डर ज्यादा से ज्यादा तेजी से पहुँचाने वाला है। इसके लिए मिंत्रा ने अपनी सप्लाई चेन, लॉजिस्टिक्स और टेक्नोलॉजी को मजबूत बनाने में भारी निवेश किया है ताकि फुलफिलमेंट को ऑप्टिमाईज़ किया जा सके। इससे ग्राहकों को मिंत्रा की सुविधाजनक और भरोसेमंद डिलीवरी स्पीड के साथ ईओआरएस के पूरे फायदे मिल सकेंगे।ईओआरएस में इस बार जिन श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है, उनमें महिला और पुरुषों के एथनिक वियर, ज्वेलरी और ब्यूटी एवं पर्सनल केयर शामिल हैं, जिन्हें शादियों के मौसम में बढ़ती मांग से मदद मिलेगी। सर्दियों के मौसम और ईयर-एंड जश्न के कारण महिला और पुरुषों के कैज़्युअल वियर, पार्टी वियर, विंटर वियर और होम की मांग भी रहेगी। वॉच और वियरेबल, ट्रैवल एसेंशियल्स, स्पोर्ट्स फुटवियर, किड्स वियर और गिफ्टिंग की श्रेणियों में भी अच्छी मांग रहने की उम्मीद है।ईओआरएस के दौरान जिन ब्रांड्स के लिए मांग मजबूत रहेगी, उनमें एचएंडएम, मैंगो, लेवी, प्यूमा, नाइकी, एडिडास, गेस, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, बीबा लिबास, एचआरएक्स, अनौक, दिवास बाई मान्यवर, टॉमी हिलफिगर, एल्डो, रेयर रैबिट, हाउस ऑफ पटौदी, एलन सोली, एसिक्स, ट्रेंडयोल, लैक्मे, मेबेलीन, रॉग्न, मैक, क्लीनिक, एस्टी लॉडर, स्मैशबॉक्स, बॉबी ब्राउन, हुडा ब्यूटी, विक्टोरिया सीक्रेट, यवेस सेंट लॉरेंट, लैंकोमे और वैलेंटिनो, मसाबा, रितु कुमार, कल्कि फैशन सिग्नेचर, मोंटे कार्लो, रेमंड होम, बॉम्बे डाइंग आदि शामिल हैं।

## न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने पाम ऑयल, लेबल्स और रोज़ाना के न्यूट्रीशन पर मिथकों को तोड़ा



**मुंबई।** खाना पकाने के लिए कौन सा तेल वाकई सेहतमंद है, इसे लेकर बढ़ रही उलझन के बीच, मौजूदा पॉडकास्ट सीरीज़ भारतीयों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित चुनाव करने में मदद करना चाहती है। एक एपिसोड में न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने खाना पकाने के तेल को चुनने, लेबल पढ़ने और खाना बनाने की सुरक्षित प्रक्रियाओं को लेकर रोजमर्रा की चिंताओं को स्पष्ट किया है। ये एपिसोड घरेलू खाने की बातचीत को फैट, पोषण और भारतीय रसोई में पाम ऑयल की महत्वपूर्ण भूमिका पर सबूत-आधारित जानकारी से जोड़ते हैं। एपिसोड पर एक नज़र पहले एपिसोड में, साक्षी ने पाम ऑयल की बुनियादी बातें समझाईं। उन्होंने बताया कि यह एक प्लांट-बेस्ड ऑयल है, जो ऑयल पाम के फल से निकाला जाता है। वे बताती हैं कि पाम ओलिन प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त होता है, उच्च तापमान पर स्थिर रहता है, और इसमें विटामिन ई टोकोट्राइनॉल्स होते हैं, जबकि रेड पाम ऑयल में बीटा- कैरोटीन है - जो प्रोविटामिन ए का स्रोत है। वे पाम ऑयल के संतुलित फैटी एसिड मिश्रण पर जोर देती हैं (लगभग 50% संतृप्त, 40% मोनोअनसैचुरेटेड और 10% पॉलीअनसैचुरेटेड फैट्स) और उनका कहना है कि सेहतमंद भोजन खाना पकाने की स्मार्ट आदतें हैं, न कि किसी एक तेल को पूरी तरह हटा देना। अगले एपिसोड में, उन्होंने नो पाम ऑयल लेबलों की बढ़ती मौजूदगी पर चर्चा की और बताया कि ये टैग मुख्य रूप से मार्केटिंग से प्रभावित हैं, जो स्वस्थ होने का भ्रम पैदा करते हैं, वो भी वास्तविक पोषण मूल्य को दिखाए बगैर। वे श्रोताओं को सलाह देती हैं कि सामने के लेबल से आगे बढ़ें, सामग्री सूची जांचें, और समझें कि पाम ऑयल हटाने पर कौन से तेलों का इस्तेमाल हो रहा है। पाम ऑयल के बारे में क्या कहता है विज्ञान इस सीरीज में जोर दिया गया है कि संतुलित आहार का हिस्सा बनने पर पाम ऑयल में टोकोट्राइनॉल्स और कैरोटेनॉइड्स (रेड पाम ऑयल में) जैसे फायदेमंद कंपाउंड्स होते हैं, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स हैं। फूड साइंस बताती है कि पाम ऑयल उच्च तापमान पर स्थिर रहता है, ऑक्सीडेशन के प्रति रेजिस्टेंट है, स्वाद में न्यूट्रल है, इसकी शेल्फ लाइफ ज्यादा होती है, अन्य वनस्पति तेलों की तुलना में हानिकारक कंपाउंड्स बनने की संभावना कम है, और प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त है तथा इसमें पार्शियल हाइड्रोजनेशन प्रक्रिया की जरूरत नहीं पड़ती।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन



**लखनऊ।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में बैंकेबिलिटीज दिव्यांगजन की क्षमताओं पर विश्वास थीम के तहत एक विशेष समारोह प्रायोजित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2025 मनाया। यह पहल कर्मचारियों और समाज के एक बड़े वर्ग के बीच जागरुकता लाने, समावेशन की कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने और दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) के सशक्तिकरण की दिशा में बैंक द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

2.325 से अधिक दिव्यांग कर्मचारियों के साथ, जो बैंक के कुल स्टाफ संख्या के तीन प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते है, बैंक ऑफ बड़ौदा सुलभ कार्यस्थल, सहायक उपकरण, कस्टमाइज्ड भूमिकाएं और समान विकास के अवसर प्रदान करते हुए विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस कार्यक्रम में सुश्री बीना वाहिद, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्टाफ कर्मचारियों द्वारा एक जागरूकता नाटिका प्रस्तुत की गई तथा कुछ प्रेरक दिव्यांग शख्सियतों जैसे सुष्मिता बी बुबना, सीईओ, एसेंट नेटवर्क्स और संस्थापक मीडिया एंटरप्राइजेस-फैयदा तथा प्रेरणा ढोने, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, व्हीलचेयर बास्केटबॉल को सम्मानित किया गया।

## एज्युकनेक्ट एक्सपो 2025: एज्युकेटर्स और नॉलेज इन्फ्लुएन्सर्स के लिए भारत के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित शैक्षिक प्रदर्शनों में से एक



**मुंबई।** स्कूलों, शिक्षकों, नॉलेज क्रिएटर्सऔर स्कूलों को सामग्री आपूर्ति करने वाले वितरकों के लिए सबसे बड़े और प्रभावशाली मंचों में से एक एज्युकनेक्टएक्सपो 2025 का आयोजन भयंदर स्थित बालासाहेब ठाकरे मैदान में किया गया। लक्ष्मी बुक एंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित और वुडक्राफ्ट इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा परिकल्पित इस तीन दिवसीय एक्सपो को शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, शिक्षा क्षेत्र के दिग्गजों, डिजिटल क्रिएटर्सऔर अभिभावकों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला। इस समारोह का उद्घाटन हिंदी फिल्म उद्योग की वरिष्ठ अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी और एज्युकनेक्टएक्सपो के आयोजक शैलेश सालस्कर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भव्य प्रदर्शनियां, इंटरैक्टिव ज़ोन, कार्यशालाएं, पैनल चर्चाएं और विशेषज्ञ सत्र शामिल थे, जिनका मुख्य उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देना और भविष्य की शिक्षा को सक्षम बनाना था। 10,000 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति के साथ, एज्युकनेक्ट ने भारत के शिक्षा-केंद्रित आयोजनों में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। एक्सपो में एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन मार्केटर और पत्रकार आरती नोटियाल ने किया।

### टाटा प्ले बिंज ने टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की

टाटा प्ले बिंज ने टाईम्स नेटवर्क के डिजिटल ओटीटी प्लेटफॉर्म, टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत टाटा प्ले बिंज के ग्राहक टाईम्स प्ले के माध्यम से हॉलिवुड फिल्में, वेब सीरीज़, शॉर्ट वीडियो, पिकल बॉल और सीधा प्रसारण करने वाले 11 टीवी चैनल एक ही स्थान पर देख सकेंगे। टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को टाईम्स नेटवर्क पर मौजूद मनोरंजन, जीवनशैली, व्यापार और समाचार एक ही सदस्यता शुल्क में प्राप्त होंगे। वो मनोरंजन और समाचार के लिए रोमेडी नाउ, मूवीज़ नाउ, एमएनएक्स, एमएन+, ज़ूम, टाईम्स नाउ, टाईम्स नाउ नवभारत, ईटी नाउ, ईटी नाउ स्वदेश और पिकलबॉल नाउ जैसे प्रीमियम टीवी चैनल भी देख सकेंगे।टाईम्स प्ले पर प्रीमियम फिल्मों और सीरीज़, लघु फिल्मों और समाचार एवं समसामयिकी का विशाल संग्रह है, जो टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को ऐप या एकाउंट से बाहर निकले बिना एक ही जगह प्राप्त होगा।

### लेक्सस इंडिया ने अपना एसयूवी पोर्टफोलियो मजबूत किया, नया आरएक्स 'एक्सक्विज़िट' ग्रेड पेश किया

**नई दिल्ली।** लेक्सस इंडिया ने अपनी आरएक्स 350एच श्रृंखला में नया 'एक्सक्विज़िट' ग्रेड पेश किया है, जिससे लग्ज़री एसयूवी सेगमेंट में इस मॉडल की स्थिति मजबूत होगी। यह नई पेशकश ग्राहकों को ऐसे मोबिलिटी समाधान प्रदान करने की लेक्सस की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है, जो आधुनिक हाईब्रिड परफॉर्मेंस के साथ रिफाईंड डिज़ाईन और बेहतर कम्फर्ट प्रदान करते हों। नए आरएक्स 350एच एक्सक्विज़िट ग्रेड की एक्स-शोरूम कीमत 89,99,000 रुपये से शुरू होती है। यह मॉडल अनेक विकल्पों में कई फीचर्स के साथ आता है, ताकि ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुरूप एसयूवी विकल्प प्राप्त हो सकें। ये सभी मॉडल आधुनिक टेक्नोलॉजी और असाधारण कम्फर्ट प्रदान करने की लेक्सस की प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं।

## शिदिस्वा संवर्धन गुरुकुल में 22वें वार्षिक दिवस पर रोबोटिक्स और कोडिंग मेले का आयोजन



**बलिया।** शिदिस्वा संवर्धन गुरुकुल (एसएसजी) ने 29 नवंबर, 2025 को अपना 22वां वार्षिक दिवस शिक्षण, नवाचार और सामुदायिक भावना के प्रेरक प्रदर्शन के साथ मनाया। इस वर्ष के समारोह में प्रोद्योगिकी, रचनात्मकता और खेल उत्कृष्टता का बेहतरीन संगम देखने को मिला, जो ग्रामीण शिक्षार्थियों के लिए एक समग्र, भविष्य के लिए तैयार, शैक्षिक वातावरण बनाने के एसएसजी के विकसित होते मिशन को दर्शाता है।दो दशकों से अधिक के परिवर्तनकारी कार्य के उपलक्ष्य में, एसएसजी ने अपना पहला रोबोटिक्स और कोडिंग मेला आयोजित किया, जहां कक्षा 6-10 के छात्रों ने रोबोट, कोडिंग परियोजनाएं, एआई प्रोटोटाइप और इंजीनियरिंग मॉडल प्रस्तुत किए। मेले में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे स्कूल डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है और ग्रामीण बच्चों को व्यावहारिक, अनुभवात्मक गतिविधियों के माध्यम से स्टीम विषयों को सीखने का अवसर प्रदान कर रहा है।इस कार्यक्रम में यू इन यू के संस्थापक और ट्रस्टी तथा प्रधानमंत्री के कर्मयोगी भारत पहल के सदस्य, श्री पंकज बंसल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छात्रों के साथ बातचीत करने और उनकी परियोजनाओं का अवलोकन करने के बाद, उन्होंने कहा ग्रामीण परिवेश में युवा छात्रों को रोबोटिक्स, कोडिंग और एल्गोरिथम सोच के साथ इतने उत्साह से जुड़ते देखना वास्तव में प्रेरणादायक है।

## तंदूरी रोटी बनाने वाली भट्ठी में छिपाकर ले जाई जा रही विदेशी शराब की खेप बरामद

- उत्पाद विभाग का मेगा ऑपरेशन ने शराब माफिया की तोड़ी कमर
- यूपी के रास्ते बिहार में हो रही तस्करी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेशङ्किबिहार सीमा पर स्थित बलथरी चेकपोस्ट एनएच 27 पर उत्पाद विभाग की रिकॉर्डतोड़ कार्रवाई ने शराब माफियाओं की कमर तोड़ दी है। उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार झा कन्हैया के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को दिनभर चली छापेमारी में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई, जबकि तस्करी के हाईटेक तरीकों का भी खुलासा हुआ है। दोनों चरणों में हुई कार्रवाई में कुल तीन शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए तथा दो वाहन जब्त हुए।

सुबह चेकिंग के दौरान विभाग ने एक टाटा पिकअप वाहन को रोककर तलाशी लिया गया जिसमें 2600 पीस/468 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से दो तस्कर गिरफ्तार किए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि शराब की सप्लाई दिल्ली से बिहार के मुजफ्फरपुर के लिए भेजी जा रही थी और तस्कर इसे यूपी के रास्ते सुरक्षित पहुंचाने की रणनीति अपनाते थे। मामले का सबसे सनसनीखेज पहलू तब सामने आया जब पता चला कि तस्कर तंदूरी रोटी बनाने वाली भट्ठी के अंदर गुप्त तहखाना बनाकर शराब की पैकिंग और स्टोरेज करते थे। बाहर से भट्ठी सामान्य दिखाई पड़ती थी, लेकिन अंदर शराब सप्लाई नेटवर्क सक्रिय था।

विभाग की पहली कार्रवाई के तुरंत बाद जांच और कड़ी कर दी गई। जिसके दौरान दोपहर में अल्ट्रा ट्रेक ट्रक को रोका गया। जिसके बाद गहन जांच के दौरान 460 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस दौरान एक अन्य अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। शराब की अनुमानित बाजार कीमत लाखों में बताई जा रही है। पूरे गिरोह से जुड़े लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। सूत्रों के अनुसार, यूपी से होकर बिहार में शराब की सप्लाई करने वाले बड़े नेटवर्क, कमीशन एजेंट और ट्रांसपोर्ट लाइन तक विभाग पहुंचने की तैयारी में है। जल्द ही कई बड़े नाम बेनकाब होने की संभावना जताई जा रही है।

### क्या कहते हैं उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार झा



गोपालगंज उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार झा कन्हैया ने कहा कि एन एच 27 पर अब और भी कड़ी निगरानी की जाएगी। यूपी के रास्ते बिहार में शराब की तस्करी करने वालों पर लगातार करेक डाउन किया जाएगा। विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है और अभियान जारी रहेगा।

## 6 और 11 दिसंबर को क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे कृषि मंत्री



**देवरिया।** गुरुवार, 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के सीधावें गांव में स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके सामाजिक समानता और न्याय के संदेश पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे । इसी क्रम में 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे देवरिया धूस के कुर्मीपट्टी के महाराणा प्रताप इंटर कालेज में सांसद विधायक खेल कूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के माध्यम से जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने दी।

## साइबर पुलिस, एसओजी और बीएसएनएल की संयुक्त टीम ने सिमबॉक्स कॉल कन्वर्ज़न गैंग का किया पर्दाफाश

- एक गिरफ्तारी, भारी मात्रा में उपकरण बरामद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले की साइबर पुलिस, एसओजी और बीएसएनएल की संयुक्त टीम ने अंतरराष्ट्रीय कॉल को सिमबॉक्स तकनीक के जरिए लोकल कॉल में बदलने वाले बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके कब्जे से भारी मात्रा में सिमबॉक्स, सैकड़ों सिम कार्ड, एण्टीना, वाई-फाई राउटर, लैपटॉप और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब 03 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के रामगुलाम टोला में छापेमारी की। यहां से तेज नारायण सिंह पुत्र हंसनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया, जो मूल रूप से मईल थाना क्षेत्र के कुण्डौली गांव का निवासी है।

पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी दी। उसने बताया कि 2015 से 2022 तक वह मारिशस में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था, जहां उसकी मुलाकात दो बांग्लादेशी नागरिकों से हुई– जिन्होंने उसे सिमबॉक्स तकनीक के जरिए अंतरराष्ट्रीय कॉल को लोकल में बदलकर अवैध रूप से पैसा कमाने की तरकीब सिखाई।

मारिशस से लौटने के बाद आरोपी कोलकाता पहुंचा, जहां उसके संपर्कों ने उसे सिमबॉक्स और भारतीय सिम कार्ड उपलब्ध कराए। आरोपी ने अपने घर में पूरी तकनीकी सेटअप तैयार किया और इंटरनेट से जोड़कर सिमबॉक्स को सक्रिय कर दिया। उसके बाद विदेशी कॉल ङ्कह्रढ्ढक्क तकनीक के माध्यम से लोकल कॉल में परिवर्तित कर दी जाती थीं, जिससे सरकारी राजस्व की भारी क्षति होती थी तथा आरोपी आर्थिक लाभ कमाता था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना साइबर क्राइम देवरिया में बीएनएस की विभिन्न धाराओं, भारतीय बेतार तार यांत्रिकी अधिनियम, दूरसंचार अधिनियम और आईटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। तेज नारायण सिंह, निवासी रामगुलाम टोला, देवरिया। देवरिया पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय साइबर अपराधियों पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

## मामूली विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या, परिवार में मचा कोहराम

- गांव में शोक का माहौल, अनाथ हुए दो बच्चे, डेढ़ दशक पहले ही मां का हुआ था निधन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** पीपरपुर थानाक्षेत्र के दुर्गापुर के डिहवा गांव में गुरुवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब मामूली कहासुनी के बाद छोटे भाई ने बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया आरोपी युवक का व्यवहार लंबे समय से असामान्य है। गुरुवार की सुबह अचानक हुए विवाद में उसने बड़े भाई राकेश वर्मा (50) पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पीपरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। हत्यारे भाई की पुलिस तलाश कर रही है और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी जा रही है। मृतक के एक बेटे रोहित (25) और एक बेटी सोनम (30) हैं। लगभग 15 साल पहले ही उसकी पत्नी का निधन हो चुका था। दो बच्चे अनाथ हो गए हैं। परिवार पर एक और बड़ी त्रासदी टूट पड़ी है, जिससे पूरा गांव सदमे में है।

सीओ मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी युवक की मानसिक स्थिति और घटना के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है। घटना के बाद आरोपी युवक फरार है। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

## ऐतिहासिक होगा सांसद मिनी मैराथन- भूपेंद्र सिंह

- स्कूली बच्चे तिरंगे के साथ करेंगे मिनी मैराथन का स्वागत : पवन मिश्र

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** गुरुवार, सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत 6 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से बैतालपुर ब्लाक सभागार के गेट से प्रारम्भ होने वाले मिनी मैराथन(10 किमी) के लिए तैयारी बैठक ब्लाक सभागार, बैतालपुर में आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य भारत की 543 लोकसभा क्षेत्रो में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि द्वारा कराए जा रहे मिनी मैराथन से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद खेल स्पर्धा लोकसभा संयोजक/किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि मिनी मैराथन बालक और बालिका दोनों वर्गो में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सांसद देवरिया शशांक मणि द्वारा प्रथम विजेता बालक/बालिका को 11 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 51 सौ रुपये और तृतीय विजेता को 21 सौ रुपये के साथ दोनों वर्गों में 7 सांत्वना पुरस्कार 1100 रुपये नगद दिया जाएगा, साथ ही जिला खेल विभाग द्वारा प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान किया जाएगा। स्कूली बच्चे तिरंगे झंडे के साथ मिनी मैराथन का जगह-जगह स्वागत करेंगे। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय ने कहा कि बैतालपुर ब्लाक सभागार से प्रारम्भ होकर राजकीय पालीटेक्निक, पुरवा चौराहा, सुभाष चौक, जिलाधिकारी आवास, राजकीय इंटर कालेज, होते हुए स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही जिला स्टेडियम में सम्पन्न होने वाले मिनी मैराथन प्रतियोगिता में अधिक-अधिक ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभागी भाग ले।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण से आत्मविश्वास व सजगता की भावना का होगा विकास

- पंच एक्शन आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण से छात्राओं की शारीरिक क्षमता व त्वरित निर्णय कौशल मजबूत हुआ



बच्चों में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देते ट्रेनर

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना व उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को इस बात के लिए तैयार किया जाता है कि वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा कर सकें।

इसी क्रम में दुदही क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में जूनियर कक्षाओं (6-8)की किशोरी छात्राओं को आत्मरक्षार्थ पंच (मुक्केबाजी) का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को शरीर की चपलता, फुर्ती व लचीलेपन से जुड़े व्यावहारिक अभ्यास कराए गए, जिससे उनकी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में सुधार हुआ। खेल अनुदेशक अमित कन्नौजिया ने पंच एक्शन की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि आत्मरक्षा का पहला आधार आत्मविश्वास है, इसलिए प्रत्येक छात्रा को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहते हुए आवश्यक तकनीकों का नियमित अभ्यास करना चाहिए। प्रशिक्षण में छात्राओं को यह भी बताया गया कि सजगता, संतुलन, समय पर निर्णय और संयम ऐसी क्षमताएं हैं जो किसी भी कठिन परिस्थिति में उन्हें सुरक्षित रख सकती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल तकनीकी अभ्यास तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छात्राओं में आत्म अनुशासन, मानसिक मजबूती व सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना भी शामिल रहा। इस दौरान ज्योति, निभा, नीलू, रानी, बंधन, खुशी, ललिता, अलीशा, सोनी, अन्नू, ब्यूटी, सिंधु, मधु, निपू, शिल्पी, सूवी आदि मौजूद रहीं।

## जयंती पर याद किए गए प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद



बृजेश कुमार शुक्ल

**बस्ती।** वरिष्ठ चिकित्सक एवं साहित्यकार तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि देश को आजाद कराने और नव निर्माण में राजेन्द्र बाबू का सर्वाधिक योगदान रहा। संविधान के सृजन से लेकर प्रथम राष्ट्रपति के रूप में उन्होने देश को कठिन समय में जो दिशा दी थी, नई पीढी को उससे प्रेरणा लेनी चाहिये।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति और कबीर साहित्य सेवा संस्थान द्वारा कलेक्टेऊट परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती का आयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा और सामईन फारूकी के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार डा. रामकृष्ण लाल जगमग ने कहा कि बिहार की माटी से निकले राजेन्द्र बाबू को महात्मागांधी ने सदैव समान आदर दिया। उनके विचार, व्यवहार और सादगी का दूसरा कोई उदाहरण नहीं मिलता। साहित्य से उनका विशेष अनुराग था। कार्यक्रम में श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कि वे कुशल अधिवक्ता थे। अध्यक्षता करते हुये बटुकनाथ शुक्ल ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व, कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य रूप से त्रिभुवन प्रसाद मिश्र, संजीव पाण्डेय, सुशील सिंह 'पथिक', पेशकार मिश्र, सीताशरण, रविशंकर शुभम, रामजीत, डा. वाहिद सिद्दीकी, गणेश शंकर मौर्य, डा. अफजल हुसेन 'अफजल' शाद अली शाद, रामकेवल उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सचिवों ने जलती पट्टी बांध कर जताया विरोध

**देवरिया।** ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति, जनपद-शाखा देवरिया द्वारा सोमवार को सचिवों ने अपनी मांगों और कार्य परिस्थितियों के विरोध में अनूठा प्रदर्शन किया। सचिवों ने आज जलती पट्टी बांधकर अपनी नाराज़गी व्यक्त की और सरकार एवं विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।

समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा सचिवों को पहले से ही कई विभागों का अतिरिक्त कार्यभार दे दिया गया है, ऊपर से अब विभिन्न विसंगतियों और अनावश्यक दबाव का भी सामना करना पड़ रहा है। सचिवों ने आरोप लगाया कि सचिवालय संचालन में लगातार हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिसके कारण कार्य सुचारू रूप से करना मुश्किल होता जा रहा है। समिति के जिला अध्यक्ष ने बताया कि सचिवों से लगभग रोज़ 100-200 रुपये के खर्चे पर विभिन्न कार्य करने की उम्मीद की जाती है, जबकि इसके लिए कोई अतिरिक्त बजट उपलब्ध नहीं कराया जाता।

## नहीं रहे राजनीतिक पंडित और समाजसेवी प्रमोद शुक्ल, अमेठी में शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बस स्टेशन और? ददन सदन तिराहे पर शाम के समय राजनीतिक चर्चाओं के लिए मशहूर समाजसेवी व्यवसायी प्रमोद शुक्ल अब दुनिया में नहीं रहे।

समाजसेवी गल्ला व्यवसाई प्रमोद शुक्ल के निधन पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, व्यापारी और सामाजिक संगठनों तथा नगर के नागरिकों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रमोद शुक्ल मूल रूप से संग्रामपुर विकास खंड के बेलखरी गांव के निवासी थे।लम्बे समय से खेरौना में मकान बनाकर रहते थे।लम्बे समय से बीमार होने के कारण मंगलवार को निधन हो गया।

प्रमोद शुक्ल व्यापार के साथ जीवन भर समाजसेवा में भी ?लगे रहे।बस स्टेशन चौराहे और ददन सदन तिराहे पर शाम को उनकी बैठकी होती थी और लोग लम्बे समय तक राजनीति पर चर्चा करते थे। पिछले काफी दिनों से हालत गंभीर होने के कारण वे चौराहे पर नहीं दिखाई पड़े और सुबह उनके निधन की खबर आई। प्रमोद शुक्ल,बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव उपेन्द्र शुक्ल के बड़े भाई थे। निधन से अधिवक्ताओं के साथ नगर के लोग दुखी हैं ।बार एसोसिएशन में शोक प्रस्ताव आया और वकीलों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, सचिव अनिल तिवारी, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष शुक्ला, एडवोकेट मो कुद्दूस खां, धर्मेंद्र नाथ शुक्ल, पर्यावरण विद् डॉ अर्जुन पांडेय, डॉ नरेन्द्र मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीष मिश्र, माता प्रसाद शुक्ल, संतोष श्रीवास्तव, स्वामी नाथ शुक्ल, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, घनश्याम चौरसिया,बसपा के विधानसभा प्रभारी शमशेर बौद्ध, सपा नेता राजा सिंह, विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति, कवि और शिक्षक राम चन्द्र सरस, श्याम लाल,अमर सिंह, अरविंद सिंह कल्लू,शिव प्रसाद शुक्ल, पत्रकार राम कृष्ण मिश्र, मधुसूदन मिश्र, दिलीप कुमार, ललित कुमार, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी, महामंत्री सुशील जायसवाल, सभासद फूलचंद कसौंधन ,रवि प्रताप सिंह ने श्री शुक्ल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## सड़क हादसे में घायलों से मिले विधायक पी.एन पाठक, दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** गुरुवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने रविन्द्रनगर स्थित जिला अस्पताल पहुंचकर बीते कल पकवाइनार में सड़क हादसे में घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य संबंधित से घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और समुचित ईलाज के लिए कड़े निर्देश दिए।

बीते बुधवार को कुशीनगर में हुए सड़क हादसे पर विधायक पी.एन पाठक ने दुख व्यक्त किया और उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। हादसे में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

विधायक श्री पाठक ने जिले के अधिकारियों से वार्ता कर घायलों को बेहतर उपचार मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य फूलबदन कुशवाहा, राज, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, बिट्टू चौधरी, राकेश, सूर्यनाथ समेत संबंधित डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## 45 साल बाद मतदाता सूची ने कराया स्वजन से मिलाप

- अब मर जाने की उम्मीद थी, पर एसआईआर ले आया गांव
- मतदाता सूची साफ़ करने की प्रक्रिया ने एक बुजुर्ग को उसके गांव और परिवार से जोड़ा, जहां से उसका नाता दशकों पहले टूट गया था।
- यह कहानी है सरकारी दस्तावेज़ों के सख्त सत्यापन के पीछे छिपे मानवीय पहलू की



सिसवा गोपाल में अपनों से मिले तैयब, छलका आंसू

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले के सिसवा गोपाल गांव में एक भावुक पुनर्मिलन देखने को मिला। 45 साल बाद तैय्यब अंसारी अपने गांव लौटे और उनके आते ही स्वजन उनसे गले लिपट गए। यह मिलन संभव हुआ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वजह से, जिसने देश भर में करोड़ों लोगों के दस्तावेज़ सत्यापित किए हैं।

तैय्यब अंसारी साल 1980 में घर से नाराज़ होकर चले गए थे और फिर मुजफ्फरपुर, पंजाब, गुजरात होते हुए अंततः उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बस गए। गांव से उनका सम्पर्क पूरी तरह टूट गया था। आज वह अपनी दूसरी पत्नी मैरुन, बेटे इस्लाम और बेटी शाहिदा के साथ रहते हैं। तैय्यब ने अपनी भावनाओं को शब्द देते हुए कहा, ÷बुढ़ा हो चुका हूं, सोचा था मर जाऊंगा, लेकिन कभी गांव नहीं जाऊंगा।÷ आज वह न सिर्फ अपने गांव लौटे हैं, बल्कि अपने बच्चों को भी अपनी जड़ों से परिचित करा पाएंगे।

**देश के इन राज्यों में चल रहा है एसआईआर :** यह प्रक्रिया अभी देश के नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है। इनमें शामिल राज्य छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल जबकि केंद्र शासित प्रदेश अंडमान व निकोबार, लक्षद्वीप, पुडुचेरी शामिल है। बिहार में यह प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है, जहां 65 लाख नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए और 21.53 लाख नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया।

**एक प्रक्रिया, अनेक कहानियां:** तैय्यब अंसारी की कहानी एसआईआर जैसी बड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं का एक मानवीय और भावनात्मक पक्ष दिखाती है। जहां एक ओर इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करना है, वहीं दूसरी ओर यह बिछड़े हुए रिश्तों को जोड़ने का एक अनपेक्षित माध्यम भी बन सकती है।

### क्या है एसआईआर और क्यों लौटे तैय्यब?

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा चलाया जा रहा एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों से ग़लत, डुप्लीकेट या अयोग्य नाम हटाकर उन्हें सटीक और अप-टू-डेट बनाना है। इस प्रक्रिया में 5.33 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं और उनसे नए %गणना प्रपत्र% भरवा रहे हैं। तैय्यब अंसारी को भी शामली में रहते हुए इसी फॉर्म को भरने की ज़रूरत पड़ी, जिसके लिए उन्हें अपने मूल गांव के रिकॉर्ड का सहारा लेना पड़ा और इस तरह वह 45 साल बाद घर लौट आए।

### लोगों के मन में क्या हैं सवाल और आशंकाएं?

एसआईआर को लेकर कई लोगों के मन में भ्रम और चिंता है, खासकर यह सोचकर कि अगर नाम सूची से हट गया तो कहीं नागरिकता पर सवाल न खड़े हो जाएं।

**नागरिकता पर असर :** चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची से नाम हटना नागरिकता समाप्त होने का आधार नहीं है. दोनों अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं।

**नाम हटा तो क्या करें :** अगर किसी का नाम ड्राफ्ट सूची से हट जाता है, तो वह हमेशा की तरह फॉर्म भरकर दोबारा आवेदन कर सकता है

**दस्तावेज़ न हों तो :** जिनके पास 2002-03 की पुरानी सूची में नाम नहीं है, उन्हें अपने माता-पिता या दादा-दादी के रिकॉर्ड से लिंक करना होगा. अधिकारी सत्यापन के लिए अन्य दस्तावेज़ (जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल प्रमाणपत्र आदि) भी मांग सकते हैं।

## थर्ड कैटेगरी (नो मैपिंग) में पड़े नाम को बीएलओ एप पर रिवेरिफाई करते हुए प्रथम व द्वितीय कैटेगरी में डाले : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु अवशेष गणना प्रपत्रों के संग्रहण/डिजटाइजेशन, नो मैपिंग तथा ASD Electors के सम्बन्ध में उक्त कार्य में लगे समस्त उच्च अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुयी।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए गणना-प्रपत्रों के संग्रहण/डिजिटाइजेशन के साथ निम्न बिन्दुओं से सम्बन्धित कार्य किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवशेष फार्मो का डिजिटाइजेशन अगले 02 दिवस में पूर्ण कराने हेतु सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ ने ऐसे मतदाता का नाम जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता की सूची में है को थर्ड कैटेगरी (नो मैपिंग) में त्रुटिवश डाल दिया है, उन्हें बीएलओ एप पर रिवेरिफाई करते हुए प्रथम व द्वितीय कैटेगरी में डाला जाय, ,स्ठ द्द्यद्धह्लश्हह्य की जांच पुनः कर लें कि ऐसा कोई मतदाता जो वर्तमान की मतदाता सूची में है, उसे ASD category option से ईआरओ द्वारा ईसीआई नेट के माध्यम से रोल बैक करते हुए बीएलओ एप से सही किया जाना है, जिन-जिन बूथों पर 100 प्रतिशत कार्य हो गया है वहां पर बीएलओ द्वारा बीएलए के साथ मीटिंग करते हुए उन्हें,SD electors की सूची प्राप्त करा दें तथा ASD electors की death category की जांच कर लें कि कोई भी ऐसा व्यक्ति मतदाता सूची में न रह गया हो, जिसकी मृत्यु हो गयी है। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 310-बस्ती सदर तथा 311-महादेवा (अ0जा0) के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा उनके सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि अगले दो दिवस में 100 प्रतिशत गणना प्रपत्रों के संग्रहण का कार्य कर लिया जाय तथा ईसीआई नेट पर प्रदर्शित नो मैपिंग तथा ASD electors की सूची घटते हुए क्रम में जांच करते हुए रिवेरिफाई करा लें। यदि किसी भी मतदाता को गलत कैटेगरी में डाल दिया गया है तो रोल बैक करते हुए बीएलओ एप से ठीक कर लिया जाय तथा जिन बूथ लेवल अधिकारी विशेषतः महिला या दिव्यांग को किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत है तो उनके सहायक के रूप में अतिरिक्त तैनाती कर दी जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक के अन्त में उपस्थित समस्त अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य यथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की गंभीरता के दृष्टिगत् किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव निगम, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद का प्रयास लाया रंग बहराइच को मिली सौगात

■ बहराइच-जरवलरोड नई रेल लाइन का सर्वे पूरा, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में बहराइच-जरवल रोड के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन को लेकर एक बड़ी प्रगति सामने आई है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में जिले के सांसद डॉ.आनंद गोंड की ओर से बहराइच-जरवलरोड नई रेललाइन के सम्बन्ध में पूछे गये सवाल के जवाब में बताया कि 70 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बहराइच और जरवलरोड गोंडा जंक्शन के माध्यम से रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, लेकिन नई सीधी रेल लाइन के निर्माण से इस क्षेत्र को तेज, सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे यात्रा समय घटेगा और क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक व औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

केन्द्रीय रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि डीपीआर तैयार होने के बाद अब इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए राज्य सरकार सहित विभिन्न संबंधित विभागों से परामर्श, नीति आयोग की समीक्षा तथा वित्त मंत्रालय की मंजूरी जैसी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में रेल संपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए कई अन्य परियोजनाओं को भी मंजूरी दी जा चुकी है। इनमें बुढ़वल-जरवलरोड-गोंडा कचहरी चौथी लाइन (56 किमी), बुढ़वल-जरवलरोडद-गोंडा तीसरी लाइन (62 किमी), बाराबंकी-बुढ़वल तीसरी लाइन (27 किमी) और बहराइचद-खलीलाबाद 240 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन प्रमुख हैं।

सरकार ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में रेल विकास का स्वर्णिम दौर चल रहा है, जहां अब तक 49 रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है। इन परियोजनाओं पर कुल 62,360 करोड़ रुपये की लागत से 3,807 किलोमीटर लंबे रेल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है, जिससे राज्य में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत आधार मिल रहा है और यात्रियों को तेज, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

सरकार ने यह भी बताया कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश में रेलवे के बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2009 से 2014 के बीच रेल परियोजनाओं के लिए औसतन 1,109 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का आवंटन किया जाता था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर लगभग 19,858 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग 18 गुना वृद्धि को दर्शाता है। रेल मंत्री ने बताया कि 2009-14 की अवधि में प्रदेश में 996 किलोमीटर नई रेल लाइनों की कमीशनिंग हुई थी, जबकि वर्ष 2014-25 के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 5,272 किलोमीटर तक पहुंच गया है।

## अवैध असलाह सहित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त सोहेल को 01 अवैध असलहा एवं 02 जिन्दा कारतूस बरामदगी सहित गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा रात्रि गस्त एवं चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन के दौरान नया बाईपास से के0आई0ई0टी0 स्कूल के पास से 01 अभियुक्त सोहेल पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी मक्का कालोनी गली नम्बर 05 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त सोहेल के विरुद्ध थाना मक्खनपुर पर मु0अ0सं0 338/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चमन कुमार शर्मा थाना मक्खनपुर, उ0नि0 भूपाल सिंह, कां 1248 वीरेश कुमार, है0 कां0 861 अशोक कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

## कब्रिस्तान विवाद न्यायालय में पहुंचा

**शिकोहाबाद।** काजीटोला के पास कब्रिस्तान की भूमि को लेकर चला आ रहा विवाद न्यायालय में पहुंच चुका है। न्यायालय के आदेश पर अमीन ने बृहस्पतिवार को मौके पर आकर भूमि की नापजोख की है। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग भी मौजूद रहे। लगभग तीन माह पूर्व काजीटोला रोड पर कब्रिस्तान की भूमि को लेकर विवाद शुरू हुआ था। जिसमें एक दावेदार मेहराज अली ने अपने हिस्से की भूमि के लिए न्यायालय में वाद दायर किया था। निर्णय उसके पक्ष में आया था। इस कब्रिस्तान में से अपने हिस्से की भूमि पर कब्जा करने के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद प्रो रामजीलाल सुमन ने दूसरे पक्ष की ओर से प्रशासन पर आरोप एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। न्यायालय के आदेश के बाद मेहराज अली को उसके पक्ष का हिस्से पर प्रशासन ने काबिज करा दिया था। बृहस्पतिवार को न्यायालय की ओर से अमीन कब्रिस्तान पर पहुंचा। अमीन दीपक कुलश्रेष्ठ ने अपने साथ आए अन्य कर्मचारियों की मदद से भूमि की नापाजोख कराई। इस दौरान काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# मौरंग खदानों में रास्ते का विवाद बना बड़ा संकट, राजस्व प्रभावित

■ बिचौलियों की सक्रियता से बढ़ रही परेशानी , ग्रामीणो तक नही पहुंचता है रास्ते का पैसा

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जिले में संचालित भारी भरकम राजस्व देने वाली मौरंग खदानें इन दिनों लगातार रास्ते के विवाद से जूझ रही हैं। खनन पट्टा पास होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में ज़मीनों पर कब्ज़े और रास्ते को लेकर विवाद तेजी से बढ़ जाते हैं। कई बार मामूली रास्ते के मसले पर झगड़े, मारपीट और तनावपूर्ण स्थितियाँ तक बन जाती हैं, जिससे खदान संचालन प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौरंग खदान शुरू होने की खबर लगते ही बिचौलियों की सक्रियता बढ़ जाती है। वे खंड संचालकों पर दबाव बनाने और डराने-धमकाने का कुचक्र रचते हैं। कई बार तो खदान तक पहुँचने वाले रास्ते में पड़ने वाली एक ही ज़मीन का सौदा कई-कई लोगों से करना पड़ जाता है, जिससे विवाद और गहराता है। जिले के सांडी, खपटिहा, अमलोर, चरका, मरका, मरौली सहित कई खदान क्षेत्रों में यह समस्या स्पष्ट रूप से विकराल रूप ले रही है। यहाँ रास्ते को लेकर आए दिन तनातनी बढ़ती जा रही है और स्थानीयों के बीच तनाव कभी भी गंभीर रूप ले सकता है। खदान संचालकों का कहना है कि लगातार बढ़ते विवादों के कारण खनन कार्य बाधित होता है और राजस्व को भी नुकसान पहुँचता है। खनन से हर महीने सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है, इसके बावजूद मौरंग खदान संचालक सालभर रास्तों से जुड़े विवाद निपटाने में ही उलझे रहते हैं।

खंड संचालकों की मांग है कि खदानों की नीलामी करते समय खदान तक वाहनों की आवाजाही के लिए आवश्यक मार्ग सरकार द्वारा निर्धारित और उपलब्ध कराए जाएँ, ताकि खनन कार्य सुचारु रूप से चल सके और लगातार उत्पन्न हो रहे विवादों पर रोक लग सके। स्थानीय प्रशासन और सरकार पर अब यह सवाल खड़ा हो रहा है कि राजस्व के मजबूत स्रोत मानी जाने वाली मौरंग खदानों की सुरक्षा और सुचारु संचालन के लिए सड़क एवं मार्ग निर्धारण की ठोस नीति कब लागू होगी।

# जनपद में 21 दिसंबर को किया जाएगा राहगीरी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद में राहगीरी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने 21 दिसंबर 2025 को होने वाले राहगीरी कार्यक्रम की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। राहगीरी एक लोकप्रिय सार्वजनिक आयोजन है जिसमें शहरवासी सुबह वाहन-रहित सड़कों पर व्यायाम, खेल, संगीत और सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद में राहगीरी कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सीडीओ ने बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि राहगीरी एक जन-उन्मुख और पर्यावरण-हितैषी आयोजन है, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना, वाहन-रहित सड़कों को प्रमोट करना तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। यह आयोजन 21 दिसंबर 2025 को खिरनीबाग चौराहे पर प्रातः 6:30 बजे से 10:00 बजे तक संपन्न होगा, जहां इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का वाहन आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा और गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि राहगीरी को चार मुख्य जोन में विभाजित किया गया है–किड जोन, यूथ जोन, सिटीजन जोन तथा वृहद जोन–जहां अलग-अलग आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। किड जोन में वॉलीबॉल, खो-खो, पीटी, ताइक्कांडो जैसे खेलों का प्रदर्शन किया जाएगा, वहीं यूथ जोन में जुम्बा, डांस और विशेष गतिविधियों का आयोजन होगा। सिटीजन जोन में आर्ट, रंगोली, कार्टून, इन्फॉर्मेशन डेस्क सहित विभिन्न इंस्टॉल लगाए जाएंगे। वृहद जोन में योगा सत्र, हेल्थ कैंप, म्यूजिक एवं सिंगिंग, चाय पर चर्चा तथा गीता पाठ की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सीडीओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यक्रम की व्यापकता और अपेक्षित 2,000 से अधिक प्रतिभागियों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने प्रत्येक जोन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का पूर्व निरीक्षण करने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु पूरी रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, एआर कॉपरेटिव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दावे और आपत्तियों का निस्तारण 30 दिसम्बर को

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)-उप जिला निर्वाचन अधिकारी, विशु राजा ने सर्वसाधारण की जानकारी हेतु सूचित किया है कि अर्हता तिथि 01-11-2025 के आधार पर उ0प्र0 विधान परिषद आगरा-फिरोजाबाद खण्ड स्नातक-शिक्षक निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 02-12-2025 को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के आदेशानुसार सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर कर दिया गया है। जिसमें दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत) 02-12-2025 से 16-12-2025 तक है। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 30-12-2025 को किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06-01-2026) को होगा। उक्त के संबंध में आगरा-फिरोजाबाद खण्ड स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन सम्बन्धित पदाभिहित स्थलों-मतदेय स्थलों यथा ठा0 बीरी सिंह डिग्री कालेज, सिरसागंज व क्षेत्र पंचायत कार्यालय, अरांव तथा संबंधित तहसील स्तर पर स्थापित समस्त मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर 02-12-2025 को करा दिया गया है।

## बिजली बिल राहत योजना के तहत 100 प्रतिशत ब्याज माफ - अवधेशसिंह

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में 1 दिसंबर से बिजली बिल राहत योजना शुरू हो चुकी है विभाग द्वारा इसका जमकर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है सुहेली बिजली घर के जूनियर इंजीनियर अवधेश सिंह ने इस योजना का प्रचार प्रसार करते हुए क्षेत्र वासियों को बताया है कि इस योजना के तहत बकाया बिजली बिल पर 100 प्रतिशत ब्याज की छूट दी जा रही है इसी के साथ उन्होंने बताया कि बकाया बिल एक मुस्त जमा करने पर बकाया बिजली बिल के मूलधन में भी 25 प्रतिशत छूट पाई जा सकती है इसके लिए नियम और शर्तें लागू है अवधेश सिंह ने क्षेत्र वासियों से इस योजना का लाभ लेने के लिए नजदीकी बिजली विभाग के ऑफिस या संबंधित एसडीओ से संपर्क करने की अपील की है उन्होंने बताया सरकार ने इस योजना के तहत उन बकायेदारों को राहत देने के लिए भी मौका दिया है जो एक मुस्त बकाया बिजली बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं उनको किस्त के माध्यम से विजली विल जमा करने का प्रावधान है जो बकाया बिल की 500 से 750 रुपए प्रतिमाह किस्त बनवा सकते हैं उन्होंने बताया यह योजना तीन चरणों में चलेगी जिसका प्रथम चरण 1 दिसंबर से शुरुआत हो चुका है।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **26.12.2025 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01282025 दिनांक 03.12.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 28-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / कार्य / आलमबाग–पश्चिम के अनुभाग में आलमबाग पुलिस स्टेशन से लंगड़ा फाटक तक रेलवे रोड (कैरेज एवं वैगन वर्कशॉप रोड) के उन्नयन एवं सुधार का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 2,48,95,733.92 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,74,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 12.12.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.12.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3748/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश

# कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ गोशाईगंज, सुन्दर गोशाईगंज

Emall-npgoshainganj@gmail.com

पत्रांक- 521/न0पं0गो0-अयोध्या/निविदा/2025-26 दिनांक- 05/12/2005

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या सीमान्तर्गत वार्डो की जीआईएस आधारित मैपिंग, प्रॉपर्टी सर्वे यूआईडी संख्या आवंटन और ऑनलाइन संपत्ति कर प्रबंधन (कर निर्धारण, डिमांड जनरेशन, बिल प्रिंट, भुगतान, रिपोर्ट) प्रणाली हेतु ऑनलाइन बिलिंग सॉफ्टवेयर का कार्य कराया जाना है। जिसके हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड किया गया है। उक्त कार्य हेतु निविदा शुल्क रू. 1121/- मात्र ONLINE/NEFT/RTGS/NET BANKING के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत गोशाईगंज के नाम से एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाखा- गोशाईगंज, अयोध्या, खाता सं0-50100618539861, आई.एफ.एस.सी. कोड- HDFC0000862 में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क की प्रति एवं जमानत धनराशि निविदा दर का 2 प्रतिशत एफ0डी0आर0/डिमाण्ड ड्राफ्ट ई-निविदा प्रपत्र के साथ संलगन करना अनिवार्य है निविदा के संबध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य का लागत | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Conducting GIS survey and MIS work for the Nagar Panchayat Gosainganj Dist. Ayodhya | 950000/- | 19000/- | 1121/- | 2 माह |

ई-निविदा के सम्बन्ध में तिथि व समय निम्नवत् है-

| | |
|---|---|
| Defects liability period | 3 Year |
| Validity of Tender | 90 Days |
| Publishing start date of tender on NIC | 05.12.2025 from 01.00 PM |
| Document sale start date | 05.12.2025 from 01.00 PM |
| Document sale end date | 15.12.2025 Till 01.00 PM |
| Bid submission start date | 05.12.2025 from 01.00 PM |
| Bid submission end date | 15.12.2025 Till 01.00 PM |
| (i) Pre-Qualification Bid Opening date | 16.12.2025 from 10.00 AM |
| Bid Opening Place | Office of The E&ecutive officer Nagar Panchayat, Gosainganj, Ayodhya |

| Sr. no. | Work Description |
|---|---|
| 1 | Web based property Tax Information System including facility of Generating session wise tax and login for department and customer with MIS.<br>■ E-Demand Register<br>■ E-Notice<br>■ Payment through various methods |
| 2 | Design development of Android App for capturing location and image with house data collection |
| 3 | Integration of GIS map with developers applications through API |
| 4 | MEITY approved cloud server |
| 5 | Door to door survey for data collection |
| 6 | Web portal with online payment gateway integration facility |
| 7 | Domain name .in/org/.co for 3 years |
| 8 | SMS service transactional SMS as per TRAI guideline |
| 9 | Security audit |
| 10 | SSL certificate |

**नियम व शर्तें :-**

1. जीएसटी पंजीकरण एवं पैन की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां स्कैन करके निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. फर्म का पिछले तीन वर्ष का आयकर रिटर्न तथा अंतिम वर्ष का रिटर्न 01 करोड़ से कम न हो।
3. फर्म कम से कम 02 निकायों में ऑनलाइन टेक्सेशन का सफलता पूर्वक कार्य कर रही हो।
4. फर्म के पास कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
5. निविदा फर्म के पास डाटा विजुलाईजेशन एवं डाटा विश्लेषण सम्बन्धी प्रोजेक्ट कार्यान्वित करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। जिसका प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदाता फर्म के पास प्रोजेक्ट से सम्बंधित सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट में कम से कम दो सॉफ्टवेर इंजीनियर हों, जिसके पास कंप्यूटर साइंस में मास्टर डिग्री हो।
7. निविदाता फर्म के पास प्रोजेक्ट से सम्बंधित सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट में कम से कम एक प्रोजेक्ट मेनेजर हो, जिसके पास तकनीकी प्रबंधन में मास्टर डिग्री हो।
8. निविदादाता फर्म का उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड कार्यालय होना आवश्यक है। जिसका हलफनामा सबमिट करना अनिवार्य हैं।
9. निविदादाता फर्म को कम से कम एक राज्य या एक केंद्र नोडल एजेंसी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
10. डाटा सत्यापन उपलब्ध सॉफ्टवेर पर डाटा फीडिंग करते हुए बिल जनरेशन का कार्य निबिदादाता को करना होगा।
11. यदि सत्यापन में प्राप्त कराये गये डाटा तथा मौके की स्थिती में भिन्नता पाई जाती है, तो उसके लिए एजेंसी उत्तरदायी होगी।
12. आवेदक संस्था को किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी संस्था अथवा निगम अथवा लोकल बॉडी इत्यादि द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है आशय का हलफनामा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।
13. निविदादाता फर्म को UPLC में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
14. ऑनलाइन टैक्स एप्लीकेशन का रख रखाव तीन वर्ष तक सम्बन्धित फर्म को करना होगा।
15. फर्म ISO 9001:2015, ISO 27001:2022 एवं CMMI Level 3 प्रमाण पत्र से प्रमाणित होनी चाहिए।
16. निविदा के साथ संलग्न समस्त अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति सील बंद लिफाफे में निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यालय में जमा करानी होगा।
17. कार्य पूर्णता प्रतिशत (50%, 75% एवं 100%) के आधार पर भुगतान देय होगा। प्रत्येक बिल से 5 प्रतिशत सिक्योरिटी रोकी जायेगी। जो कार्य पूर्ण होने के एक वर्ष पश्चात् अवमुक्त की जायेगी। यदि कार्य पूर्ण होने के एक वर्ष के अन्दर कोई किसी प्रकार की समस्या से नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या को हानि होती है तो उसकी प्रतिपूर्ति प्रत्येक बिल से रोकी जाने वाली 5 प्रतिशत की धनराशि से की जायेगी।
18. तकनीकि बिड स्वीकृत होने के उपरांत ही वित्तीय बिड को खोला जायेगा, जिनकी तकनीकि बिड अस्वीकृत पायी जाएगी, उनकी वित्तीय बिड नहीं खोली जाएगी।
19. निविदादाता फर्म का रजिस्ट्रेशन EPFO तथा ESIC में होना अनिवार्य है एवं ESIC में कम से कम 10 कर्मचारिओं का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए तथा रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
20. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने एवं नियम/शतों/प्रतिबन्धों को शिथिल/संशोधित/निरस्ते करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, निविदा समिति, नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या में सुरक्षित है। इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई सुझाव अथवा अपत्ति मान्य नहीं होगा।
21. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
22. निविदाओं को निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा।
23. निविदादाता/ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, सेस या अन्य कोई कर (यदि कोई देय/लागू हो) की कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
24. अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
25. किये गये कार्य के अनुसार उक्त कार्य भुगतान का 75 प्रतिशत की धनराशि का भुगतान हाउस टैक्स से अर्जित होने वाली धनराशि से किया जायेगा एवं शेष 25 प्रतिशत राज्य वित्त से किया जायेगा।
26. कार्य पूर्ण होने के उपरान्त 6 माह तक सम्बन्धित फर्म द्वारा नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या से हाउस टैक्स की वसूली करना अनिवार्य होगा, एवं उक्त पोर्टल को संचालित करने का प्रशिक्षण नगर पंचायत गोशाईगंज कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर कर्मियों को देना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज,**
**अयोध्या।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत गोशाईगंज,**
**अयोध्या।**

# 35 जोड़ों की शादी करायी गई, जिसमें से पांच मुस्लिम जोड़े शामिल रहे

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम श्री बालाजी मण्डप में आयोजित कराया गया, जिसमें कुल 35 जोड़ों की शादी करायी गयी, जिसमें से 05 मुस्लिम जोड़े शामिल थे।

सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलानाओं अथवा काज़ी द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्में अदा कर करायी गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहे आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि जितने जोड़े आज विवाह के बन्धन में बंध रहे हैं पत्नी-पति का, पति पत्नी का सम्मान करें, घर के बड़े बुजुर्गो का सम्मान कर उनका भी आशीर्वाद लें जब आप एक दूसरे का सम्मान करेंगे तो समाज में आपका भी सम्मान होगा। उन्होने कहा कि सामूहिक शादियो के आयोजन ब्लाक स्तर पर कराये जायेगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्न्तगत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 1 लाख रू.की धनराशि स्वीकृत हैं जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 60, 000 हजार रू खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है, इसके साथ 25000 हजार रू0 का सामान दिया जाता है एवं 15000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप निदेशक कानपुर समाज कल्याण विभाग, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप तिवारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 निगाही परियोजना में सम्पन्न

**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को एनसीएल की निगाही परियोजना में अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 सम्पन्न हुई। 2 से 3 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से कुल 564 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 के दौरान पुरुष एवं महिला वर्ग में विभिन्न श्रेणियों जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10,000 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, समापन समारोह के दौरान महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) राजेश त्रिवेदी बतौर मुख्य अतिथि एवं श्रमिक संघ से जेसीसी सदस्य- सीएमएस से अजय कुमार यादव, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं महाप्रबन्धक, निगाही रणधीर सिंह, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में गुरूवार को जनपदीय पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति अभियान की नोडल क्षेत्राधिकारी डा चारू द्विवेदी ने बताया कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान पूरे जनपद में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपदी पुलिस अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों, कालेजों सहित सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संपर्क कर उन्हें जागरूक करने का काम किया। पुलिस टीम ने मातृशक्तियों को महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन फ्रॉड की पहचान, सोशल मीडिया सुरक्षा, गुड टच-बैड टच जैसे विषयों पर सरल एवं प्रभावी ढंग से शिक्षित किया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों मसलन 112, 1090, 1091, 181, 1930, 1076 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को प्रेरित किया गया कि किसी भी आपराधिक घटनाओं के बाद तत्काल उक्त हेल्पलाइन नंबरों पर निःसंकोच फोन कर शिकायत दर्ज करा सकती है। शिकायत प्राप्त होने के बाद तत्काल बाद त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर तमाम महिलाएं मौजूद रहीं। एक सवाल पर सीओ डा चारू द्विवेदी ने बताया कि जनपद के समस्त थानों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति टीम का गठन किया गया है। टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मी शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण अंचलों में पहुंच कर महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रही हैं। कहा कि समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस के लिए सर्वोपरि है।

## बैठक 06 दिसम्बर को

**सोनभद्र।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है की मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार निर्गत संशोधित समय सारिणी के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही गतिमान है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में अध्यक्ष / सचिव समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, जनपद सोनभद्र के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में 06 दिसम्बर 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है। उन्होंने बैठक में संबंधित को ससमय प्रतिभाग करने को कहा है।

## छात्राओं को गुड टच-बैड टच सहित सुरक्षा की जानकारी

**कुरारा।** श्री कंचन लाल इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार, बाल विवाह तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग की योजनाओं—कन्या सुमंगला, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप और निराश्रित महिला पेंशन—की भी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## डीबीए के प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी बने एड. अमित



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** नव निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने विगत दिनांक 2 दिसंबर की बैठक में पारित प्रस्ताव के क्रम में अपनी टीम का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से डीबीए के प्रचार प्रसार की कमान एडवोकेट अमित कुमार तिवारी को सौंपने का निर्णय किया है। डीबीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड. राजेश कुमार त्रिपाठी एवं महामंत्री एड. नितिन तिवारी ने संयुक्त रूप से अपने कार्यालय में श्री तिवारी को उनके जनपद की पत्रकारिता के क्षेत्र के बड़े अनुभव और डीबीए के प्रति कर्मठता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें डीबीए प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इसी क्रम में विश्व अधिवक्ता दिवस के शुभ अवसर पर सभी अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए डीबीए के अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा उन्हें डीबीए इटावा की ओर से आधिकारिक घोषणा के साथ प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीबीए इटावा से जुड़े सभी अधिवक्ताओं एवं उनके इष्टमित्रों ने उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं है।

## लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत की सफल तैयारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बैंक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनसामान्य की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय, कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बाजार, तहसील मुख्यालय व बैंकों जैसे व्यस्त क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें। निर्देश दिए गए कि विभिन्न विभागों व न्यायालयों में लंबित मामलों को चिह्नित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारण कराया जाए।

## रोजगार मेले में 37 अभ्यर्थी चयनित

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** केपी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 62 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 37 का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर से 05, पीपुल मंत्रा अहमदाबाद से 13, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर से 08 तथा केजीबीएस इंडिया प्रा. लि. गुड़गांव से 11 अभ्यर्थी शामिल हैं।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी 90 शिकायतें



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान लगभग 90 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय में गुणवत्तापपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निर्देश दिए गए कि एसडीएम, बीडीओ सहित सभी अधिकारी नियमित जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

## स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज के 131वें जन्मोत्सव पर श्रद्धांजलि सभा

**राठ (अवधनामा संवाददाता)** स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज के 131वें जन्मोत्सव पर उनकी समाधि स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम और महाविद्यालय के दंगल प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज और युवाओं से जुड़े विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने स्वामी जी के तप, त्याग और शिक्षा सेवा से भरे जीवन को प्रेरणा का स्रोत बताते हुए महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में नगर के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा, गुड टच/बैड टच, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत 1090 या 112 पर संपर्क करें।

## नीलगाय की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** तिलक समारोह से लौटते समय बाइक सवार तीन युवकों को नीलगाय ने टक्कर मार दी। हादसे में अंकित सोनी (27) की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घटना नेशनल हाईवे के पास गहबरा मार्ग पर हुई। घायल युवकों का उपचार जारी है। मृतक अंकित कस्बे में ज्वेलरी की दुकान चलाते थे और अविवाहित थे। परिजनों में शोक व्याप्त है।

## ट्रैक दोहरीकरण व नॉन इंटरलॉकिंग के कारण ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** झांसी-मानिकपुर सेक्शन में दोहरीकरण व नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई रेल सेवाएँ प्रभावित रहेंगी। 5 से 11 दिसंबर के बीच मानिकपुर-कानपुर सेंट्रल मेमो ट्रेनें निरस्त रहेंगी। कुछ ट्रेनें 30 से 60 मिनट की देरी से चलेंगी, जबकि कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोक-रोककर संचालन किया जाएगा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बीएलओ दीपक कुमार और काजी नईमुद्दीन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दोनों बीएलओ ने भाग संख्या 350 और 351 में शत-प्रतिशत कार्य पूरा किया है।

# आनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** आनलाइन उपस्थिति और फील्ड इंस्पेक्शन सिस्टम लागू किए जाने के विरोध में पंचायती विभाग के अधिकारियों ने ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के आह्वान पर गुरूवार को लगातार चौथे दिन भी विरोध प्रदर्शन किया। सदर ब्लाक परिसर में कर्मियों ने जिलाध्यक्ष अरुन सिंह, मनोज दुबे व ब्लाक अध्यक्ष पार्थराज के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर नारेबाजी किया। इसी तरत जिलाध्यक्ष अरुन कुमार के दिशा-निर्देश में जनपद के सभी ब्लाक परिसरों में भी कर्मियों ने आवाज बुलंद किया। कर्मियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या और संसाधनों की कमी के कारण मोबाइल एप आधारित उपस्थिति प्रणाली व्यावहारिक नहीं है। फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था परेशानी बढ़ाने वाली है और इससे कार्यो की गति प्रभावित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, ऐसे में आनलाइन हाजिरी लागू करना जमीनी वास्तविकता के विपरीत है। सदर ब्लाक अध्यक्ष पार्थराज सिंह ने कहा कि यह व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र की कार्यप्रणाली के अनुरूप नहीं है। विरोध कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि नई प्रणाली से फील्ड कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा और प्रशासनिक कार्य प्रभावित होंगे। आंदोलन के दौरान कर्मचारियों ने चरणबद्ध कार्यक्रम की घोषणा किया। बताया कि 5 दिसंबर से सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 10 दिसंबर को धरना व 15 दिसंबर से सभी विभागीय कार्यो का बहिष्कार किया जाएगा। चेतावनी दी कि यदि शासन स्तर से समाधान नहीं मिला तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह विरोध सरकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि जमीनी हकीकत और विभागीय जटिलताओं को सामने लाने के लिए है। मौके पर प्रीति पाठक, स्वेता गुप्ता, चांदनी गुप्ता, सगीता राव, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, पंकज मौर्या, अरुण चौधरी, सुरेश कुमार, संजय सिंह, सुजीत कुमार, शुभम आदि मौजूद रहे।

## सोनभद्र में जीबीसी-5.0 प्रगति की समीक्षा, 20,000 करोड़ लक्ष्य पर फोकस

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जी0बी0सी0 5ण्0 के लक्ष्य प्राप्ति एवं प्रगति कार्यो की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक किये। बैठक में उन्होंने कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5ण्0 ;जीबीसी-5.0 हेतु शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य 20000 करोड़ के सापेक्ष जनपद के विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से वार्ताकार लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान पूर्व के वर्ष में हुई प्रगति की भी गहनता पूर्वक समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि राज्य को 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए निवेश प्रोत्साहन एवं परियोजना क्रियान्वयन हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5-0 (GBC-5.0) का आयोजन माह दिसम्बर,2025 में प्रस्तावित है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 जी0बी0सी0 5.0 के लक्ष्यों का निर्धारण विभागवार एवं जनपरवार किया गया है। दोनों स्तरों पर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दियें गये।

# जिला बार एसोसिएशन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ़ बढ़ाया कदम

- जिलाधिकारी से मिले डीबीए के पदाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



बुधवार को जिलाधिकारी से मिलने जाते डीबीए, इटावा के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी एडवोकेट, महामंत्री नितिन तिवारी एडवोकेट, पदाधिकारी व अधिवक्तागण।

**इटावा।** कचहरी में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी महामंत्री नितिन तिवारी सहित पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने एक साथ मिलकर गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की और लिखित शिकायत करते हुए सहायक श्रम आयुक्त की संपत्ति की जांच करवाने की मांग की है। जिलाधिकारी को सौंपे मांग पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि इटावा में तैनात सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह एक भ्रष्ट अधिकारी है। उपरोक्त अधिकारी के समक्ष कर्मकार क्षतिपूर्ति सम्बन्धी पत्रावलियाँ विचाराधीन चल रही हैं, शिकायती प्राथना पत्र में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि उक्त पत्रावलियों में आदेश पारित करने के लिये अनैतिक रूप से अधिवक्ताओं से सुविधा शुल्क की मांग की जाती है जो अधिवक्ता उक्त अधिकारी को सुविधा शुल्क देने में असमर्थता जाहिर करता है, उन अधिवक्ताओं के साथ उक्त अधिकारी अभद्र व्यवहार करते है। उक्त मामले की शिकायत को लेकर बुधवार दिनांक 03.12.2025 को समय करीब दोपहर 03:00 बजे जब जनपद के अधिवक्तागण उक्त अधिकारी कुलदीप सिंह के कार्यालय में गये तो उक्त अधिकारी ने सभी अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा धमकी देने का आरोप भी लगाया। बताया गया है कि उक्त भ्रष्ट अधिकारी की धमकी का सम्पूर्ण वीडियो अधिवक्ताओं द्वारा रिकॉर्ड किया गया है जिससे उक्त अधिकारी की कार्यशैली से सभी अधिवक्ताओं के गौरव एवं गरिमा को ठेस पहुँची है। उक्त अष्ट अधिकारी अधिवक्ताओं द्वारा जो प्रार्थना पत्र दिये जाते है, उन्हें भी नहीं लेते है और उन्हें फेंक देते है और विधि विरुद्ध मनमाने ढंग से पत्रावलियों में मनमाने आदेश पारित कर खारिज कर अधिवक्ताओं को हैरान व परेशान करते है। जिलाधिकारी से डीबीए के पदाधिकारियों ने न्याय हित में उक्त भ्रष्ट अधिकारी के सेवा आचरण व कार्यशैली एवं चल अचल सम्पत्ति की जाँच विजिलेंस से कराया जाने की मांग भी की है। इस मौके पर सभी जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बलिया नाला की दुर्दशा देख संयुक्त टीम के अधिकारियों ने



**अवधनामा संवाददाता**

**म्योरपुर/सोनभद्र।** म्योरपुर ब्लाक के विभिन्न स्थानों पर बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने एनसीएल दुद्धिचुआ खदान क्षेत्र के साथ अन्य जगहों पर स्थलीय निरीक्षण कर पानी का सैंपल लिया। सहायक पर्यावरण अभियंता जे.एन तिवारी, जल निगम के अधिशासी अभियंता ग्रामीण अरुण सिंह के साथ राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र यादव और वन विभाग की टीम एस.के दुबे, आरके पांडेय व एनसीएल प्रबंधन के लोग मौजूद रहे। एनसीएल दुद्धिचुआ खदान के ईटीपी, हनुमान मंदिर स्थित नाला, जयंत बार्डर स्थित नाला, बलिया नाला, तेलगवां बॉर्डर पर बह रहा नाला के साथ शिवाजी नगर नाला का निरीक्षण कर पानी का सैंपल लिया गया। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने बलिया नाला स्थित कोयला मिश्रित दूषित पानी पर गहरी चिंता जतायी। जनहित याचिकाकर्ता सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के रामेश्वर प्रसाद व अशोक ने आरोप लगाते हुए कहा कि खदान क्षेत्र का गंदा दूषित पानी सीधे रिहंद जलाशय में छोड़ा जा रहा है। जिससे लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। बताया कि वर्ष 2018 में टैक्सोंलॉजिकल लैब स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक 7 साल बीतने के बावजूद स्थापित नहीं हो सका जो चिंता का विषय है। बलिया नाला में पहले ही दूषित पानी की पुष्टि बोर्ड ने हलफनामा के साथ एनजीटी को दी है, लेकिन सुधार नहीं हो रहा।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

- 26 खेलों में 266 बच्चों की भागीदारी, 72 प्रतिभागी सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट के क्लस्टर हेड समीर नायक और मानव संसाधन के क्लस्टर हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्षन तथा सी.एस.आर. हेड अनिल झा के नेतृत्व में महिला मण्डल उच्च प्राथमिक विद्यालय मे वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया । दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना गीत प्रस्तुत कर वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर म्युजिकल चेयर, टाई नॉटिंग गेम, क्रोकाडाइल रेस, स्नेक रेस, एप्पल बनाना सेक रेस, मेमोरी रेस, खो-खो, इन-आऊट गेम, फीलिंग वॉटर इन बॉटल, बुक बेलेंसिंग, बकेल बॉल, रस्सी कूद दौड़, स्पून मार्बल रेस, ट्राई लेग्स रेस, टेल स्नेचिंग, बैलुन बैलेंसिंग विथ पार्टनर, रेडी फॉर स्कुल, टॉफी रेस, ज़िग-ज़ैग रेस, एनीमल वॉक, कलर रेस एवं फ्रॉग रेस जैसे कुल 26 खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें एल.के.जी. से कक्षा 8वीं तक 266 बच्चों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सी.एस.आर. अधिकारी शुभाशीष चक्रवर्ती, प्रदीप सोनी एवं रमाकांत शर्मा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के सभी षिक्षक-षिक्षिकाओं ने विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी पांडे के नेतृत्व में प्रतिभागी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं प्रतिस्पर्धा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। रोमांचकारी खेल प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह के साथ अपना श्रेष्ठ कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें कुल 72 बच्चों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खेल प्रतिस्पर्धा में सफल प्रतिभागियों तथा विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि हिण्डाल्को अकाउंट्स के विभागाध्यक्ष मनीष महेश्वरी, विद्यालय के अध्यक्ष एवं सी.एस.आर. हेड. अनिल झा तथा विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 28 विद्यार्थियों तथा विद्यालय में अधिकतम उपस्थिति वाले 9 विद्यार्थियों को आयोजित सम्मान समारोह के दौरान पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही वार्षिक खेल प्रतियोगिता में 72 सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मनीष महेश्वरी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रतिभावान एवं विजेता विद्यार्थियों की प्रशंसा किया।

# भारत के पास रिसर्च के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की अपार संभावनाएँ हैं: प्रो. विनय

**वहाज अली निहाल**

**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई में गुरूवार को प्रथम रिसर्च शोकेस एंड ओरेशन 2025 का बुधवार को भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) विनय पाठक, कुलपति छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ.) सोनिया नित्यानंद, कुलपति किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ.सविता अग्रवाल, एसोसिएट डीन (रिसर्च) ने विश्वविद्यालय में संचालित शोध गतिविधियों, उपलब्धियों और चल रहे रिसर्च प्रोजेक्ट्स का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय के फैकल्टी व छात्रों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और विश्वविद्यालय द्वारा 50 से भी अधिक पेटेंट कराया जा चुका है। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज (NCDs) पर केंद्रित शोध भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इंटरडिपार्टमेंटल रिसर्च कोलैबोरेशन को और मजबूती देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने रिसर्च स्कॉलर्स के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर इनसेंटिव एवं स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा भी की। गेस्ट ऑफ ऑनर पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ.) सोनिया नित्यानंद ने स्टेम सेल अनुसंधान में अपने असाधारण कार्य पर आधारित लेक्चर प्रस्तुत किया। इस क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। उनका संबोधन विद्यार्थियों एवं युवा शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत प्रेरक सिद्ध हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.)विनय पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के पास रिसर्च के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की अपार संभावनाएँ हैं और आने वाले वर्षो में अपना देश अमेरिका व चीन जैसे देशों को भी पीछे छोड़ सकता है। उन्होंने यूपीयूएमएस में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा चिकित्सा शिक्षकों व छात्रों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए गए उत्कृष्ट शोध प्रोजेक्ट, क्लीनिकल इनोवेशन, पब्लिक हेल्थ स्टडीज और तकनीकी नवाचारों का वृहद प्रदर्शन किया गया। उच्च स्तरीय शोध करने वाले और पेटेंट प्राप्त करने वाले संकाय सदस्यों को विशेष सम्मान भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य, शोधकर्ता एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह ऐतिहासिक आयोजन कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के दूरदर्शी, नवाचार-उन्मुख एवं शोध-केंद्रित नेतृत्व का परिणाम है, जिसकी बदौलत यूपीयूएमएस चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए मानक स्थापित कर रहा है।



यूपीयूएमएस, सैफई में पहला रिसर्च शोकेस एंड ओरेशन 2025 सफलतापूर्वक संपन्न

# बांग्लादेशियों को ढूंढने निकलीं मेयर

- लखनऊ की बस्ती में मारा छापा, 15 दिन में शहर छोड़ने का अल्टीमेटम



### गाड़ियां और ठेलिया की गई जब्त

जांच के दौरान वहां खड़ी अवैध 50 ठेलिया को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी वाहनों को तत्काल कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही दो टाटा मैजिक वाहन जिनका उपयोग अवैध रूप से कूड़ा ढोने में किया जा रहा था उन्हें भी जब्त किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को आदेश दिया कि इन वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाए और इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए नियमित निगरानी रखी जाए।

### अवैध बिजली कनेक्शन काटने का निर्देश

महापौर ने मौके पर ही बिजली विभाग के एसडीओ को भी बुलाया और क्षेत्र में लगे सभी अवैध बिजली कनेक्शनों को तत्काल काटने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना किसी वैध अनुमति के बिजली का उपयोग गंभीर अपराध है और यह सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की पहचान को लेकर बृहस्पतिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल शंकरपुरवा वार्ड की बहादुरपुर बस्ती में छापा मारा। इस दौरान उन्होंने कड़ी पूछताछ वहां रहने वालों से की। कई अपने दस्तावेज भी नहीं दिखा पाए लेकिन मौके पर कोई बांग्लदेशी या रोहिंग्या पकड़ा नहीं गया। जो पहचान का प्रमाण नहीं दिखा पाए उनको महापौर ने 15 दिन का अल्टीमेटम शहर छोड़ने के लिए दिया है। बुधवार सुबह जैसे ही महापौर का काफिला क्षेत्र में पहुंचा। वहां रहने वाले कई बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या युवक मौके से भागते नजर आए जबकि कई महिलाएं अपनी झोपड़ियों में छिपने लगीं। महापौर ने सभी से आधार कार्ड, एनआरसी प्रमाण पत्र और अन्य वैध दस्तावेज मांगे गए लेकिन अधिकांश कोई भी पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। इस पर महापौर ने वहां मौजूद अवैध बांग्लादेशियों एवं रोहिंग्या से सख्त लहजे में कहा कि उन्हें केवल 15 दिन का समय दिया जा रहा है। इस अवधि में यदि वह वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें क्षेत्र पूरी तरह खाली करना होगा। महापौर ने कहा कि शहर में बिना पहचान और बिना अनुमति किसी भी विदेशी को रहने नहीं दिया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले 15 दिनों तक क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाए। समय-समय पर जांच अभियान चलाया जाए ताकि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या दोबारा यहां बसने न पाएं। महापौर ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## विश्व मृदा दिवस पर किसानों से मृदा जांच कराने की अपील

**लखनऊ।** पांच दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मृदा जांच अवश्य कराएँ। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मृदा मानव स्वास्थ्य, प्रकृति और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमारे भोजन की गुणवत्ता निर्धारित करती है और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी की जांच से हमें पता चलता है कि कौन से पोषक तत्व आवश्यक हैं, जिससे किसान अंधाधुंध उर्वरक के प्रयोग से बच सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य को बचाए रखने के लिए हमें संतुलित मात्रा में खाद और उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए और फसल चक्र अपनाना चाहिए। यह सावधानियां भविष्य में न केवल उत्पादन की लागत को कम करेंगी बल्कि जमीन की उर्वरता को भी लंबे समय तक सुरक्षित रखेंगी।

# कर्बला अजमतुद्दौला में मना उम्मुल वफ़ा का मातम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मादरे हज़रत अब्बास (अ.स ) हजरत उम्मुल बनीन (स) की शहादत की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को इदारा ए गुलदस्ता ए क़ासिम (अ.स) की ओर से कर्बला अजमतुद्दौला मेहदीगंज में एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना रहमत हुसैन नक़वी ने खिताब किया। मजलिस का आग़ाज़ कारी वफ़ा अब्बास तिलावते कलाम-ए-पाक से किया जबकि पेशख्वानी सरवर दबीरी ने व सोजख्वानी हादी हसन जैदी ने की। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि जनाबे उम्मुल बनीन (स.अ) एक ऐसी महान महिला हैं, जिनका नाम इस्लामी इतिहास में वफ़ादारी, क़ुर्बानी और बुलंद अख़लाक़ की पहचान के रूप में हमेशा ज़िंदा रहेगा। आपका असली नाम फ़ातेमा बिन्ते हेज़ाम था, लेकिन उम्मुल बनीन के लक़ब से आप मशहूर हुई। यह लक़ब इस बात की गवाही देता है कि आपने अपनी ज़िंदगी और औलाद को इस्लाम और अहलेबैत की खिदमत के लिए समर्पित कर दिया। आप अरब के एक बहादुर और शरीफ़ क़बीले से ताल्लुक रखती थीं और अपनी शराफ़त, बहादुरी और इंसानियत के लिए मशहूर थीं। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नौहख्वानी की। इसी तरह अजाखाना अबुलफजलिल अब्बास हसन पुरिया में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन ग़म खारे जैनब ने नौहाख्वानी करके शहजादी की शहादत का गम मनाया। इसी क्रम में इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में आज तीसरी मजलिस को मौलाना सदफ जौनपुरी ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि जनाबे उम्मुल बनीन ने अपनी औलाद की परवरिश बहादुरी, वफ़ादारी और हक़ के रास्ते पर चलने की तालीम के साथ की। ख़ासतौर पर हज़रत अब्बास (अ.स.) की बे मिसाल वफ़ादारी और क़ुर्बानी आपकी बेहतरीन तर्बियत का नतीजा थी।

- इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में महिलाओं की मजलिस आज

इमामबाड़े उम्मुल बनीन में महिलाओं की मजलिस 5 दिसंबर को शाम 4 बजे जाकिरा डॉ. नसीम सुबूही खिताब करेंगी। मजलिस के बाद शहजादी के ताबूत की जियारत कराई जायेगी। मजलिस के बाद महिलाओं के लिए दस्तरखान होगा। इसी दिन सुबह 10 बजे मौलाना हैदर अब्बास रिजवी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिसों का आयोजन अंजुमन उम्मुल बनीन ने किया है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**लखनऊ।** पारा के विक्रम नगर ओवरब्रिज के पास बृहस्पतिवार सुबह सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को राहगीरों की मदद से तत्काल लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक सुबह करीब साढ़े नौ बजे लगभग 60 वर्षीय बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार में आ रहे वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि वाहन और चालक का पता लगाया जा सके। मृतक की पहचान के लिए उसकी तस्वीर आसपास के थानों और सोशल मीडिया ग्रुपों में भेजी गई है। पुलिस का कहना है कि पहचान होते ही परिजनों को सूचना दी जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा योजनांतर्गत मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश, देश में अव्वल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रोजगार सृजन हेतु वार्षिक भौतिक लक्ष्य 2000 लाख मानव दिवस के सापेक्ष अब तक 1768.81 लाख मानव दिवस सृजित किए गए हैं। मानव दिवस सृजन में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है ।वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश ने रु. 6598.89 करोड़ की धनराशि व्यय की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश ने 47.76 लाख परिवारों को रोजगार दिया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह मनरेगा अभिसरण (कन्वर्जेंस) के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों के लिए लाइन विभागों की प्रभावी सहभागिता व फील्ड स्तर पर अभिसरण की आवश्यकता के दृष्टिगत ठोस कदम उठाए जाएं और मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत प्रगति बढ़ाई जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि संबंधित विभाग पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत कराए जाने वाले कार्यों को समय से पूरा करके हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा के तहत जिन श्रमिकों ने 90 दिन मनरेगा में कार्य किया है, उन्हें बीओसीडब्ल्यू बोर्ड (श्रम विभाग) में पंजीकरण कराते हुए श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए। मनरेगा की राज्य स्तर पर जनपदों के साथ बुधवार को आयोजित हुई समीक्षा बैठक में भी आयुक्त, ग्राम्य विकास जी0एस0 प्रियदर्शी द्वारा मानव दिवस सृजन पर विशेष फोकस करने को कहा गया।

# फैमिली आईडी के आधार पर स्वत: मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

- बिना आवेदन स्वतः तय होगी पात्रता
- पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान




### पायलट परीक्षण 5 जिलों में शुरू होगा

यह नई पेंशन प्रणाली सबसे पहले अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती जिलों में पायलट आधार पर लागू की जाएगी। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों को 30 दिनों के अंदर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वृद्धजन इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

### फैमिली आईडी सोशल सेक्टर को दिखाएगा दीर्घकालिक राह

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को सम्मानजनक पेंशन सुनिश्चित की जाए। फैमिली आईडी सोशल सेक्टर को दीर्घकालिक राह दिखाएगा। प्रदेश के लाखों वृद्धजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में सुधार करते हुए पेंशन भुगतान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व सरल बनाया है। अब पात्र वृद्धजन की पहचान और सत्यापन फैमिली आईडी-'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः किया जाएगा, जिससे पेंशन बिना देरी सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचेगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने सभी सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि फैमिली आईडी आधारित चिह्निकरण और सत्यापन प्रक्रिया को संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए, ताकि प्रदेश का कोई भी पात्र वृद्धजन पेंशन पाने से वंचित न रहे। नई व्यवस्था के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। फैमिली आईडी में मौजूद आयु और परिवार के विवरण से स्वतः पता चल जाएगा कि कौन-कौन पेंशन के लिए पात्र हैं। इसके अलावा, जो लोग अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूरे करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में अपने-आप जुड़ जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि लाभार्थियों की सहमति मोबाइल एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर पेंशन की स्वीकृति औ डीबीटी के जरिए भुगतान समय पर सुनिश्चित करें। नई व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र जांच, संदिग्ध सूची तैयार करना, गलत भुगतान रोकना और डेटा की नियमित समीक्षा जैसे विशेष कदम लागू किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या दुरुपयोग की संभावना न रहे। मृतक या अपात्र लाभार्थियों के मामलों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश भी दिए हैं।

# जनाबे उम्मुल बनीन की शहादत की पूर्व संध्या पर मजलिस आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अबुल फजलिल अब्बास की वालिदा (माता) जनाबे उम्मुल बनीन की शहादत की पूर्व संध्या पर इदारए गुलदस्तए कासिम की ओर से मेहदीगंज स्थित कर्बला अजमतउद्दौला बहादुर में मजलिस हुई। मजलिस का आगाज कारी वफा अब्बास ने तिलावते कलामे पाक से किया, जिसके बाद मौलाना रहमत हुसैन नकवी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना जनाबे उम्मुल बनीन की सीरत और फजीलत बयान की। मौलाना ने कहा कि उम्मुल बनीन ऐसी महान महिला हैं जिनका नाम इस्लामी इतिहास में वफादारी, कुर्बानी और बुलंद अख्लाक की पहचान के तौर पर हमेशा जिंदा रहेगा। जनाबे उम्मुल बनीन आपका उपनाम था, जबकि नाम फातिमा बिन्ते हेशाम था। आपका उपनाम इस बात की गवाही है कि आपने अपनी जिदंगी और औलाद को इस्लाम और अहलेबैत की खिदमत के लिए समर्पित कर दिया। आप अरब के एक बहादुर कबीले से ताल्लकु रखती थीं और अपनी शराफत, इंसानियत के लिए मशहूर थीं। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। सआदतगंज के हसनपुरिया स्थित अजाखाना अबुल फजलिल अब्बास में हुई मजलिस को मौलाना मोहम्मद अस्करी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गमख्वारे जैनब ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। मंसूर नगर स्थित इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में अंजुमन उम्मुल बनीन की ओर से हुई मजलिस को मौलाना गुलाम हुसैन सदफ जौनपुरी ने खिताब किया। मौलाना ने जनाबे उम्मुल बनीन के बेटे जनाबे अब्बास का जिक्र करते हुए कहा कि हजरत अब्बास की बहादुरी, वफादारी और कुर्बानी आपकी बेहतरीन तरबियत का नतीजा थी। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में शुक्रवार शाम 4 बजे महिलाओं की मजलिस होगी, जिसे जाकिरा डॉ. नसीम सुब्ही खिताब करेंगी। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत कराई जाएगी।

## नन्द बाबा दुग्ध मिशन के लिए 50 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने डेयरी विकास के तहत नन्द बाबा दुग्ध मिशन के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में दूसरी किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में दुग्ध विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन को निर्देशित किया गया है कि योजनाओं के तहत चयनित लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि का आंकलन, निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुरूप, मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन की ओर से किया जाएगा। योजनावार और जनपदवार चयनित लाभार्थियों का विवरण अनुदान प्रदान किये जाने के बाद शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य/मद के लिए पूर्व में राज्य सरकार या किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है। न ही यह काम किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में शामिल है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुमोदित परियोजना/प्रस्ताव राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों गाइडलाइंस और नियमों के अनुसार किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने एसआइआर की प्रगति का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 द्वारा विधानसभा-172 लखनऊ उत्तर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करते हुए गणना प्रपत्रों का कलेक्शन और फीडिंग की प्रगति का जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने लायंस राजधानी विद्यालय त्रिवेणी नगर अलीगंज के बूथ 132, 133, 134, 135, 136, 137, 138, 139, 140, 141, 142 एवं ब्राइटलैंड इंटर कालेज के बूथ संख्या 147, 148, 149, 150, 151 एवं 152 का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात उन्होंने निरीक्षण करते हुए गणना प्रपत्र के कलेक्शन और फीडिंग की प्रगति का जायज़ा लिया। बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) द्वारा अवगत कराया की मतदाताओं द्वारा विधिवत रूप से भरे गए गणना प्रपत्र को बीएलओ के पास वापस जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वे फॉर्म भरने में मतदाताओं को आने वाली किसी भी शंका या संदेह का तत्काल समाधान करें। साथ ही ईआरओ को निर्देशित किया कि सप्लाई इंस्पेक्टर, एडीओ पंचायत, कोटेदार को बीएलओ के साथ फील्ड में लगाकर गणना प्रपत्रों का कलेक्शन कराना सुनिश्चित किया जाए।

## प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग की सारी इकाइयां भंग

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन आसिफ जमा रिजवी ने विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी, मण्डल अध्यक्ष व जिला-शहर की सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। आसिफ जमा ने कहा कि सभी इकाइयों के निवर्तमान पदाधिकारी अगली नियुक्ति तक अपने पदों पर कार्यवाहक के रूप में काम करते रहेंगे। इसी के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य और इलाहाबाद और लखनऊ खण्डपीठ के न्याययोद्धा पूर्व की भांति अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। आसिफ जमा रिजवी गुरुवार को प्रदेश मुख्यालय में विभाग के पदाधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सम्बोधित कर रहे थे। विभाग के प्रशासन प्रभारी शैलेश त्रिपाठी के संचालन में हुई बैठक में विभाग के संगठन प्रभारी अनस खान मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सोशल मीडिया प्रभारी अमानुर्रहमान एडवोकेट ने 14 दिसम्बर को दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली रैली में कांग्रेस विचारधारा से जुड़े अधिवक्ताओं को शामिल होकर रैली को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने पदाधिकारियों से कांग्रेस विचारधारा के अधिवक्ताओं को रैली में शामिल होने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सोमेश त्रिपाठी, आई.पी. सिंह, राजेश विद्यार्थी, कादम्बिनी लाल श्रीवास्तव, मनीष यादव, मयंक श्रीवास्तव, राजाराम रावत, अनुज दुबे, मनोज कुमार मिश्रा सहित विभाग से जुड़े अधिवक्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

# घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की हत्या



नीलमा श्रीवास्त, मृतक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जानकीपुरम में बुधवार तड़के बदमाशों ने घर में अकेली रह रही बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। घर में बिखरे सामान से लूटपाट के विरोध में हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह गला कसना आई है। खूनी लुटेरे नीलिमा के घर की पृष्ठभूमि से पूरी तरह वाकिफ थे। पुलिस की जांच पड़ताल और खोजी कुत्ता से मिले सुराग के आधार पर पुलिस के आलाधिकारी लुटेरों के लिए मुखबरी करने वाले भेदिए की तलाश में जुट गए हैं। जानकीपुरम क्षेत्र के सेक्टर आई जानकी विहार स्थित युनाइटेड सिटी में रहने वाली बुजुर्ग महिला नीलिमा श्रीवास्तव के लिए मंगलवार रात काली रात साबित हुई। पति और बेटे की मौत के बाद से घर में अकेले रह रहीं नीलिमा श्रीवास्तव के घर के आसपास रहने वाले लोगों की मानें तो यहां ऐसा वाकया कभी नहीं गुजरा। यही वजह है कि वारदात में पुलिस अधिकारी इसी नतीजे पर कयास लगा रहे हैं कि घटना किसी करीबी ने कराई है। पड़ोसी उर्मिला के मुताबिक़ वह तड़के 4:30 बजे उठीं तो देखा नीलिमा के घर का गेट खुला था। उर्मिला के पति सुबह 6:30 बजे बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तब भी गेट खुला दिखा। वह पड़ोसी दीपू के साथ घर में दाखिल हुए। नीलिमा भीतर वाले कमरे में जमीन पर पड़ी थीं। उनके चेहरे और गले पर खरोंच के निशान हैं। बदमाश बड़े आसानी से आए और सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। उन्हें यह भी मालूम था कि यहां नीलीमा श्रीवास्तव अकेली रहतीं हैं। वहीं जांच-पड़ताल में जुटे पुलिस अफसरों का कहना है कि बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीमें अलग-अलग दिशाओं और बिन्दुओं पर गहनता से छानबीन कर रही हैं।

# मिर्ज़ा मो. अतहर ने खिताबत से दिया भाईचारे का पैगाम: दानिश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पुराने लखनऊ के नक्खास पुलिस चौकी के पास, ख़ातिब-ए-अकबर मरहूम मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर के नाम पर स्थापित गेट का उद्घाटन राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ,मौलाना यासूब अब्बास , टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फ़ज़्ले मन्नान ,पार्षद लईक आगा ने किया । इस अवसर पर , ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहंदी नक़वी, लखनऊ शाही टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फ़ज़्लूल मन्नान रहमानी, शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव एवं प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास, फखरुद्दीन अली अहमद कमेटी के पूर्व अध्यक्ष तूरज ज़ैदी साथ बड़ी संख्या में शिया धर्मगुरु उपस्थित रहे। राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने युवाओं व सामाजिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण बातें करते हुए कहा कि मौलाना यासूब अब्बास की जब भी उनसे भेंट होती है मौलाना समुदाय के युवाओं की बेरोजगारी, क़ौम की बेहतरी, वक्फ संपत्तियों की हिफ़ाज़त, मोहर्रम जुलूसों के सुचारू संचालन के लिए बेहतर सुझाव देते हैं उन्होंने कहा कि मिर्ज़ा मोहम्मद अतहरने पूरे विश्व में अपनी ख़ुतिबत से लोगों को इंसानियत और भाईचारे का पैगाम दिया जो आज भी हमारे लिए नसीहत है। टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फ़ज़्लूल मन्नान रहमानी ने कहा कि मरहूम मिर्जा मोहम्मद अतहर के नाम पर गेट बनना बड़ी गौरव की बात है। मौलाना यासूब अब्बास ने सभा को संबोधित करते हुए सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। मौलाना यासूब अब्बास ने नगर निगम से गेट पास कराने तथा मजदूरों और योजना में योगदान देने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने ख़ासतौर से लोकप्रिय पार्षद लईक़ आग़ा छनमन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मैं दिल की गहराई से पार्षद लईक़ आग़ा छनमन का क़ौम के साथ-साथ अपने परिवार की ओर से धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमारे वालिद और क़ौम के दिलों में बसने वाले अज़ीम ख़तीब व आलिमे दीन मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर साहब के नाम से इस भव्य द्वार का निर्माण कराया जो बरसों तक हमारे समुदाय के सामने निशानी के तौर पर मौजूद रहेगा।

इस मौक़े पर डॉ0 मीसम मुबारक, शिया धर्मगुरु मौलाना जाफ़र अब्बास, मौलाना रज़ा अब्बास, मौलाना इन्तिज़ाम हैदर, मौलाना मोहम्मद मुस्लिम, मौलाना शरर नक़वी, मौलाना सैय्यद फ़सी हैदर मुज़फ्फरनगर, मौलाना अली जाफर, मौलाना सदफ जौनपुरी, प्रिंसिपल शिया कॉलेज प्रो0 शबीहे रज़ा बाक़री, प्रोफेसर मिर्ज़ा मोहम्मद अबु तय्यब, मिर्ज़ा फिरोज़ अब्बास, नवाब कल्बे हसन औरंगाबाद, नसरैन प्राधान सुल्तानपुर, हैदर अब्बास चांद बनारस, अब्बास शिराज़ी बनारस, मौलाना हसन मीरपुरी, हसन मेहंदी झब्बू, सीनियर सहाफ़ी ज़हीर मुस्तफा, प्रिंस इक़बाल मिर्जा पार्षद कामरान बेग, पार्षद गुलशन, पूर्व पार्षद राजू ग़दीरी, पार्षद शफ़ीक़ उर्रहमान चचा, पार्षद पंकज पटेल, एडवोकेट शहजाद अब्बास, अध्यक्ष व्यापार मंडल पप्पु, लखनऊ की अंजुमन हाय मातमी के ज़िम्मेदाराना अराकीन, धार्मिक संगठनों के गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में समुदाय के लोग मौजूद रहे।

डैबल कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन

सेक्टर–15, इंदिरा नगर, लखनऊ – 226016

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.)

कॉलेज कोड: 290047

सत्र 2025 में अल्पसंख्यक संस्थान के अन्तर्गत

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि | 24.11.2025 (अपराह्न से) |
| 2. | ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 15.12.2025 |
| 3. | ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 16.12.2025 |
| 4. | पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि | 18.12..2025 |

ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे ।

प्रवेश हेतु संपर्क करें मो0– 9170097775, 9369843509

वेबसाइट– www.dcte.org.in

नोट– आरक्षित अभ्यर्थियों हेतु विशेष छूट